# वार्षिक रिपोर्ट
# ANNUAL REPORT
## 2024-25

# BEYOND BANKING, ENABLING LIVES

ਧਓ ਸ਼੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**Punjab & Sind Bank**
(A Govt. of India Undertaking)

*Where service is a way of life*

## निदेशक मंडल / Board of Directors

श्री स्वरूप कुमार साहा / Sh. Swarup Kumar Saha
एमडी एवं सीईओ / MD & CEO

श्री रवि मेहरा / Sh. Ravi Mehra
कार्यपालक निदेशक / Executive Director

श्री राजीवा / Sh. Rajeeva
कार्यपालक निदेशक / Executive Director

सुश्री एम जी जयश्री
Ms M G Jayasree
भारत सरकार नामित निदेशक
GOI Nominee Director

श्री विवेक श्रीवास्तव
Sh. Vivek Srivastava
आरबीआई नामित निदेशक
RBI Nominee Director

श्री शंकर लाल अग्रवाल
Sh. Shankar Lal Agarwal
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक
Part-Time Non-Official Director
(11.04.2025 से) / (w.e.f 11.04.2025)

श्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता
Sh. Rajendra Prasad Gupta
शेयरधारक निदेशक
Shareholder Director

# विषय-सूची


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1. उल्लेखनीय तथ्य | 2 |
| 2. निदेशक मण्डल | 3 |
| 3. एमडी एवं सीईओ का वक्तव्य | 4 |
| 4. नोटिस | 15 |
| 5. निदेशक मण्डल की रिपोर्ट | 33 |
| 6. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट | 43 |
| 7. कंपनी अभिशासन रिपोर्ट | 47 |
| 8. वित्तीय विवरणियां: | |
| स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 86 |
| तुलन-पत्र | 97 |
| लाभ-हानि खाता | 99 |
| अनुसूचियाँ | 101 |
| नकदी प्रवाह विवरण-पत्र | 173 |


# Contents


| | Page No. |
|---|---|
| 1. Highlights | 2 |
| 2. Board of Directors | 3 |
| 3. MD & CEOs Statement | 9 |
| 4. Notice | 175 |
| 5. Director's Report | 198 |
| 6. Secretarial Audit Report | 211 |
| 7. Corporate Governance Report | 215 |
| 8. Financial Statements: | |
| Independent Auditors' Report | 254 |
| Balance Sheet | 267 |
| Profit & Loss Account | 269 |
| Schedules | 271 |
| Cash Flow Statement | 349 |


*Basel III disclosures and Business Responsibility and Sustainability Report can be viewed on the Bank's Website https://punjabandsindbank.co.in/. Shareholders(s) interested in obtaining a physical copy of the Business Responsibility and Sustainability Report may write to the Company Secretary of the Bank.*

*In this Annual Report, in case of any discrepancy found in the Hindi translation, the English version will prevail.*

# उल्लेखनीय तथ्य / Highlights

राशि करोड़ में / Rupees in crore

| | | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखाओं की संख्या / Number of Branches | 1,610 | 1,564 | 1,537 |
| 2 | एटीएम की संख्या / Number of ATMs | 1,047 | 1,033 | 835 |
| 3 | चुकता पूंजी / Paid-up Capital | 7,095.59 | 6,777.79 | 6,777.79 |
| 4 | आरक्षित निधियां / Reserves | 6,259.17 | 8,755.64 | 8,330.72 |
| 5 | कुल व्यवसाय / Total Business | 2,29,379.01 | 2,05,374.03 | 1,90,647.22 |
| 6 | जमाएं / Deposits | 1,29,774.02 | 1,19,409.55 | 1,09,665.49 |
| 7 | सकल अग्रिम / Gross Advances | 99,605.00 | 85,964.47 | 80,981.73 |
| 8 | सकल निवेश / Gross Investments | 47,693.89 | 50,667.61 | 45,464.33 |
| 9 | कुल आय / Total Income | 13,048.94 | 10,915.45 | 8,932.69 |
| 10 | कुल व्यय / Total Expenditure | 10,974.02 | 9,784.51 | 7,482.75 |
| 11 | परिचालन लाभ / Operating Profit | 2,074.92 | 1,130.94 | 1,449.94 |
| 12 | निवल लाभ / (निवल हानि) / Net Profit / (Net Loss) | 1,015.83 | 595.42 | 1,313.03 |
| 13 | प्रति इक्विटी शेयर लाभांश / Dividend per Equity Share | 0.07 | 0.20 | 0.48 |
| 14 | आस्तियों पर प्रतिफल (%) / Return on Assets (%) | 0.67% | 0.41% | 0.98% |
| 15 | सकल एनपीए अनुपात (%) / Gross NPA Ratio (%) | 3.38% | 5.43% | 6.97% |
| 16 | निवल एनपीए अनुपात (%) / Net NPA Ratio (%) | 0.96% | 1.63% | 1.84% |
| 17 | पूंजी पर्याप्तता अनुपात / Capital Adequacy Ratio | 17.41% | 17.16% | 17.10% |
| 18 | सामान्य इक्विटी टीयर 1 पूंजी / CET 1 Capital | 15.59% | 14.74% | 14.32% |
| 19 | प्रावधान कवरेज अनुपात / PCR | 91.38% | 88.69% | 89.06% |
| 20 | निवल ब्याज मार्जिन (निम) / Net Interest Margin | 2.85% | 2.45% | 2.91% |
| 21 | ऋण जमा अनुपात / Credit Deposit Ratio | 76.75% | 71.99% | 73.84% |
| 22 | लागत-आय अनुपात / Cost to Income Ratio (%) | 61.23% | 72.16% | 62.95% |
| 23 | निवल मालियत / Net Worth | 10,945.42 | 7,835.78 | 6,785.94 |
| 24 | प्रति शेयर बही मूल्य / Book Value Per Share | 15.43 | 11.56 | 10.01 |

## निदेशक मंडल / Board of Directors

श्री स्वरूप कुमार साहा / Sh. Swarup Kumar Saha
एमडी एवं सीईओ / MD & CEO

श्री रवि मेहरा / Sh. Ravi Mehra
कार्यपालक निदेशक / Executive Director

श्री राजीव / Sh. Rajeeva
कार्यपालक निदेशक / Executive Director

## निदेशक / Directors

श्रीमती एम जी जयश्री / Smt. M G Jayasree
भारत सरकार नामित निदेशक / GoI Nominee Director

श्री विवेक श्रीवास्तव / Sh. Vivek Srivastava
आरबीआई नामित निदेशक / RBI Nominee Director

श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता / Sh. Rajendra Prasad Gupta
शेयरधारक निदेशक / Shareholder Director

श्री शंकर लाल अग्रवाल / Sh. Shankar Lal Agarwal
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक / Part-Time Non-Official Director
(11.04.2025 से) / (w.e.f 11.04.2025)

## मुख्य सतर्कता अधिकारी / Chief Vigilance Officer

श्री अरुण अग्रवाल / Sh. Arun Aggarwal

## मुख्य महाप्रबंधक / Chief General Managers

श्री प्रवीण कुमार / Sh. Parveen Kumar
(01.06.2025 से) / (w.e.f 01.06.2025)

श्री राजेश सी पांडे / Sh. Rajesh C Pandey
(01.06.2025 से) / (w.e.f 01.06.2025)

## महाप्रबंधक / General Managers

श्री पंकज द्विवेदी
Sh. Pankaj Dwivedi
(25.06.2025 से)/(w.e.f 25.06.2025)

श्री गोपाल कृष्ण
Sh. Gopal Krishan

श्री राजेन्द्र कुमार रैगर
Sh. Rajendra Kumar Raigar

श्री गजराज देवी सिंह ठाकुर
Sh. Gajraj Devi Singh Thakur

श्री चमन लाल शीहमार
Sh. Chaman Lal Shienhmar

श्रीमती रश्मिता क्वात्रा
Smt. Rashmita Kwatra

श्री मनोज कुमार
Sh. Manoj Kumar

श्री नीलेन्द्र के. प्रभात
Sh. Nilendra K Prabhat

श्री विनोद कुमार पाण्डेय
Sh. Vinod Kumar Pandey

श्री रमेश चन्द्र
Sh. Ramesh Chandra

श्री संतोष कुमार नीरज
Sh. Santosh Kumar Neeraj

श्री संजय प्रकाश श्रीवास्तव
Sh. Sanjay Prakash Srivastava

श्री सतबीर सिंह
Sh. Satbir Singh

श्री अश्नी कुमार
Sh. Ashni Kumar
(01.06.2025 से) / (w.e.f 01.06.2025)

श्रीमती महिमा अग्रवाल
Smt. Mahima Agarwal
(01.06.2025 से) / (w.e.f 01.06.2025)

## सीएक्सओ / CXOs

श्री अर्नब गोस्वामी / Sh. Arnab Goswamy
मुख्य वित्तीय अधिकारी / Chief Financial Officer

श्री धीरज कुमार गौड़ / Sh. Dheeraj Kumar Gaur
मुख्य जोखिम अधिकारी / Chief Risk Officer

श्री रवि गुप्ता / Sh. Ravi Gupta
मुख्य अनुपालन अधिकारी / Chief Compliance Officer

श्री प्रेम चंद / Sh. Prem Chand
मुख्य तकनीकी अधिकारी / Chief Technical Officer

## लेखापरीक्षक / Auditors

| | |
|---|---|
| मेसर्स एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी / M/s S.P. Chopra & Co | मेसर्स गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स / M/s Gupta Sharma & Associates |
| मेसर्स ओ पी तोतला एण्ड कंपनी / M/s O P Totla & Co | मेसर्स एनबीएस एण्ड कंपनी / M/s NBS & Co |

## प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

श्री स्वरूप कुमार साहा
एमडी एवं सीईओ

प्रिय हितधारको,

**नमस्कार।** मुझे वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक के कार्य-निष्पादन के उल्लेखनीय तथ्यों को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हमारी उपलब्धियों तथा कार्य-नीति पहलों का विस्तृत विहंगावलोकन, वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024 -25 के दौरान बैंक ने गतिशील वित्तीय परिदृश्य में अपनी अनुकूलनशीलता, नेतृत्व और नवाचार का प्रदर्शन किया है। रणनीतिक क्रियान्वयन तथा प्रतिभा, प्रक्रियाओं और उच्च प्रभावशील पहलों में लक्षित निवेश के माध्यम से यह एक सुदृढ़, अपेक्षाकृत अधिक आघात-सह संगठन में रूपांतरित हो गया है।

**आर्थिक एवं बैंकिंग परिदृश्य :**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्शाई है। अन्य अग्रिम अनुमान में राजकोषीय वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.5% वृद्धि होने का अनुमान है। वर्ष 2023-24 के लिए एफआरई ₹161.51 लाख करोड़ के मुकाबले वर्ष 2024-25 में वास्तविक योजित सकल मूल्य ₹171.87 लाख करोड़ रहने का अनुमान है जो वर्ष 2023-24 में 8.6% की वृद्धि दर की तुलना में 6.4% की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। वर्ष 2023-24 में ₹274.13 लाख करोड़ की तुलना में 9.5% की वृद्धि दर प्रदर्शित करते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान नामिक जीवीए का ₹300.22 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। वर्ष 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 3.3% की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2023 में 3.5% के मुकाबले सामान्य गिरावट है। आईएमएफ ने 2025 में वैश्विक विकास दर 2.8% और 2026 में 3.0% रहने का अनुमान जताया है। मुद्रास्फीति, वर्ष 2024 में 4.9% से घटकर वर्ष 2025 में 4.0% और 2026 में 3.4% रहने का अनुमान है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने राजकोषीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान लगाया है यद्यपि भू-राजनीतिक कारकों और व्यापार संघर्ष के कारण इसमें कुछ कमी आ सकती है। हालांकि, राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों तथा न्यून मुद्रास्फीति द्वारा समर्थित सुदृढ़ घरेलू खपत और निवेश गतिविधि इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने में सहायक होगी।

**हमारे बैंक का वित्तीय कार्य-निष्पादन :**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक के उल्लेखनीय तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक का कुल कारोबार ₹2.29 लाख करोड़ से अधिक हो गया है जो भू-राजनीतिक एवं घरेलू मोर्चे पर चुनौतियों के बावजूद समस्त प्रमुख मापदंडों पर विगत 4 वर्षों में बैंक के निरंतर कार्य-निष्पादन को दर्शाता है। बिजनेस मिक्स में उत्साहवर्धक संवृद्धि, बैंक की सुदृढ़ गतिशीलता तथा दृढ़ आधार को प्रदर्शित करता है।

**बिजनेस मिक्स :**

जमा तथा अग्रिम में क्रमशः 8.68% व 15.87% की संवृद्धि के साथ बैंक के कुल कारोबार में 11.69% की वृद्धि दर्ज की गई है।

**देयता प्रबंधन :**

बढ़ती लागत और उच्च प्रतिफल वाले निवेश विकल्पों की ओर अग्रसर ग्राहक रुझान के कारण बैंकिंग उद्योग को जमा राशि संग्रहित करने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए बैंक द्वारा स्थिर तथा सतत जमा राशि आधार निर्मित करने पर केंद्रित अनेक रणनीतिक पहलें आरंभ की गई है।

हमारे दृष्टिकोण ने अभिनव उत्पादों, उन्नत मूल्य वर्धित सेवाओं, केंद्रित आउटरीच अभियानों तथा विभेदित विपणन प्रयासों के माध्यम से कासा एवं खुदरा सावधि जमाराशि की संवृद्धि पर बल दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 8.68% की वार्षिक जमा वृद्धि प्राप्त की। कासा खंड के अंतर्गत बैंक में 5.38% की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार खुदरा सावधि जमा खंड के अंतर्गत बैंक में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 9.81% की वृद्धि हुई है।

**खुदरा ऋण केंद्रण द्वारा चालित अग्रिम वृद्धि :**

खुदरा, कृषि और एमएसएमई में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23.53% की वृद्धि हुई है जो कुल ऋण बही का 55.15% है जो कि अधिक लाभदायक संवृद्धि की दिशा में हमारे रणनीतिक परिवर्तन का स्पष्ट संकेतक है।

**लाभप्रदता :**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक ने ₹2075 करोड़ का परिचालन लाभ और ₹1016 करोड़ (वित्त वर्ष) का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। बैंक की कोर शुल्क आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 26.68% बढ़कर दिनांक 31.03.2024 को ₹491 करोड़ से दिनांक 31.03.2025 को ₹622 करोड़ हो गई है। बैंक का अग्रिमों पर प्रतिफल मार्च, 2024 में 8.66% से बढ़कर मार्च, 2025 में 9.09% हो गया है।

**भविष्य हेतु निर्माण : पूंजीगत सामर्थ्य तथा वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ बनाना**

सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता तथा पुष्ट आस्ति गुणवत्ता मैट्रिक्स समर्थन के कारण बैंक का तुलन पत्र, सामर्थ्य की आधारशिला बना रहा। वर्ष 2025 में उच्च वसूली एवं उन्नयन के कारण हमारी आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सकल एनपीए अनुपात 205 बीपीएस घटकर 3.38% हो गया तथा निवल एनपीए अनुपात, मार्च 2024 को 1.63% से घटकर मार्च, 2025 में 0.96% हो गया। वित्त वर्ष हेतु कुल गिरावट में भी उल्लेखनीय कमी आई है जिससे गिरावट अनुपात घटा है। दिनांक 31.03.2025 को प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 91.38% रहा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तकनीकी बट्टे में डाले गए (टीडब्ल्यूओ) खातों में ₹822 करोड़ की सुदृढ़ वसूली की गई।

मार्च, 2025 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 17.41% के साथ बैंक, पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है। बेहतर पूंजी नियोजन, आंतरिक संसाधन सृजन और बैंक बहियों के कुशल जोखिम प्रबंधन के कारण मार्च, 2025 तक बैंक का सीईटी-1 अनुपात 15.59% है।

**प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र एवं वित्तीय समावेशन :**

- मार्च, 2025 तक बैंक ने प्राथमिकला प्राप्त क्षेत्र अग्रिम लक्ष्य प्राप्त कर लिया जोकि एएनबीसी का 44.24% तथा कृषि अग्रिम में 18.17% रहा, जबकि विनियामक लक्ष्य क्रमशः 40% और 18% था।
- लघु एवं सीमांत किसानों को ऋण, एएनबीसी का 10.36% रहा, जबकि विनियामक लक्ष्य 10% था ।
- सूक्ष्म उद्यमों को ऋण, एएनबीसी का 11.76% रहा, जबकि विनियामक लक्ष्य 7.50% था।

उचित लागत पर समस्त परिवारों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए हमारा बैंक यथासंभव प्रयत्न कर रहा है और मार्च, 2025 की समाप्ति तक भारत सरकार के वित्तीय समावेशन मिशन के अंतर्गत 26.56 लाख प्रधानमंत्री जन-धन खाते खोले गए हैं।

**कार्यनीतिक पहल :**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान हमारे बैंक ने निर्धारित दीर्घकालिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए रणनीतिक पहल की है। कतिपय महत्वपूर्ण पहल इस प्रकार हैं:

- बैंक, कारोबार प्रतिनिधि नेटवर्क विस्तारण के कार्यान्वयन पर कार्य कर रहा है। वर्तमान में बैंक में 2,083 कारोबार प्रतिनिधि हैं (मार्च 2025 तक) जबकि मार्च, 2024 तक 1709 कारोबार प्रतिनिधि थे।
- वर्तमान विषम भौगोलिक विस्तार के मद्देनजर बैंक ने शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है। वित्तीय समावेशन के शासकीय दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 52 शाखाएं खोली गईं, जिनमें सोनापुर, धर्मनगर, बारपेटा रोड, शिवसागर, मोरनहाट, रंगपो आदि क्षेत्रों की शाखाएं सम्मिलित हैं। दिनांक 31.03.2025 तक बैंक की कुल शाखाएं 1610 हैं।
- **मध्यम कॉरपोरेट शाखाएं** : बैंक, कुल मध्यम-कॉरपोरेट शाखाओं की संख्या में वृद्धि करने की योजना बना रहा है ताकि ऋण निर्णयन प्रक्रिया में शीघ्रता और मध्यम-कॉरपोरेट ग्राहकों के प्रति केंद्रित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।
- **विषयगत अनुपालन परीक्षण :** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक में प्रक्रियाओं, प्रणालियों यथा एमआईएस का सुदृढ़ीकरण, एएमएल निगरानी में दक्षता, एलसीआर संगणना आदि का केंद्रित विषय-आधारित अनुपालन परीक्षण आरंभ किया गया है।
- बैंक ने अनुपालन संबंधी दायित्वों के निर्वहन के लिए आंचलिक कार्यालयों में **समर्पित अनुपालन अधिकारी** नियुक्त किए हैं जिससे डीसीओ से प्राप्त निष्पक्ष सूचना एवं प्रतिपुष्टि के माध्यम से कॉरपोरेट स्तर पर निगरानी तथा प्रभावी निर्णयन में सुधार हुआ है। मार्च 2025 तक, बैंक के समस्त 25 आंचलिक कार्यालयों के लिए 15 डीसीओ हैं।
- बैंक ने **ग्राहकों की पृच्छा, शिकायतों, ग्राहक अधिग्रहण तथा व्यवसाय सृजन** के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए समर्पित **कॉल सेंटर** स्थापित किया है। हम, सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए कॉल-सेंटर को नया रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

- **डाटा प्रामाणिकता नियमों (डीआईआर) पर आधारित डाटा गुणवत्ता सूचकांक (डीक्यूआई) का विकास** : डाटा गुणवत्ता सूचकांक (डीक्यूआई) की जांच हेतु डाटा प्रामाणिकता नियमों (डीआईआर) पर आधारित रूपरेखा विकसित की गई है। इससे डाटा प्रामाणिकता में सुधार होगा तथा परिणामस्वरूप विनियामक रिपोर्टिंग, रणनीति निर्माण आदि में सटीकता आएगी।
- **अनुपालन कार्य का स्वचालन** : उद्यम-व्यापी अनुपालन कार्य को अद्योपांत डिजिटल बनाने के लिए बैंक ने अनुपालन समाधान ईसीजी (अनुपालन और अभिशासन को सशक्त बनाना) क्रय किया है।
- बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में **व्यापार वित्त के केंद्रीकरण (सीटीएफ)** की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। व्यापार वित्त के केंद्रीकरण के माध्यम से, आयात एवं निर्यात से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं के साथ-साथ विप्रेषण जो वर्तमान में अधिकृत डीलरों की शाखाओं द्वारा व्यवस्थित की जाती हैं, को केंद्रीकृत प्रसंस्करण कक्ष में संसाधित किया जाएगा। इससे बैंक के अनुपालन में सुधार होगा और बैंक के व्यापार वित्त कारोबार को वर्धित करने में सहायता मिलेगी।

**पुरस्कार एवं उपलब्धियां :**

- बैंक ने ईज़ 7.0 में 54.50 अंक प्राप्ति के साथ वार्षिक इंडेक्सिंग परिणाम में शीर्ष सुधारक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- बैंक को **एमएसएमई** हेतु जागरूक करने के लिए **विजेता पुरस्कार** तथा **सीआईएमएसएमई** द्वारा शासकीय योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए **उप विजेता पुरस्कार** प्राप्त किया गया है।
- बैंक को आईबीए द्वारा आयोजित 20वें बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन में लघु बैंकों की श्रेणी में **सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्रतिभा एवं संगठन पुरस्कार** प्राप्त हुआ।
- बैंक को वित्त वर्ष 25 के लिए पीएसयू वाणिज्यिक खंड में "**सर्वोच्च डीक्यूआई सुधार पुरस्कार**" से सम्मानित किया गया।

**आगामी लक्ष्य :**

बैंक ने विश्वास, विकास और समर्पित सेवा के उल्लेखनीय 117 वर्षों का गौरवपूर्ण उत्सव मनाया। मैं अपने समस्त हितधारकों का उनके दृढ़ समर्थन के लिए और इस असाधारण टीम को आशाजनक भविष्य की ओर अग्रसर करने हेतु मुझ पर अपना विश्वास बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए बैंक धारणीय, जोखिम-संतुलित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्पादों और प्रक्रियाओं दोनों को उन्नत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हम अपने शाखा नेटवर्क तथा कॉरपोरेट कारोबार प्रतिनिधि मॉडल को सशक्त करने के लिए आगरा, पटना, वाराणसी तथा मोगा में चार नए आंचलिक कार्यालयों सहित अपने आंचलिक पदचिह्नों का विस्तार कर रहे हैं। हम, अतिरिक्त ग्राहक संबंध प्रबंधन के साथ अपने ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। डिजिटल मोर्चे पर हमने अपने पीएसबी यूनिक मोबाइल एप का उन्नयन जारी रखा है तथा ग्राहकों की परिवर्तनशील आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अभिनव सेवाओं का प्रवर्तन किया है। मजबूत क्षमता-निर्माण पहल सहित फिनटेक और एनबीएफसी के साथ रणनीतिक साझेदारी, हमारी परिवर्तन यात्रा की कुंजी हैं। आघात-सहनीयता, समावेश एवं नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हमारा लक्ष्य, राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान के साथ समस्त हितधारकों को उच्च मूल्य प्रदान करना है।

इस वर्ष हमने जो भी महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए हैं, वह प्रगति का प्रतीक मात्र नहीं हैं वरन व्यापक दृष्टिकोण की ओर एक कदम है : ऐसा भविष्य जहां अवसर, समानता और स्थिरता विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए प्रत्याभूत हो। वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रावलोकन हम धारणीय मूल्य सृजन तथा हितधारक संतुष्टि की वृद्धिशीलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

हम गैर-कार्यपालक अध्यक्ष डॉ. चरन सिंह, कार्यपालक निदेशक डॉ. रामजस यादव, आरबीआई नामित निदेशक श्री कमल प्रसाद पटनायक, शेयरधारक निदेशक श्री तीरथ राज मेन्दीरत्ता और गैर सरकारी निदेशक श्री शंकर लाल अग्रवाल जिनका कार्यकाल वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान संपन्न हुआ है, का अपने कार्यकाल के दौरान बैंक के विकास में बहुमूल्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। मैं निष्ठापूर्वक, बोर्ड सदस्यों को उनके अमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन तथा अंतर्दृष्टि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिसके कारण अधिकांश बैंक पहल, सुदृढ़ हुई है। मैं भारत सरकार, वित्तीय सेवाएं विभाग तथा भारतीय रिज़र्व बैंक को उनके दृढ़ समर्थन एवं दिशा-निर्देशन के लिए भी अपना आभार व्यक्त करता हूं। मैं समस्त हितधारकों को उनके अटूट समर्थन तथा सफलता की ओर हमारी यात्रा का अभिन्न अंश बनने के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मैं समस्त कार्मिकों को उनके अथक परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। आपका विश्वास ही हमारी सफलता का आधार है जो हमें प्रति क्षण प्रेरित करता है। पंजाब एण्ड सिंध बैंक को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करने के हमारे प्रयास में आपका निरंतर समर्थन, संरक्षण एवं सद्भावना अतुलनीय है।

## MD & CEO's Statement

Sh. Swarup Kumar Saha
M.D. & CEO

Dear Stakeholders,

**Greetings!** It is with great pleasure that I present the key highlights of your Bank's performance for the financial year 2024–25. A comprehensive overview of our achievements and strategic initiatives can be found in the Annual Report.

In the Financial Year 2024-25, the Bank demonstrated its adaptability, leadership, and innovation in a dynamic financial landscape. Through strategic execution and targeted investments in talent, processes, and high-impact initiatives, it has transformed into a stronger, more resilient organization.

**Economic and Banking Overview:**

In FY2024-25, India has shown robust economic growth, according to the National Statistical Office (NSO), the Second Advance Estimates real Gross Domestic Product (GDP) growth at 6.5% for the fiscal year 2024-25. Real GVA is estimated at ₹171.87 lakh crore in the year 2024-25, against the FRE for the year 2023-24 of ₹161.51 lakh crore, registering a growth rate of 6.4% as compared to 8.6% growth rate in 2023-24. Nominal GVA is estimated to attain a level of ₹300.22 lakh crore during FY 2024- 25, against ₹274.13 lakh crore in 2023-24, showing a growth rate of 9.5%.The global economy expanded by 3.3% in 2024, a slight decline from 3.5% in 2023. IMF forecasted global growth at 2.8% in 2025 and 3.0% in 2026. Inflation is projected to decrease from 4.9% in 2024 to 4.0% in 2025 and 3.4% in 2026.

Reserve Bank of India (RBI) projected GDP growth at 6.5% for the fiscal year 2026, though some moderation is expected due to Geopolitical factors and Trade war. However, strong domestic

**Financial Performance of Our Bank**

I am pleased to present the key highlights of our Bank's in FY2025.

The Bank's Total Business crossed Rs.2.29 lakh crore in Financial Year 2024-25, reflecting the Bank's consistent performance over the last 4 years across all major parameters notwithstanding the challenges on the geo-political and domestic fronts. Encouraging growth in the business mix reflects the Bank's strong momentum and solid fundamentals.

**Business Mix:**

Total Business of the Bank registered a growth of 11.69% with Deposit and Advances growth of 8.68% and 15.87% respectively.

**Liability Management:**

The banking industry continued to face headwinds in deposit mobilization, driven by rising costs and a growing shift toward higher-yield investment alternatives. To navigate these challenges, the Bank launched a range of strategic initiatives focused on building a stable and sustainable deposit base.
Our approach emphasized the growth of CASA and retail term deposits through innovative products, enhanced value-added services, focused outreach campaigns, and differentiated marketing efforts, In FY 2024-25, Bank achieved yearly deposit growth of 8.68%, Under CASA segment Bank grew by 5.38% similarly under Retail Term Deposits Segment Bank grew by 9.81% Year on Year Basis respectively.

**Advances Growth Driven by Retail Lending Focus**

Retail, Agriculture & MSME grew 23.53 % on Year-on-Year Basis, accounting for 55.15 % of the total loan book, a clear indicator of our strategic shift towards more profitable growth.

**Profitability:**

During FY 2024-25, Bank registered an Operating Profit of Rs.2075 Cr and Net Profit of Rs.1016 Cr (FY). Core Fee income of the Bank increased from Rs. 491 Cr as of 31.03.2024 to Rs. 622 Cr as of 31.03.2025, an increase of 26.68% Y-o-Y basis. Yield on Advances of the Bank increased from 8.66% in March 2024 to 9.09% in March 2025.

**Building for the Future: Reinforcing Capital Strength and Financial Stability**

Bank's balance sheet remained a cornerstone of strength, supported by strong capital adequacy and robust asset quality metrics. Our asset quality improved in FY2025, driven by higher recoveries and upgradations. The Gross NPA ratio declined by 205 bps to 3.38% and Net NPA ratio improved from 1.63% as of March 2024 to 0.96% as of March 2025. The overall slippages for the FY were also grossly reduced leading to a reduction in the slippage ratio. The provision coverage ratio (PCR) is at 91.38% as on 31.03.2025. Strong Recovery in Technical Written-Off (TWO) accounts for FY 2024-25 was of Rs. 822 Cr.

Bank is well capitalized with Capital Adequacy ratio (CRAR) 17.41% as of March 2025. CET-1 ratio of the bank is at 15.59% as of March 2025, on the back of better capital planning, internal resource generation and efficient risk management of the banking book.

**Priority Sector and Financial Inclusion:**

- Bank achieved the targets in Priority Sector Advance which stood at 44.24% and Agriculture Advance at 18.17% of ANBC, as of March 2025, against the regulatory target of 40% and 18% respectively.
- Credit to Small and Marginal farmers stood at 10.36% of ANBC, against the regulatory target of 10%.
- Credit to Micro Enterprises stood at 11.76% of ANBC, against the regulatory target of 7.50%.

Our Bank is taking all the steps to provide the banking facilities to all households at a reasonable cost and opened 26.56 lakh PMJDY accounts under Financial Inclusion Mission of GoI as at the end of March 2025.

**Strategic Initiatives:**

During FY 2024-25, the Bank has undertaken strategic initiatives to achieve the long-term objectives set by bank. Some of the important initiatives are as under:

- The bank is working on the implementation of expansion of the BC network. Presently, Bank is having 2,083 BCs (As on March '25) as against 1709 BCs as of March '24.
- Bank continued to focus on branch expansion considering the present uneven geographical spread, 52 branches were opened during the FY 2024-25 including the branches in areas like Sonapur, Dharmanagar, Barpeta Road, Sivasagar, Moranhat, Rangpo, etc. aligning with the government vision of Financial Inclusion. The total branches of the Bank stood at 1610 as on 31.03.2025.

- **MID Corporate Branches:** Bank is planning to increase the total mid-corporate branches, to

ensure a faster turnaround time in the credit decision-making process and focused approach towards mid-corporate customers

- **Thematic Compliance Testing:** During FY 2024-25 Bank has introduced a more focused theme-based compliance testing of processes, systems within the Bank like Strengthening of MIS, Efficiency of AML monitoring, LCR computation, etc.
- Bank has placed **Dedicated Compliance Officers** in Zones for exclusively dealing with the compliance related obligations, thereby improving the oversight and effective decision making at the corporate level through the independent information and feedback received from DCOs. As on March 2025, Bank has 15 DCO covering all 25 Zones.
- Bank has set up a dedicated **Call Centre** to cater **customers' queries, complaints, customer acquisition and lead generation.** We are in process of revamping the Call-Centre to further improve the quality of services.
- **Development of Data Quality Index (DQI) based on Data Integrity Rules (DIR)**: A framework based on the Data Integrity Rules (DIR) has been developed to check the Data Quality Index (DQI). This will improve data integrity and consequently bring accuracy in regulatory reporting, strategy formulation etc.
- **Automation of the Compliance Function**: For end to end digitizing the enterprise-wide compliance function, Bank has procured Compliance Solution ECG (Empowering Compliance & Governance).
- The Bank has initiated the process of **Centralizing of Trade Finance (CTF)** in FY 2024-25. Through centralization of trade finance, all the process related to import and export as well as remittance which are at present handled at Authorized Dealers branches will be processed at centralized processing cell. This will improve the compliances of the bank and will help in augmenting Trade Finance business of the bank.

**Awards & Achievements:**

- Bank has scored 54.50 marks in EASE 7.0 and secured 1st position in Top Improver Category in Annual Indexing Result.
- Bank received **Winner award** for creating awareness for **MSMEs & Runner-up award** in promoting Government Schemes by **CIMSME.**
- Bank received **Best Tech Talent & Organisation Award** in the category of Small Banks at 20th Banking Technology Conference organized by IBA.
- Bank was honored with the "**Highest DQI Improvement Award'** in the PSU Commercial Segment

for FY25.

**Way Forward:**

Bank proudly celebrated 117 remarkable years of trust, growth, and dedicated service. I extend my heartfelt gratitude to all our stakeholders for their steadfast support and for placing their trust in me to lead this exceptional team into a promising future.

Looking ahead, Bank is focused on enhancing both products and processes to drive sustainable, risk-calibrated growth. We are expanding our regional footprints with four new zonal offices at Agra, Patna, Varanasi & Moga to strengthen our branch network and Corporate BC model. We are also strengthening our customer grievances redressal system with additional customer relationship management. On the digital front, we continue to upgrade our PSB UnIC mobile app and roll out innovative services to meet evolving customer needs. Strategic partnerships with Fintech's and NBFCs, along with robust capacity-building initiatives, are key to our transformation journey. Guided by our commitment to resilience, inclusion, and innovation, we aim to deliver greater value to all stakeholders while contributing meaningfully to nation-building.

Every milestone we've reached this year is more than just a marker of progress, it's a step toward a broader vision: a future where opportunity, equity, and sustainability are not privileges, but guarantees for all. Looking ahead to FY 2025-26, we remain focused on sustainable value creation and enhancing stakeholder satisfaction.

We extend our heartfelt gratitude to Dr. Charan Singh, Non-Executive Chairman; Dr. Ram Jass Yadav, Executive Director; Sh. K.P. Patnaik, RBI Nominee Director; Sh. T.R. Mendiratta, Shareholders Director & Sh. S.L. Agarwal, Non official Director, for their invaluable contributions towards Bank's growth during their tenure, which concluded during the financial year. I sincerely thank the Board members for their invaluable support, guidance, and insights, which have significantly bolstered the Bank's initiatives. I also extend my gratitude to the Government of India, The Department of Financial Services, and The Reserve Bank of India for their steadfast support and guidance. I also thank all the stakeholders for their unwavering support and for being an integral part of our journey toward success. My heartfelt appreciation goes to all

employees for their relentless hard work, dedication, and commitment. Your trust forms the foundation of our success and inspires us every day. At Punjab & Sind Bank, we deeply value your ongoing support, patronage, and goodwill as we pursue excellence.

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
(भारत सरकार का उपक्रम)
**प्रधान कार्यालय: 21-राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110 008**
**कॉरपोरेट कार्यालय : एनबीसीसी कार्यालय कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023**
**https://punjabandsindbank.co.in/**

## सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित व्यावसायिक कार्यकलाप (पों) को परिचालित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ या अन्य श्रव्य-दृश्य साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से पंजाब एण्ड सिंध बैंक के शेयरधारकों की 15वीं वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन **मंगलवार, 05 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे** किया जाएगा (बैठक का मानित स्थान बैंक का प्रधान कार्यालय होगा) :

**सामान्य व्यावसायिक कार्यकलाप :**

**मद संख्या 1 :** यथा 31 मार्च 2025 को बैंक के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र, 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ- हानि खाते, लेखांकन द्वारा रक्षित अवधि के लिए बैंक के कार्यचालन और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा तुलन-पत्र और लेखांकन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना, अनुमोदन प्रदान करना और उसे अंगीकृत करना।

**मद संख्या 2 :** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लाभांश की घोषणा करना।

**विशेष व्यावसायिक कार्यकलाप :**

**मद संख्या 3 : बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री राजीवा को नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो इसे साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:

संकल्प पारित किया जाता है कि समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1C) के अनुसरण में, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या ईएफ. न. 4/5(ii)/2023-बीओ.। दिनांकित 09 अगस्त, 2024 के माध्यम से, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत कार्यालय में कार्य-ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में **श्री राजीवा** की नियुक्ति को एतदद्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**मद संख्या 4 : बैंक के आरबीआई नामित निदेशक के रूप में श्री विवेक श्रीवास्तव की नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो इसे साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:-

संकल्प पारित किया जाता है कि समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1C) के अनुसरण में, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ एफ. नं. 6/3/2011-बीओ.। दिनांकित 12 दिसंबर, 2024 के माध्यम से, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (c) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से और आगामी आदेश तक बैंक के आरबीआई नामित निदेशक के रूप में **श्री विवेक श्रीवास्तव** की नियुक्ति को एतदद्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**मद संख्या 5 : बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री शंकर लाल अग्रवाल की पुनर्नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो इसे विशेष संकल्प के रूप में पारित करना:-

संकल्प पारित किया जाता है कि समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 25 (2A) के साथ पठित समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1C) के अनुसरण में, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ एफ. नं. 6/1(viii)/2024-बीओ.। दिनांकित 11 अप्रैल, 2025 के माध्यम से, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और

अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (h) व उपधारा (3A) के अंतर्गत उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तिथि से 1 वर्ष की अवधि के लिए या आगामी आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में **श्री शंकर लाल अग्रवाल** की पुनर्नियुक्ति को एतदद्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**मद संख्या 6 : बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री स्वरूप कुमार साहा के कार्यकाल विस्तार को अनुमोदित करना।**

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो इसे साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:-

संकल्प पारित किया जाता है कि समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1C) के अनुसरण में, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ ईएफ. नं. 4/3/2024-बीओ-। दिनांकित 02 जून, 2025 के माध्यम से, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वर्तमान अधिसूचित अवधि से परे, सेवानिवृत्ति तिथि अर्थात 28 फरवरी, 2027 तक अथवा आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में **श्री स्वरूप कुमार साहा** के कार्यकाल विस्तार को एतदद्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**मद संख्या 7 : वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा करने और वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट जारी करने के लिए सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में मेसर्स आर एस कथूरिया एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव की नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो इसे साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:-

संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 24A और अन्य प्रयोज्य विधि, यदि कोई हो, सेबी द्वारा जारी प्रासंगिक परिपत्रों (तत्समय प्रवृत्त इसमें किसी भी सांविधिक संशोधनों या पुनराधिनियमन सहित) के अनुसरण में, मेसर्स आर एस कथूरिया एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी (फर्म पंजीकरण संख्या S1999DE877800) को वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-2030 तक 5 वर्ष की अवधि के लिए बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त करने के लिए एतदद्वारा बैंक सदस्यों का अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.07.2024

साकेत मेहरोत्रा
कंपनी सचिव

## टिप्पणियां

**1. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य श्रव्य- दृश्य साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक साधारण बैठक**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसरण में बैंक के शेयरधारकों की 15वीं वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य श्रव्य- दृश्य साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सदस्यों को किसी सामान्य स्थान पर भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। 15वीं एजीएम के लिए मानित स्थान नई दिल्ली में बैंक का प्रधान कार्यालय होगा। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों की गणना, पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर व बैठकें) विनिमय, 2008 के विनियमन 58 के अंतर्गत गणपूर्ति में शामिल करने के उद्देश्य से की जाएगी। चूंकि वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम का आयोजन किया जाएगा इसलिए सचिवालय मानक 2 के अंतर्गत इस नोटिस के साथ अपेक्षित मानचित्र संलग्न नहीं है।

**2. परोक्षी की नियुक्ति :** बैठक में भाग लेने और मतदान के लिए पात्र शेयरधारक अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने एवं मत देने के लिए परोक्षी की नियुक्ति करने हेतु पात्र होंगे तथा इस प्रकार के परोक्षी को बैंक का शेयरधारक होना अनिवार्य नहीं है। हालांकि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के आयोजन के लिए पूर्वोक्त छूटों के अनुसरण में शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति को अनावश्यक बनाया गया है। तदनुसार, शेयरधारकों द्वारा प्रॉक्सी नियुक्ति की सुविधा इस एजीएम के लिए उपलब्ध नहीं है तथा प्रॉक्सी फॉर्म व उपस्थिति पर्ची इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं हैं।

**3. प्राधिकृत प्रतिनिधि (यों) की नियुक्ति**

कोई भी व्यक्ति किसी निगमित निकाय के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने तथा/ या ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कंपनी/ इकाई के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसे नियुक्त करने के संकल्प की प्रमाणित सत्यापित प्रति, बैठक की तिथि से 04 दिन पूर्व अर्थात **गुरुवार, 31 जुलाई 2025 को अपराह्न 05:00 बजे** तक या इससे पूर्व कंपनी सचिव, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, एनबीसीसी कार्यालय कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में जमा नहीं की जाती है अथवा संवीक्षक को scrutinizer@snaco.net पर मेल नहीं की जाती है जिसकी प्रतिलिपि complianceofficer@psb.co.in को भेजा जाना है।

बैंक का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी, शेयरधारक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं होगा।

**4. शेयरधारकों के रजिस्टर का संवरण :**

वार्षिक साधारण बैठक के संबंध में बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बही, **बुधवार, 30 जुलाई 2025 से मंगलवार, 05 अगस्त 2025** (दोनों दिवस शामिल) तक बंद रहेंगे।

**5.** एजीएम आयोजित करने की सूचना बैंक वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/ पर अपलोड कर दी गई है। शेयर बाज़ारों यथा बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com व www.nseindia.com पर भी सूचना का अवलोकन किया जा सकता है। एजीएम की सूचना, सीडीएसएल (दूरस्थ ई-मतदान सुविधा और एजीएम के दौरान ई-मतदान प्रणाली उपलब्ध कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी प्रसारित किया गया है।

**6. लाभांश का भुगतान :**

लाभांश भुगतान करने के लिए अभिलिखित तिथि **मंगलवार, 29 जुलाई 2025** होगी।

15वीं वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन, 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निदेशक मंडल ने प्रत्येक ₹10 अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर पर ₹0.07 के लाभांश की अनुशंसा की है। वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों द्वारा घोषित किए जाने पर लाभांश का भुगतान उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम निम्नलिखित में समाविष्ट है :

a) इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में एनएसडीएल/ सीडीएसएल के अभिलेख के अनुसार **मंगलवार, 29 जुलाई 2025** को कार्य-समय की समाप्ति पर हिताधिकारी स्वामी के रूप में, या

b) **मंगलवार, 29 जुलाई 2025** को कार्य-समय की समाप्ति से पूर्व भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से प्राप्त वैध पारेषण/ ट्रांसमिशन अनुरोधों को प्रभावी करने के पश्चात **मंगलवार, 29 जुलाई 2025** को शेयरधारकों के रजिस्टर में।

लाभांश का भुगतान उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण अद्यतित किया है। बैंक द्वारा लाभांश भुगतान की तिथि से पूर्व अपने रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) अर्थात लिंक इनटाइम इंडिया (प्राइवेट) लिमिटेड के माध्यम से लाभांश वारंट/ मांग ड्राफ्ट उन शेयरधारकों के पंजीकृत पते पर भेजे जाएंगे जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण अद्यतित नहीं किया है।

पात्र शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान 15वीं वार्षिक साधारण बैठक की तिथि से 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। अतैव शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपना पूर्ण बैंक विवरण पंजीकृत/ अद्यतित करें :

i) यदि शेयर अमूर्त रूप में हैं तो अपने निक्षेपागार सहभागी (यों) जहाँ उनका डीमेट खाता अनुरक्षित है, के पास निक्षेपागार सहभागी (यों) द्वारा अपेक्षित हो सकने वाले फॉर्म व दस्तावेज जमा करके, तथा
ii) यदि शेयर भौतिक रूप में धारित है तो बैंक/ बैंक आरटीए के पास निम्न दस्तावेज़ जमा करके :
   a. शेयरधारक का नाम, फोलियो संख्या, बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक व शाखा का नाम तथा पता, आईएफएससी, एमआईसीआर विवरण) समाविष्ट हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की प्रति।
   b. पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, तथा
   c. निरस्त चेक लीफ।

**7. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान (शेयर प्रमाण-पत्र)**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के मास्टर परिपत्र सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/पीओडी-1/पी/सीआईआर/2024/37 दिनांकित 07 मई, 2024 के अनुसार भौतिक रूप में शेयर रखने वाले समस्त शेयरधारकों के लिए पैन, नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण (पिन सहित डाक पता और मोबाइल नंबर), बैंक खाता विवरण और उनके तद्विषयक फ़ोलियो नंबर के लिए नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त दिनांक 01.04.2024 से इस प्रकार के शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड अर्थात बैंक खाते में प्रत्यक्ष क्रेडिट के माध्यम से किया जाएगा। लाभांश भुगतान के लिए लाभांश वारंट नहीं भेजा जाएगा।

भौतिक रूप (शेयर प्रमाण-पत्र) में शेयर रखने वाले शेयरधारक जिन्होंने सेबी द्वारा निर्धारित दस्तावेज अर्थात उचित बैंक विवरण, पैन, केवाईसी दस्तावेज और नामांकन विवरण प्रस्तुत नहीं किए हैं, को लाभांश भुगतान तिथि पर लाभांश का भुगतान किया गया माना जाएगा, हालांकि शेयरधारक (ओं) द्वारा उचित बैंक विवरण सहित संपूर्ण दस्तावेज/ विवरण उपलब्ध कराए जाने तक लाभांश राशि, बैंक के लाभांश खाते में रखी जाएगी। बैंक/ बैंक आरटीए में उचित बैंक विवरण, अन्य केवाईसी दस्तावेज और नामांकन विवरण प्राप्त होने पर लाभांश, संबंधित शेयरधारक (ओं) के बैंक खाते में सीधे क्रेडिट कर दी जाएगी।

उपरोक्त के मद्देनजर, भौतिक रूप में शेयर (शेयर प्रमाण-पत्र) रखने वाले शेयरधारक (ओं) से अनुरोध है कि वे बैंक/ बैंक आरटीए को अविलंब उचित बैंक विवरण, अन्य केवाईसी और नामांकन विवरण प्रस्तुत करें जिससे लाभांश भुगतान तिथि पर ही उन्हें अपने बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक रूप से लाभांश प्राप्त हो सके।

**8. लाभांश भुगतान पर कर**

(i) आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधान के अनुसरण में, 1 अप्रैल 2020 से शेयरधारकों को भुगतान या वितरित किया गया लाभांश कर योग्य है तथा बैंक को निर्धारित दरों पर शेयरधारकों को भुगतान किए गए लाभांश से स्रोत पर कर कटौती करना आवश्यक है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित दर हेतु आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों और तत्संबंधी संशोधन का संदर्भ लें। शेयरधारकों से अनुरोध है कि बैंक/ आरटीए (भौतिक रूप में शेयर होने की स्थिति में) तथा निक्षेपागारों (यदि शेयर डीमेट रूप में है) के पास अपना पैन अद्यतित कराएं।

(ii) निवासी व्यक्तिगत शेयरधारक जिसके पास वैध पैन है और जो आयकर भुगतान हेतु उत्तरदायी नहीं है वे स्रोत पर कर की कटौती न होने संबंधी लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्म संख्या 15-जी/ 15-एच में वार्षिक घोषणा प्रस्तुत कर सकते हैं। शेयरधारक कृपया नोट करें कि पैन पंजीकृत न होने की स्थिति में 20% की उच्च दर पर कर कटौती की जाएगी। अनिवासी शेयरधारक, भारत और उनके आवासीय राष्ट्र के मध्य हुए कर समझौते के अंतर्गत आवश्यक दस्तावेज जैसे कोई स्थाई अधिष्ठान और हिताधिकारी स्वामित्व घोषणा-पत्र, कर निवासी प्रमाण-पत्र, फॉर्म 10-एफ, कर समझौता लाभ प्राप्त करने के लिए अपेक्षित कोई अन्य दस्तावेज/ घोषणा-पत्र को https://web.in.mpms.mufg.com/formsreg/submission-of-form-15g-15h.html पर अपलोड करके हितकारी दर प्राप्त कर सकते हैं। संबंधित दस्तावेज़/ फॉर्म, बैंक की वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/ पर उपलब्ध है।

(iii) शेयरधारकों से अनुरोध है कि **मंगलवार, 29 जुलाई 2025** को अपराह्न 5:00 बजे (आईएसटी) तक आरटीए की वेबसाइट अर्थात https://web.in.mpms.mufg.com/formsreg/submission-of-form-15g-15h.html पर उपरोक्त दस्तावेजों को जमा करें ताकि बैंक, उचित टीडीएस/ रोके गए कर दर पर कर निर्धारण और कर कटौती कर सके।

**9. शेयरधारकों का मताधिकार:**

अधिनियम के खंड 3 (2 ई) के प्रावधानों के संबंध में, केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त बैंक का कोई भी शेयरधारक अपने पास धारित बैंक के किसी भी शेयरों के संबंध में, समस्त शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत से अधिक मताधिकार का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2008 के विनियमन 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो मतदान के संबंध में रजिस्टर में प्रथम नामित व्यक्ति को ही उसका एकमात्र धारक माना जाएगा। अतः यदि शेयर, संयुक्त धारक के नाम पर है तो केवल प्रथम नामित व्यक्ति ई-एजीएम में उपस्थित होने हेतु पात्र है तथा कार्यसूची की मदों पर दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से अथवा दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग नहीं करने की स्थिति में ई-एजीएम के दौरान मताधिकार का पात्र है।

**10. इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान**

I. एमसीए परिपत्रों के साथ पठित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 44, यथा संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 के अंतर्गत शेयर बाज़ारों के साथ सूचीयन करार तथा प्रावधान के अनुसरण में बैंक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों (दूरस्थ ई-वोटिंग व एजीएम के दौरान ई-वोटिंग) द्वारा एजीएम में परिचालित किए जाने वाले व्यावसायिक मदों के संबंध में अपने शेयरधारकों को उनके मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्न है। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के लिए शेयरधारक की पात्रता निर्धारित करने की निर्दिष्ट तिथि **मंगलवार, 29 जुलाई 2025 है**।

II. सदस्य, नोटिस में उल्लिखित प्रक्रियाओं का अनुसरण करके बैठक प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व तथा निर्धारित समय पश्चात वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा न्यूनतम 1000 सदस्यों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें वृहत शेयरधारक (2 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी वाले शेयरधारक), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, लेखापरीक्षा समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति तथा हितधारक संबंध समिति के अध्यक्ष, लेखापरीक्षक इत्यादि शामिल नहीं होंगे जिन्हें पहले आओ-पहले पाओ के प्रतिबंध के बिना एजीएम में भाग लेने की अनुमति है।

**III. दूरस्थ ई-मतदान और एजीएम के दौरान ई-मतदान तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक से जुड़ने हेतु शेयधारकों के लिए निर्देश इस प्रकार हैं:**

**चरण 1 :** अमूर्त रूप में शेयर रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के प्रकरण में निक्षेपागार सीडीएसएल/ एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अभिगम।

**चरण 2 :** मूर्त रूप में शेयर रखने वाले तथा अमूर्त रूप में शेयर रखने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों के प्रकरण में सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अभिगम।

i. **शुक्रवार, 01 अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 10.00** बजे से दूरस्थ ई-मतदान प्रारंभ होगी तथा **सोमवार, 04 अगस्त 2025 को अपराह्न 05.00** बजे समाप्त हो जाएगी। इस अवधि के दौरान बैंक का शेयरधारक जिसके पास निर्दिष्ट तिथि **मंगलवार, 29 जुलाई 2025** को मूर्त अथवा अमूर्त रूप में शेयर है, इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकते हैं। उसके बाद सीडीएसएल द्वारा दूरस्थ ई-मतदान की प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।

ii. शेयरधारक जिन्होंने बैठक तिथि से पूर्व ही मतदान कर दिया है, बैठक के दौरान मतदान के लिए पात्र नहीं होंगे।

iii. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के अंतर्गत **सेबी परिपत्र संख्या एसईबीआई/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांकित 09.12.2020** के अनुसार, सूचीबद्ध संस्थाओं को समस्त शेयरधारकों के संकल्पों के संबंध में अपने शेयरधारकों को दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। तथापि यह पाया गया है कि सार्वजनिक गैर-संस्थागत शेयरधारकों/ खुदरा शेयरधारकों की सहभागिता नगण्य स्तर पर है।

वर्तमान में, भारत में सूचीबद्ध संस्थाओं को दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा प्रदान करने वाले अनेक ई-मतदान सेवा प्रदाता (ईएसपी) हैं। इसके लिए शेयरधारकों द्वारा विभिन्न ईएसपी पर पंजीकरण तथा अनेक यूजर आईडी और पासवर्ड के अनुरक्षण की आवश्यकता होती है।

सार्वजनिक परामर्श के अनुसरण में, मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए **समस्त डीमेट खाताधारकों को उनके डीमेट खाते/ निक्षेपागारों की वेबसाइट/ निक्षेपागार सहभागियों के माध्यम से, एकल लॉगिन क्रेडेंशियल द्वारा** ई-मतदान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है। डीमेट खाताधारक, ईएसपी के साथ पुनः पंजीकरण बिना अपना मतदान करने में सक्षम होंगे, जिससे न केवल निर्बाध प्रमाणीकरण की सुविधा होगी बल्कि ई-मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की सुगमता और सुविधा भी बढ़ेगी।

**चरण 1 :** डीमेट रूप में शेयर रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के प्रकरण में निक्षेपागार सीडीएसएल/ एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अभिगम।

iv. **सूचीबद्ध** कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-मतदान सुविधा पर **सेबी परिपत्र संख्या एसईबीआई/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/ सीआईआर/पी/ 2020/242 दिनांकित 9 दिसंबर, 2020** के संबंध में, डीमेट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को निक्षेपागारों तथा निक्षेपागार सहभागियों के पास अनुरक्षित अपने डीमेट खाते के माध्यम से मतदान की अनुमति है। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि ई-मतदान सुविधा के अभिगम के लिए अपने डीमेट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी अद्यतित कराएं।

उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसरण में, **डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यैक्तिक शेयरधारकों के लिए** ई-मतदान और आभासी बैठक में भाग लेने के लिए लॉगिन प्रक्रिया नीचे दी गई है :

| **शेयरधारकों के प्रकार** | **लॉग-इन विधि** |
|---|---|
| **सीडीएसएल निक्षेपागार के** पास डीमेट रूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले शेयरधारक | 1) जिन प्रयोक्ताओं ने सीडीएसएल Easi/ Easiest सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। बिना किसी अतिरिक्त प्रमाणीकरण के ई-मतदान पृष्ठ पर पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि Easi/ Easiest में लॉगिन करने के लिए सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com का अवलोकन करें तथा और लॉगिन आइकन व New System Myeasi पर क्लिक करें।<br><br>2) सफल लॉगिन के बाद Easi/ Easiest उपयोगकर्ता कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार पात्र कंपनियों के लिए ई-मतदान का विकल्प देख सकेंगे, जहाँ ई-मतदान प्रगति पर है। ई-मतदान विकल्प में क्लिक करने पर उपयोगकर्ता दूरस्थ ई-मतदान अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान के लिए ई-मतदान सेवा प्रदाता का ई-मतदान पृष्ठ देखने में सक्षम होंगे। इसके अतिरिक्त, समस्त ई-मतदान सेवा प्रदाताओं की प्रणाली तक पहुंचने के लिए लिंक भी उपलब्ध हैं ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-मतदान सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट का अवलोकन कर सके।<br><br>3) यदि उपयोगकर्ता Easi/ Easiest के लिए पंजीकृत नहीं है तो पंजीकरण करने का विकल्प www.cdslindia.com पर उपलब्ध है। लॉगिन और New System Myeasi Tab पर क्लिक करें और उसके बाद पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें।<br><br>4) वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com के आवरण पृष्ठ पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक से डीमेट खाता संख्या और पैन नंबर डालकर सीधे ई-वोटिंग पृष्ठ तक पहुंच सकते हैं। सिस्टम, डीमेट खाते में अभिलिखित पंजीकृत मोबाइल और ई-मेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के पश्चात उपयोगकर्ता उस ई-मतदान विकल्प को देखने में सक्षम होगा जहां ई-मतदान प्रगति पर है और समस्त ई-मतदान सेवा प्रदाताओं की प्रणाली में सीधे अभिगम करने में भी सक्षम होगा। |

| | |
|---|---|
| **एनएसडीएल** के पास डीमेट मोड में प्रतिभूतियां धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | 1) यदि आप पहले से ही NSDL IDeAS सुविधा के लिए पंजीकृत हैं तो कृपया एनएसडीएल की ई-सर्विसेज वेबसाइट पर जाएं। व्यक्तिगत कंप्यूटर या मोबाइल पर यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। एक बार ई-सेवाओं का आवरण पृष्ठ प्रारंभ होने के बाद, "Login" के अंतर्गत "Beneficial Owner" आइकन पर क्लिक करें, जो 'IDeAs' सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के पश्चात, आप ई-मतदान सेवाओं को देख पाएंगे। ई-मतदान सेवाओं के अंतर्गत "Access to e-Voting" पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पृष्ठ देखने में सक्षम होंगे। कंपनी के नाम या ई-मतदान सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने व बैठक के दौरान मतदान करने के लिए आपको ई-मतदान सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।<br>2) यदि उपयोगकर्ता IDeAS ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है तो पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। "Register Online for IDeAS Portal" का चयन करें अथवा https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें।<br>3) एनएसडीएल की ई-मतदान वेबसाइट पर जाएं। व्यक्तिगत कंप्यूटर पर या मोबाइल पर यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com/ टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। एक बार ई-मतदान सिस्टम का आवरण पृष्ठ प्रारंभ होने के बाद, "Login" आइकन पर क्लिक करें जो 'Shareholder/Member' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूज़र आईडी (अर्थात एनएसडीएल में आपका सोलह अंकों का डीमेट खाता नंबर), पासवर्ड/ ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाए गए अनुसार सत्यापन कोड दर्ज करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा जहाँ आप ई-मतदान पृष्ठ देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-मतदान सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और दूरस्थ ई-मतदान अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए आपको ई-मतदान सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। |
| अपने **निक्षेपागार सहभागियों** के माध्यम से लॉगिन करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक (डीमेट मोड में प्रतिभूति धारक) | आप ई-मतदान सुविधा के लिए एनएसडीएल/ सीडीएसएल के पास पंजीकृत अपने निक्षेपागार सहभागी के माध्यम से अपने डीमेट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं। सफल लॉगिन के बाद, आप ई-मतदान का विकल्प देख पाएंगे। एक बार जब आप ई-मतदान विकल्प पर क्लिक करते हैं तो आपको सफलतापूर्वक प्रमाणीकरण के बाद एनएसडीएल/ सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा, जहाँ आप ई-मतदान सुविधा देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने व बैठक के दौरान मतदान करने के लिए आपको ई-मतदान सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। |

**महत्वपूर्ण नोट** : जो सदस्य यूज़र आईडी/ पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध 'Forget User ID and Forget Password' विकल्प का प्रयोग करें।

**<u>निक्षेपागार अर्थात सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क :</u>**

| लॉग-इन प्रकार | हेल्पडेस्क विवरण |
|---|---|
| **सीडीएसएल** के साथ डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं। |
| **एनएसडीएल** के साथ डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री संख्या 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर संपर्क कर सकते हैं। |

**चरण 2 :** मूर्त रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक तथा डीमेट रूप में गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक के मामले में सीडीएसएल ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से अभिगम।

V. **भौतिक शेयरधारकों तथा डीमेट रूप में व्यक्तिगत शेयरधारकों के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों** के लिए दूरस्थ ई-मतदान और आभासी बैठक में शामिल होने के लिए के लिए लॉगिन विधि।

1. शेयरधारकों को ई-मतदान वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग-ऑन करना चाहिए।
2. "Shareholders" मॉड्यूल पर क्लिक करें।
3. अब निम्नानुसार अपना यूज़र आईडी प्रविष्ट करें :
   i. सीडीएसएल हेतु : 16 अंकों की हिताधिकारी आईडी।
   ii. एनएसडीएल हेतु : 8 अंकों की डीपी आईडी के बाद 8 अंकों की ग्राहक आईडी।
   iii. भौतिक रूप में शेयरधारक, कंपनी में पंजीकृत अपनी फोलियो संख्या प्रविष्ट करें।
4. दर्शाई गई ईमेज सत्यापन को प्रविष्ट करें और लॉगिन पर क्लिक करें।
5. यदि आपके पास शेयर डीमेट रूप में है और आपने www.evotingindia.com पर लॉगऑन किया है और पूर्व में किसी कंपनी हेतु मतदान किया है तो अपने वर्तमान पासवर्ड का प्रयोग करें।
6. यदि आप प्रथम बार मतदान कर रहे हैं तो निम्न दिए गए चरणों का अनुसरण करें :

| | **भौतिक शेयरधारकों तथा डीमेट रूप में व्यक्तिगत शेयरधारकों के अतिरिक्त अन्य शेयरधारक** |
|---|---|
| पैन | आयकर विभाग द्वारा जारी आपका 10 अंकों का अल्फ़ा-न्यूमेरिक *पैन प्रविष्ट करें (यह डीमेट शेयरधारकों के साथ-साथ भौतिक शेयरधारकों दोनों के लिए लागू है)<br>• ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपना पैन, बैंक/ डिपाजिटरी सहभागी के पास अद्यतित नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे बैंक/आरटीए द्वारा भेजे गए अनुक्रम संख्या का प्रयोग करें या कंपनी/आरटीए से संपर्क करें। |
| लाभांश बैंक विवरण या जन्म-तिथि (डीओबी) | लॉगिन करने हेतु अपने डिमेट खाते में या बैंक अभिलेख में अभिलिखित लाभांश बैंक विवरण या जन्म-तिथि (दिन/ माह/ वर्ष प्रारूप में) प्रविष्ट करें।<br>• यदि दोनों विवरण निक्षेपागार या बैंक के पास पंजीकृत नहीं है तो कृपया लाभांश बैंक विवरण फील्ड में सदस्य आईडी/ फोलियो संख्या प्रविष्ट करें । |

VI. इन विवरणों को उपयुक्त रूप से प्रविष्ट करने के पश्चात "SUBMIT" टैब पर क्लिक करें।

VII. सदस्य जिनके पास मूर्त रूप में शेयर है, सीधे कंपनी सेलेक्शन स्क्रीन पर पहुँच सकते हैं। तथापि, सदस्य जिनके पास डीमेट रूप में शेयर हैं "Password Creation" मेनु में पहुँचेंगे, जहाँ उन्हें नए पासवर्ड स्थान में अनिवार्य रूप से अपना लॉगिन पासवर्ड दर्ज करना होगा। कृपया नोट करें कि डीमेट धारकों द्वारा इस पासवर्ड का उपयोग किसी भी कंपनी जिसमें वह वोट देने के लिए पात्र है, किया जा सकता है बशर्ते कंपनी, सीडीएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग का चयन करती है। प्रबलतापूर्वक अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं तथा अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतें।

VIII. शेयरधारक जिनके पास शेयर मूर्त रूप में हैं, इस नोटिस में निहित संकल्प पर केवल ई-मतदान के लिए ब्यौरे का उपयोग किया जा सकता है।

IX. पंजाब एण्ड सिंध बैंक के "EVSN" पर क्लिक करें जिसको आप मतदान करना चाहते हैं।

X. मतदान पृष्ठ पर आप "RESOLUTIONS DESCRIPTION" के समक्ष YES/ NO का विकल्प, वोटिंग के लिए देखेंगे। इच्छानुसार "YES" अथवा "NO" विकल्प का चयन करें। "YES" का विकल्प, संकल्प के प्रति आपकी सहमति सूचित करता है तथा "NO" का विकल्प, संकल्प के प्रति आपकी असहमति सूचित करता है।

XI. यदि आप सभी संकल्प विवरणों को देखना चाहते हैं तो "RESOLUTIONS FILE LINK" पर क्लिक करें।

XII. जिस प्रस्ताव पर आपने वोट देने का फैसला किया है, उसे चुनने के बाद, " SUBMIT" पर क्लिक करें। एक पुष्टिकरण बॉक्स दिखाई देगा। यदि आप अपना वोट कन्फर्म करना चाहते हैं, तो "OK" पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए, " CANCEL" पर क्लिक करें और तदनुसार अपना वोट संशोधित करें।

XIII. संकल्प पर एक बार मतदान की "CONFIRM" के पश्चात मतदान को संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी।

XIV. मतदान पृष्ठ के "Click here to print" विकल्प पर क्लिक करके आप अपने द्वारा किए गए मतदान का प्रिंट भी निकाल सकते हैं।

XV. यदि डीमेट खाताधारक अपना लॉगिन पासवर्ड भूल गए हैं तो यूज़र आईडी और ईमेज सत्यापन कोड को प्रविष्ट करें तथा "Forgot Password" पर क्लिक करें और प्रणाली द्वारा मांगे गए विवरण को प्रविष्ट करें।

XVI. यहाँ पर BR/POA अपलोड करने का वैकल्पिक प्रावधान भी है (यदि कोई अपलोड है) जिसे सत्यापन के लिए संवीक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा।

**XVII. गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों तथा अभिरक्षकों के लिए अतिरिक्त सुविधा – केवल दूरस्थ मतदान के लिए**

- गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि के अतिरिक्त) तथा अभिरक्षकों को www.evotingindia.com पर लॉग-ऑन करना होगा और "Corporates" मॉड्यूल में स्वयं को पंजीकृत करना होगा।
- पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति जिस पर संस्था की मुहर तथा हस्ताक्षर हो, को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल की जानी चाहिए।
- लॉगिन विवरण प्राप्त होने के बाद, एडमिन लॉगिन तथा पासवर्ड का उपयोग करके अनुपालन यूजर सृजित करना चाहिए। अनुपालन यूजर, खाता (ओं) को लिंक करने समर्थ होगा जिसके लिए वो मतदान करना चाहते हैं।
- लॉगिन में संबद्ध खातों की सूची स्वतः मैप होगी तथा गलत मैपिंग के लिए डी-लिंक भी की जा सकती है।
- यह अनिवार्य है कि बोर्ड संकल्प तथा मुख्तारनामा (पीओए) की स्कैन प्रति जिसे उन्होंने अभिरक्षक के पक्ष में जारी किया है (यदि कोई है), तो संवीक्षक के पास उसके सत्यापन के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड की जानी चाहिए।
- वैकल्पिक रूप से गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों को विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो मतदान के लिए अधिकृत है, के अनुप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर सहित प्रासंगिक बोर्ड संकल्प/ प्राधिकरण पत्र इत्यादि ,संवीक्षक तथा बैंक को ईमेल पते अर्थात scrutinizer@snaco.net तथा complianceofficer@psb.co.in पर भेजना आवश्यक है यदि वे वैयक्तिक टैब से मतदान कर चुके हैं और जांच के लिए उसे संवीक्षक को सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली में अपलोड नहीं किया गया है।

**जिन शेयरधारकों के ई-मेल/मोबाइल नंबर, बैंक अथवा निक्षेपागारों के पास पंजीकृत नहीं है, उनके लिए प्रक्रिया :**

1. **भौतिक शेयरधारकों के लिए –** कृपया complianceofficer@psb.co.in/ delhi@linkintime.co.in को ई-मेल द्वारा आवश्यक विवरण यथा फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण-पत्र की स्कैन प्रति (अग्र और पश्च), पैन (पैन कार्ड की स्व अनुप्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व अनुप्रमाणित स्कैन प्रति) उपलब्ध कराएं।

2. **डीमेट शेयरधारकों के लिए –** कृपया अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास अपना मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर अद्यतित करें।

3. **वैयक्तिक डीमेट शेयरधारकों के लिए -** कृपया अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास अपना मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर अद्यतित करें जो ई-मतदान करने तथा डिपॉजिटरी के माध्यम से आभासी बैठक में शामिल होने के लिए अनिवार्य है।

**वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और बैठक के दौरान ई-मतदान करने वाले शेयरधारकों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:**

1. एजीएम के दिन बैठक में भाग लेने तथा ई-मतदान के लिए प्रक्रिया, दूरस्थ ई-मतदान के लिए ऊपर बताए गए निर्देशों के समान ही है।
2. बैठक में भाग लेने के लिए वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक, दूरस्थ ई-मतदान के लिए ऊपर उल्लिखित निर्देशों के अनुसार सफल लॉगिन के बाद बैंक के ईवीएसएन प्रदर्शित किए जाने वाले स्थान पर उपलब्ध होगा।
3. दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से मतदान करने वाले शेयरधारक बैठक में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। हालांकि, वे एजीएम में मतदान के पात्र नहीं होंगे।
4. शेयरधारकों से अनुरोध है कि बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप/ आईपैड के माध्यम से बैठक में भाग लें।
5. तत्पश्चात, शेयरधारकों को कैमरा उपयोग की अनुमति देने तथा बैठक के दौरान किसी भी बाधा से बचने के लिए अच्छी गति के इंटरनेट के उपयोग की आवश्यकता होगी।
6. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल हॉटस्पॉट से कनेक्ट करके मोबाइल उपकरणों या टेबलेट या लैपटॉप के माध्यम से जुड़ने वाले सहभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में विचलन के कारण ऑडियो/ विडियो घटने का अनुभव हो सकता है। किसी प्रकार के पूर्वोक्त गड़बड़ी को कम करने के लिए स्थिर वाई-फाई या लेन कनेक्शन के उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है।
7. शेयरधारक जो बैठक के दौरान अपना विचार व्यक्त करना चाहते हैं/ प्रश्न पूछना चाहते हैं, **21 जुलाई, 2025 तक** अपना नाम, डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर समाविष्ट अपना अनुरोध स्पीकर के रूप में complianceofficer@psb.co.in पर पंजीकृत करें। वे शेयरधारक जो एजीएम के दौरान बोलना नहीं चाहते हैं लेकिन उन्हें किसी विषय में जानकारी चाहिए तो **21 जुलाई, 2025 तक** अपना नाम, डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर समाविष्ट अपने प्रश्न complianceofficer@psb.co.in पर भेजें। इन प्रश्नों के उत्तर बैंक द्वारा ई-मेल से समुचित रूप से दिया जाएगा।

8. जिन शेयरधारकों ने अपने को वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, बैठक के दौरान केवल उन्हें ही अपने विचार व्यक्त करने/ प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।
9. केवल वे शेयरधारक, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं और दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से संकल्पों पर अपना मतदान नहीं किया है और जिन्हें अन्यथा ऐसा करने से नहीं रोका गया है, एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान के पात्र होंगे।
10. यदि एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-मतदान के माध्यम से किसी शेयरधारक द्वारा मतदान किया जाता है और उस शेयरधारक ने वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग नहीं लिया है तो ऐसे शेयरधारक द्वारा किए गए मतदान को अमान्य माना जाएगा क्योंकि बैठक के दौरान ई-मतदान की सुविधा केवल बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है।

यदि आपको एजीएम में भाग लेने एवं सीडीएसएल ई-मतदान प्रणाली से ई-मतदान के संबंध में किसी प्रकार की जिज्ञासा या प्रश्न है तो helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1-800-22-5533 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान की सुविधा से जुड़े सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) केंद्रीय डिपॉजिटरी सर्विस (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25 वाँ तल, मैराथन फ्यूचर, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 पर संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल करें या टोल-फ्री नंबर 1800-22-5533 पर संपर्क करें।

**11. संवीक्षक**

निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-मतदान प्रक्रिया की संवीक्षा के लिए बैंक द्वारा मैसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यम एण्ड कंपनी, कंपनी सचिवों को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

एजीएम संपन्न होने के 48 घंटे भीतर संवीक्षक, बैठक के अध्यक्ष को कुल डाले गए मतदान पर समेकन संवीक्षक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और अध्यक्ष या उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत व्यक्ति उस पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे तथा शेयर बाजारों एवं बैंक वेबसाइट पर संवीक्षक रिपोर्ट सहित परिणाम डालकर तत्काल मतदान के परिणाम की घोषणा करेंगे।

**12. अदत्त \अदावाकृत लाभांश, यदि कोई हो**

जिन शेयरधारकों ने पिछले वर्षों के अपने लाभांश वारंट का नकदीकरण नहीं लिया है, उनसे अनुरोध है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट से उपरोक्त पते पर या एनबीसीसी कार्यालय कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 पर बैंक के शेयर कक्ष में संपर्क करें।

**13. अन्य सूचना**

a) सेबी और एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, ई-मतदान की प्रक्रिया तथा शिष्टता दर्शाने के साथ-साथ बैंक की 15वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना समाविष्ट, 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट उन समस्त शेयरधारकों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित की जा रही है जिनके ई-मेल आईडी, रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) अर्थात "लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड"/ निक्षेपागार सहभागी (पी) के पास पंजीकृत हैं।

b) बैंक द्वारा प्रारंभ किए गए 'हरित पहल' के मद्देनजर शेयरधारकों से अनुरोध है कि डीमेट रूप में धारित शेयरों के लिए अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी के पास तथा भौतिक रूप में शेयर धारित होने पर बैंक के आरटीए (आरटीए का ईमेल आईडी: delhi@linkintime.co.in) के पास अपना ईमेल आई-डी पंजीकृत करें। इसके अतिरिक्त नाम, डाक-पता, ई-मेल पता, दूरभाष/ मोबाइल नंबर, स्थाई खाता संख्या (पैन), अधिदेश, नामांकन, बैंक विवरण यथा बैंक का नाम व शाखा विवरण, बैंक खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड इत्यादि से संबंधित किसी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक उसकी सूचना अपने डीपी को दें तथा भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक आरटीए को सूचित करें।

c) समरूप नाम या संयुक्त नाम के समान क्रम में अनेक फोलियो में भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि एकल फोलियो में समेकन के लिए अपने शेयर प्रमाण-पत्र, आरटीए को प्रेषित करें।

## 14. शेयरधारकों के लिए संपर्क विवरण

इस संचार के किसी भी प्रकरण अथवा पंजाब एण्ड सिंध बैंक के शेयर/लाभांश से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर स्पष्टीकरण/सहायता के लिए आप हमसे/आरटीए से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं (कृपया अपने पत्राचार/संचार में अपना फोलियो नंबर/ दूरभाष नंबर/ मोबाइल नंबर/ ई-मेल पता उद्धृत करें) :

| | |
|---|---|
| एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड<br>यूनिट : पंजाब एण्ड सिंध बैंक<br>नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट सं. एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058<br>दूरभाष: +91 11 4141 0592, 93, 94<br>फैक्स: +91 11 4141 0591<br>ईमेल: delhi@in.mpms.mufg.com | कंपनी सचिव<br>पंजाब एण्ड सिंध बैंक<br>कॉरपोरेट कार्यालय - एनबीसीसी कार्यालय कॉम्प्लेक्स प्रथम तल, ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर नई दिल्ली-110023<br>दूरभाष : 011-40175169<br>ई-मेल : complianceofficer@psb.co.in |

सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/सीआईआर/2023/72 दिनांकित 08 जून, 2023 के माध्यम से आरटीए को सेवा अनुरोधों/शिकायतों के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल ऑनलाइन व्यवस्था या पोर्टल स्थापित करने की सलाह दी थी।

सेबी के परामर्श अनुसार, बैंक आरटीए (मेसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) ने नवीनतम निवेशक स्व-सेवा पोर्टल '**SWAYAM**' आरंभ किया है।

'**SWAYAM**' एक सुरक्षित, उपयोगकर्ता-अनुकूल वेब आधारित एप्लिकेशन है जो शेयरधारकों को विभिन्न सेवाओं तक सुगम पहुंच के लिए सक्षम करता है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि एप्लिकेशन पर अपना पंजीकरण करें और पोर्टल का प्रत्यक्ष अनुभव लें।

इस एप्लिकेशन को https://swayam.in.mpms.mufg.com/ पर एक्सेस किया जा सकता है।

- सेवा अनुरोध का प्रभावी समाधान - SWAYAM के माध्यम से सेवा अनुरोध/शिकायत करें और उसकी स्थिति प्राप्त करें।
- विशेषताएं – उपयोगकर्ता-अनुकूल जीयूआई।
- लाभांश/ ब्याज/ संदाय/ स्पलिट जैसी कॉरपोरेट कार्रवाई निगरानी करें।
- पैन आधारित निवेश - पैन से संबद्ध खातों, कंपनीवार धारिता और प्रतिभूति मूल्यांकन तक पहुँच प्रदान करता है।
- अदत्त राशि के लिए सहजतापूर्वक अनुरोध करें।
- स्वयं सेवा पोर्टल – अमूर्त रूप में धारित प्रतिभूतियों और भौतिक प्रतिभूतियों के लिए, जिनके फोलियो केवाईसी अनुरूप हैं।
- विवरणी - संपूर्ण धारिता और कॉरपोरेट लाभ की स्थिति का अवलोकन करें।
- लॉगिन पर द्विकारक प्रमाणीकरण (2FA) - निवेशकों के लिए सुरक्षा उन्नत करता है।

## 15. पैन, केवाईसी, बैंक विवरण तथा नामांकन इत्यादि प्रस्तुत करने के लिए मानदंड :

सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2023/37 दिनांकित 16.03.2023 के अनुसार, मूर्त रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को बैंक/बैंक आरटीए को उनके संबंधित फोलियो नंबर के लिए वैध पैन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर और नामांकन विवरण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसरण में मूर्त रूप में शेयर रखने वाले समस्त शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वैध पैन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण तथा नामांकन विवरण इत्यादि नीचे दिए गए प्रपत्रों में अविलंब बैंक/आरटीए को प्रस्तुत करें :

| क्र. सं. | फॉर्म/प्रपत्र | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1 | फॉर्म आईएसआर-1 | पैन, केवाईसी विवरण पंजीकृत/अद्यतित करने के लिए। |
| 2 | फॉर्म आईएसआर-2 | बैंक द्वारा प्रतिभूति धारक के हस्ताक्षर की पुष्टि के लिए। |
| 3 | फॉर्म आईएसआर-3 | नामांकन के ऑप्टिंग-आउट के लिए घोषणा-पत्र। |
| 4 | फॉर्म एसएच-13 | नामांकन फॉर्म। |
| 5 | फॉर्म एसएच-14 | नामांकन का निरसन या परिवर्तन (यदि कोई हो)। |

उपरोक्त समस्त फॉर्म (आईएसआर-1, आईएसआर-2, आईएसआर-3, एसएच-13, एसएच-14) हमारी वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/system/uploads/document/2150_2021123116360123014.pdf पर उपलब्ध हैं।
उपरोक्त के मद्देनज़र हम शेयरधारकों से अनुरोध करते है कि मेसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट सं. एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 पर बैंक आरटीए को समर्थित दस्तावेजों सहित विधिवत भरे हुए निवेशक सेवा अनुरोध फॉर्म जमा करें।

सेबी ने अपने परिपत्र सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2023/181 दिनांकित 17.11.2023 के माध्यम निम्नलिखित प्रावधान को समाप्त कर दिया है :

- जिन फोलियो में अनिवार्य विवरण यथा पैन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर और नामांकन विवरण उपलब्ध नहीं हैं, उनको अवरुद्ध/कीलन करना।
- बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 और/या धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आरटीए/सूचीबद्ध कंपनी द्वारा प्रशासनिक प्राधिकारी को फोलियो का संदर्भ देना।

**16. भौतिक धारिता का अमूर्तीकरण – विशेष अनुरोध :**

a) सेबी ने अपने प्रेस-विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनांकित 27.03.2019 के माध्यम से निर्णय लिया है कि प्रतिभूतियों के प्रेषण या प्रतिस्थापन के प्रकरण को छोड़कर, प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी अनुरोधों पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि प्रतिभूतियों को दिनांक 01.04.2019 से निक्षेपागार के पास गैर-कागज़ी (डीमैट) रूप में न रखा जाए। इसलिए, हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी भौतिक धारिता को अविलंब डीमैट कराए।

b) सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 40 (1) के अनुसार, भौतिक रूप में धारित प्रतिभूतियों का अंतरण दिनांक 01.04.2019 से समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार शेयरों का अंतरण उसी स्थिति में किया जा सकता है जब शेयर गैर-कागज़ी (डीमैट) रूप में रखे गए हों।

c) इसके अतिरिक्त, सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी_आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2022/8 दिनांकित 25.01.2022 के माध्यम से निर्णय लिया है कि सूचीबद्ध कंपनियां भविष्य में अनुलिपि शेयर प्रमाण-पत्र जारी करने, प्रेषण, प्रतिस्थापन इत्यादि के अनुरोधों पर कार्रवाई करते समय केवल डीमैट रूप में ही प्रतिभूतियाँ जारी करेंगी। उपरोक्त के मद्देनजर बैंक के समस्त शेयरधारकों से अनुरोध है कि भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक अपना शेयर अमूर्तीकृत कराएं। शेयरों को गैर-कागज़ी (डीमैट) रूप में धारित करने के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं :

i. भौतिक शेयर प्रमाण-पत्र के क्षतिग्रस्त होने अथवा गुम होने की संभावना क्षीण हो जाती है;
ii. शेयर प्रमाणपत्रों के फटने या जालसाजी या विकृत होने की संभावना समाप्त हो जाती है;
iii. अमूर्तीकरण से शेयरों के कागज रहित व्यापार की सुगमता और सुविधा मिलती है। एक बार निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास डीमैट खाता खुल जाने पर शेयरधारक सहजतापूर्वक इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर क्रय अथवा विक्रय कर सकता है।

**17. भौतिक रूप में धारित शेयरों के अमूर्तीकरण के लिए प्रक्रिया**

विद्यमान शेयर प्रमाण-पत्रों के विवरण में किसी प्रकार के परिवर्तन नहीं होने की स्थिति में अमूर्तीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है:

**(A) शेयरधारक जिनके पास डीमैट खाता नहीं है :**

शेयरधारकों को अपने निकटतम निक्षेपागार सहभागी (डीपी) से संपर्क करना होगा तथा पंजाब एण्ड सिंध बैंक में धारित शेयर के अनुरूप नाम व शैली में डीमैट खाता खुलवाना होगा।
डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक को मूल शेयर प्रमाण-पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित डीमैट अनुरोध फॉर्म (डीआरएफ), डीपी को सौंपना होगा, जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा।
आरटीए, डीआरएफ की संवीक्षा/सत्यापन करेगा तथा उचित पाए जाने पर शेयरधारक के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा किए जाएंगे।

**(B) शेयरधारक जिनके पास पहले से ही डीमैट खाता है :**

जिन शेयरधारकों के पास पहले से ही डीमैट खाता है, उन्हें यह जांचना आवश्यक है कि क्या उनका विद्यमान डीमैट खाता, पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता के अनुसार उसी नाम और शैली में है। यदि हाँ, तो शेयरधारक को मूल शेयर प्रमाण-पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित डीआरएफ, निक्षेपागार सहभागी के पास जमा करना होगा जो इसे बैंक आरटीए को अग्रेषित करेगा।

आरटीए, डीआरएफ की संवीक्षा/सत्यापन करेगा तथा उचित पाए जाने पर शेयरधारक के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा किए जाएंगे।

यदि विद्यमान डीमैट खाता, नाम के समान क्रम में नहीं है तो शेयरधारक को मार्गदर्शन के लिए अपने डीपी से संपर्क करना होगा।

यदि विद्यमान शेयर प्रमाण-पत्रों के विवरण में कोई बदलाव है तो हमारे आरटीए अर्थात एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड या उपरोक्त उल्लिखित पते पर बैंक से संपर्क करें।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.07.2024

साकेत मेहरोत्रा
कंपनी सचिव

## व्याख्यात्मक विवरणी

**मद संख्या 3 : बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री राजीवा को नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1C) के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति हेतु शेयरधारकों की स्वीकृति आगामी सामान्य बैठक में ली जाए। तदनुसार, 9 अगस्त, 2024 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री राजीव की नियुक्ति हेतु शेयरधारकों का अनुमोदन अपेक्षित है।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने अधिसूचना संख्या ईएफ.सं.4/5(ii)/2023-बीओ.। दिनांकित 9 अगस्त, 2024 के अनुसार पदभार ग्रहण करने की तिथि अर्थात 9 अगस्त, 2024 से या आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, श्री राजीवा को पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

**सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 36(3) और सचिवीय मानक 2 के अनुसार ईजीएम में नियुक्ति के इच्छुक निदेशक का विवरण**

निदेशक का नाम : श्री राजीवा
आयु : 57 वर्ष

**श्री राजीवा का संक्षिप्त परिचय**

शैक्षणिक योग्यता : कला में स्नातकोत्तर, बैंकिंग एवं वित्त में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर तथा भारतीय बैंकर संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) भी हैं।

श्री राजीवा ने बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है। पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व वह पंजाब नैशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। कला में स्नातकोत्तर सहित बैंकिंग और वित्त में व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर तथा भारतीय बैंकर संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) भी हैं।

उन्होंने वर्ष 1993 में पंजाब नैशनल बैंक में अपने बैंकिंग केरियर की शुरूआत की। तीन दशकों से अधिक के केरियर में श्री राजीवा को समस्त प्रमुख बैंकिंग क्षेत्रों विशेषतः ग्रामीण तथा नगरीय शाखाओं में कार्य का अनुभव है। उन्हें क्रेडिट, विशेष रूप से कॉरपोरेट क्रेडिट में विशेषज्ञता प्राप्त है। उन्होंने पीएनबी की विदेशी सहायक कंपनी पीएनबी (अंतरराष्ट्रीय) लिमिटेड का नेतृत्व किया है।

उन्होंने मैकेन्ज़ी और एफएसआईबी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "आरोहण" प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 36(3) के संदर्भ में अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

a) बैंक के व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक कौशल/विशेषज्ञता/क्षमताओं की पहचान भारत सरकार द्वारा की जाती है तथा तदनुसार, बैंक निदेशक मंडल में निदेशक की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।
b) निदेशकों के मध्य कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।
c) अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद : शून्य
d) विगत तीन वर्षों में श्री राजीवा जिन सूचीबद्ध संस्थाओं के निदेशक रहे हैं, उनके नाम : शून्य
e) पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता : शून्य

श्री राजीवा भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार मानदेय/प्रतिपूर्ति हेतु पात्र हैं।

श्री राजीवा या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक का कोई भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, एजीएम सूचना में संलग्न मद संख्या 3 में वर्णित सामान्य संकल्प से संबंधित या हितबद्ध नहीं हैं।

**मद संख्या 4 : बैंक के आरबीआई नामित निदेशक के रूप में श्री विवेक श्रीवास्तव की नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1C) के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति हेतु शेयरधारकों की स्वीकृति आगामी सामान्य बैठक में ली जाए। तदनुसार, 12 दिसंबर, 2024 से बैंक के बोर्ड में आरबीआई नामित निदेशक के रूप में श्री विवेक श्रीवास्तव की नियुक्ति हेतु शेयरधारकों का अनुमोदन अपेक्षित है।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (C) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने अधिसूचना संदर्भ एफ. सं.6/3/2011-बीओ-। दिनांकित 12 दिसंबर, 2024 के अनुसार तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक श्री विवेक श्रीवास्तव को पंजाब एण्ड सिंध बैंक में आरबीआई नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

**सेबी (एलओडीआर) के विनियम 36 (3) और सचिवीय मानक 2 के अनुसार एजीएम में नियुक्ति के इच्छुक निदेशक का विवरण**

निदेशक का नाम : श्री विवेक श्रीवास्तव
आयु : 57 वर्ष
शैक्षणिक योग्यता : लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एससी

**श्री विवेक श्रीवास्तव का संक्षिप्त परिचय**

श्री विवेक श्रीवास्तव एक अनुभवी केंद्रीय बैंकर हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात नवंबर, 1990 में भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने आरबीआई के विभिन्न केंद्रों एवं विभागों में कार्य किया है एवं दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई में सेवाएं प्रदान की है तथा वर्तमान में चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने मुद्रा प्रबंधन, सार्वजनिक ऋण प्रबंधन एवं मानव संसाधन जैसे क्षेत्रों में कार्य किया है। उन्होंने अपने करियर का अधिकांश भाग मुंबई में केंद्रीय कार्यालय के विभागों में पूर्ण किया है, इस दौरान उन्होंने विनियमन विभाग एवं विदेशी मुद्रा विभाग जैसे प्रमुख विभागों में लंबे समय तक कार्य किया है। वह केवाईसी, एएमएल, सीएफटी के क्षेत्र में एक प्रमुख कार्मिक रहे हैं। उन्होंने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की कई पूर्ण बैठकों में भाग लिया और देश का प्रतिनिधित्व किया तथा इसके अतिरिक्त उन्होंने सरकार द्वारा गठित संयुक्त कार्य समूह में आरबीआई का प्रतिनिधित्व किया, जो देश के जोखिम मूल्यांकन का आकलन करता है। उन्होंने एएमएल के क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर वक्ता के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह किया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार का भारतीय रुपये में निपटाने की नीति निर्मित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का वहन किया है।

**सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 36 (3) के संदर्भ में अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

a) बैंक के व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक कौशल/विशेषज्ञता/क्षमताओं की पहचान भारत सरकार द्वारा की जाती है तथा तदनुसार, बैंक निदेशक मंडल में निदेशक की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।
b) निदेशकों के मध्य कोई पारस्परिक संबंध नहीं हैं।
c) अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद : शून्य
d) विगत तीन वर्षों में श्री विवेक श्रीवास्तव जिन सूचीबद्ध संस्थाओं के निदेशक रहे हैं, उनके नाम : शून्य
e) पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता : शून्य

श्री विवेक श्रीवास्तव भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार मानदेय/प्रतिपूर्ति हेतु पात्र हैं।

श्री विवेक श्रीवास्तव या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक का कोई भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, एजीएम सूचना में संलग्न मद संख्या 4 में वर्णित सामान्य संकल्प से संबंधित या हितबद्ध नहीं हैं।

**मद संख्या 5 : बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री शंकर लाल अग्रवाल की पुनर्नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1C) के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति हेतु शेयरधारकों की स्वीकृति आगामी सामान्य बैठक में ली जाए। इसके अतिरिक्त, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 25 (2A) के अनुसार, किसी सूचीबद्ध संस्था के स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति या निष्कासन विशेष प्रस्ताव के माध्यम से शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन होगा। तदनुसार, 11 अप्रैल, 2025 से बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री शंकर लाल अग्रवाल की पुनर्नियुक्ति के लिए वार्षिक सामान्य बैठक में विशेष प्रस्ताव के माध्यम से शेयरधारकों का अनुमोदन अपेक्षित है।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (h) एवं उपधारा (3A) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने अधिसूचना ईएफ.सं. 6/1(iii)/2024-बीओ.I दिनांकित 11 अप्रैल, 2025 से अधिसूचना की तिथि से 1 वर्ष की अवधि के लिए या आगामी आदेशों तक, जो भी पहले हो, श्री शंकर लाल अग्रवाल को पंजाब एण्ड सिंध बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में 11 अप्रैल, 2025 से पुनर्नियुक्त किया है।

**सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 36 (3) और सचिवीय मानक 2 के अनुसार एजीएम में पुनर्नियुक्ति के इच्छुक निदेशक का विवरण**

निदेशक का नाम : श्री शंकर लाल अग्रवाल
आयु : 65वर्ष
शैक्षणिक योग्यता : सनदी लेखाकार

**श्री शंकर लाल अग्रवाल का संक्षिप्त परिचय**

श्री शंकर लाल अग्रवाल सनदी लेखाकार हैं तथा वर्ष 1989 से एस गर्ग एंड कंपनी के वरिष्ठ साझेदार हैं। उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से बी. कॉम और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें लेखा, कराधान, बजट एवं सार्वजनिक वित्त के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। वे विभिन्न समितियों यथा राजस्थान सरकार की राज्य लोक निवारण और शिकायत समिति, आईसीएआई की शैक्षणिक समिति और परियोजना समिति, आईसीएआई की सार्वजनिक वित्त और सरकारी लेखा समिति, आईसीएआई की क्षेत्रीय राज्यवार पीडीसी उप समिति राजस्थान में सह-समन्वयक, तकनीकी सलाहकार सरकारी उद्यमी, वैट सलाहकार और शिकायत समिति, वित्त और बजट सलाहकार समिति, राजस्थान कर सलाहकार संघ के कार्यकारी सदस्य के रूप में शामिल रहे हैं। उन्होंने विभिन्न अध्ययन समूहों में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, ताशकंद (उज्बेकिस्तान), बाली (इंडोनेशिया) हांगकांग, मकाऊ, हंगरी (बुडापेस्ट), चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, ऑस्ट्रिया, जर्मनी आदि का दौरा किया। उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखी हैं तथा कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के लिए संपादकीय भी लिखे हैं। वे भारत सरकार के उपक्रम हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड और सांभर साल्ट लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक भी रहे हैं।

**सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 36 (3) के संदर्भ में अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

a) बैंक के व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक कौशल/विशेषज्ञता/क्षमताओं की पहचान भारत सरकार द्वारा की जाती है तथा तदनुसार, बैंक निदेशक मंडल में निदेशक की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।
b) निदेशकों के मध्य कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।
c) अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद : शून्य
d) विगत तीन वर्षों में श्री शंकर लाल अग्रवाल जिन सूचीबद्ध संस्थाओं के निदेशक रहे हैं, उनके नाम : शून्य
e) पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता : शून्य

श्री शंकर लाल अग्रवाल भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार मानदेय/प्रतिपूर्ति हेतु पात्र हैं।

श्री शंकर लाल अग्रवाल या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक का कोई भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, एजीएम सूचना में संलग्न मद संख्या 5 में वर्णित विशेष संकल्प से संबंधित या हितबद्ध नहीं हैं।

**मद संख्या 6 : बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री स्वरूप कुमार साहा के कार्यकाल विस्तार को अनुमोदित करना।**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1C) के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति हेतु शेयरधारकों की स्वीकृति आगामी साधारण बैठक में ली जाए। तदनुसार, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री स्वरूप कुमार साहा कार्यकाल 28 फरवरी, 2027 तक विस्तारित करने के लिए वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों का अनुमोदन आवश्यक है।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने अधिसूचना एफ. सं. 4/3/2024-बीओ। दिनांकित 02.06.2025 के माध्यम से वर्तमान अधिसूचित अवधि से परे, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री स्वरूप कुमार साहा के कार्यकाल को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि यथा 28 फरवरी, 2027 तक अथवा आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, विस्तारित किया है।

**सेबी (एलओडीआर) के विनियम 36 (3) और सचिवीय मानक 2 के अनुसार एजीएम में नियुक्ति के इच्छुक निदेशक का विवरण।**

निदेशक का नाम : श्री स्वरूप कुमार साहा
आयु : 58 वर्ष
शैक्षणिक योग्यता : विज्ञान में स्नातक, सीएआईआईबी, आईआईबीएफ से कोष, निवेश और जोखिम प्रबंधन में डिप्लोमा, आईआईबीएफ से वित्तीय सेवा में जोखिम में प्रमाण-पत्र।

**श्री स्वरूप कुमार साहा का संक्षिप्त परिचय**

श्री स्वरूप कुमार साहा ने 3 जून, 2022 को पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। पंजाब एण्ड सिंध बैंक में एमडी एवं सीईओ के पद पर कार्यरत होने से पूर्व वे 10 मार्च, 2021 से पंजाब नैशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

श्री साहा, कोलकाता विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक हैं तथा वर्ष 1990 में उन्होंने परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में पूर्ववर्ती ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से अपने बैंक कैरियर का आरंभ किया। ये इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित संबद्ध सदस्य (सीएआईआईबी) हैं। इन्होंने भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) से कोष, निवेश और जोखिम प्रबंधन (डीटीआईआरएम) में डिप्लोमा और सीआईएसआई, लंदन के सहयोग से आईआईबीएफ द्वारा वित्तीय सेवाओं में जोखिम में प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किए हैं।

अपने 30 वर्षों से अधिक के कैरियर में इन्हें मानव संसाधन विकास, कोष, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, ऋण, जोखिम प्रबंधन, संगठन पुनर्संरचना और बोर्ड मामलों का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

पंजाब नैशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्य करते हुए इन्होंने ट्रेजरी एंड इंटरनेशनल बिजनेस,वसूली, खुदरा, एग्रीकल्चर एंड एमएसएमई (रैम) क्रेडिट, डिजिटल बैंकिंग, फिनटेक और डिजिटल सहयोग, शुल्क आय और समूह व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री साहा ने पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड और पीएनबी कार्ड्स एंड सर्विसेज लिमिटेड के बोर्ड में अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

श्री साहा, आईआईएम, बैंगलोर के माध्यम से आयोजित बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) के 2019 में प्रमुख नेतृत्व विकास कार्यक्रम में प्रतिभागियों में शामिल थे। इन्होंने सीएफएआरएएल/ स्टर्न बिज़नेस स्कूल, न्यूयॉर्क द्वारा संचालित उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम तथा एनआईबीएम और केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, यूएसए द्वारा संचालित नेतृत्व विकास कार्यक्रम में सहभागिता की है।

**सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) के संदर्भ में अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

a) बैंक के व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक कौशल/विशेषज्ञता/क्षमताओं की पहचान भारत सरकार द्वारा की जाती है तथा तदनुसार, बैंक निदेशक मंडल में निदेशक की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।
b) निदेशकों के मध्य कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।
c) अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद : शून्य
d) विगत तीन वर्षों में श्री स्वरूप कुमार साहा जिन सूचीबद्ध संस्थाओं के निदेशक रहे हैं, उनके नाम : शून्य
e) पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता : शून्य

श्री स्वरूप कुमार साहा भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार मानदेय/प्रतिपूर्ति हेतु पात्र हैं।

श्री स्वरूप कुमार साहा या उनके रिश्तेदारों के अतिरिक्त बैंक का कोई भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, एजीएम सूचना में संलग्न मद संख्या 6 में वर्णित सामान्य संकल्प से संबंधित या हितबद्ध नहीं हैं।

**मद संख्या 7 : वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा करने और वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट जारी करने के लिए सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में मेसर्स आर एस कथूरिया एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव की नियुक्ति को अनुमोदित करना।**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 24A के अनुसार, भारत में निगमित प्रत्येक सूचीबद्ध इकाई एवं उसकी महत्वपूर्ण गैर-सूचीबद्ध सहायक कंपनियों को एक सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा करानी होगी तथा सूचीबद्ध इकाई की वार्षिक रिपोर्ट सहित निर्दिष्ट प्रपत्रों में एक सचिवीय लेखा परीक्षक रिपोर्ट संलग्न करनी होगी।

निदेशक मंडल की सिफारिश के आधार पर, एक सूचीबद्ध इकाई निम्नलिखित को नियुक्त या पुनर्नियुक्त करेगी:

(i) किसी व्यक्ति का सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में एक कार्यकाल लगातार पाँच वर्षों से अधिक का नहीं हो; या
(ii) किसी सचिवीय लेखा परीक्षा फर्म को सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में दो कार्यकाल लगातार पाँच वर्षों से अधिक के नहीं हो।

मेसर्स आर. एस. कथूरिया एंड कंपनी का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

श्री आर. एस. कथूरिया एक कार्यरत कंपनी सचिव हैं तथा उन्होंने अप्रैल 1999 में इस फर्म की स्थापना की थी। उन्हें 25 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है तथा वह कॉरपोरेट कानूनों, प्रतिभूति कानूनों, विलय, एकीकरण, विभाजन, अनुबंधों एवं मुकदमों, भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सहायक कंपनियों के वैधानिक अनुपालन लेखा परीक्षा, सरकारी अनुमोदनों के लिए संपर्क, नए व्यवसाय की स्थापना आदि से संबंधित पेशेवर सलाहकार सेवाओं एवं सचिवीय सेवाओं में विशेषज्ञता प्राप्त है।

बैंक के अनुरोध के अनुसार, उन्होंने ₹1,20,000 प्रति वर्ष के शुल्क और लागू करों पर बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्य करने हेतु सहमति व्यक्त की है।

बैंक के निदेशक मंडल ने 20 जून, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में मेसर्स की नियुक्ति की अनुशंसा की है। मेसर्स आर. एस. कथूरिया एंड कंपनी, कार्यरत कंपनी सचिव, को वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक लगातार 5 वर्षों की अवधि के लिए बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में उपर्युक्त शुल्क के अनुसार नियुक्त किया जाता है जो आगामी वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

बैंक के किसी भी निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा उनके रिश्तेदारों को बैंक में उनकी शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा के अतिरिक्त, उपर्युक्त प्रस्ताव में हितबद्ध या संबद्ध नहीं माना जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.07.2025

साकेत मेहरोत्रा
कंपनी सचिव

## निदेशक रिपोर्ट 2024-25

हमारे मूल्यवान हितधारकों के लिए,

निदेशक मंडल, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कार्य-निष्पादन पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। यह रिपोर्ट वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थितियों, बैंक की वित्तीय उपलब्धियों और आरंभ की गई प्रमुख रणनीतिक पहलों का विहंगावलोकन प्रस्तुत करती है।

### 1) वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

अमेरिका में प्रशासनिक परिवर्तन, अविरत युद्धों और बढ़ते व्यापार तनाव के मध्य वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है जिससे विकास और मुद्रास्फीति के लिए जोखिम बढ़ गए हैं।

हाल के महीनों में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेज़ी से बदल रहा है। हाल ही में व्यापार शुल्क संबंधी कार्रवाइयों ने अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है जिससे विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है तथा वैश्विक विकास और मुद्रास्फीति के लिए नई चुनौतियाँ पैदा हुई हैं। इस अस्थिरता के बीच, अमेरिकी डॉलर के मूल्य में उल्लेखनीय गिरावट आई है, शेयर बाजारों में विशिष्ट सुधार हुए हैं और कच्चे तेल की क़ीमतें हाल के दिनों में अपने निम्नतर स्तर पर आ गई हैं।

इन विपरीत परिस्थितियों के उपरांत वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में 3.3% की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2023 में 3.5% से थोड़ी कम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2025 में वैश्विक विकास दर 2.8% और वर्ष 2026 में 3% रहने का अनुमान जताया है। मुद्रास्फीति, वर्ष 2024 के 4.9% से घटकर वर्ष 2025 में 4% और वर्ष 2026 में 3.4% रहने की उम्मीद है।

### 2) आंतरिक आर्थिक परिदृश्य

घटती मुद्रास्फीति और सुदृढ़ सेक्टरवार कार्य-निष्पादन द्वारा समर्थित घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है। सीपीआई-आधारित हेडलाइन मुद्रास्फीति मई 2025 में 2.8% रही, जो विगत छह वर्ष में निम्नतम है। हाल की अवधि में शेयर बाजारों में सुधार, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल में नरमी के साथ बाजार में अस्थिरता कम हुई है तथापि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। प्रथम तिमाही में 2.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.4 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 3.9 प्रतिशत तथा चतुर्थ तिमाही में 4.4 प्रतिशत के तिमाही आकलन सहित वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति 3.7 प्रतिशत अनुमानित है।

सहित भारतीय रिज़र्व बैंक ने प्रथम तिमाही में 6.5%, द्वितीय तिमाही में 6.7%, तृतीय तिमाही में 6.6% और चतुर्थ तिमाही में 6.3% के पूर्वानुमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपने वास्तविक जीडीपी विकास अनुमान को 6.5% पर अनुरक्षित रखा है। इसमें वैश्विक अस्थिरता के कारण पूर्व अनुमानों से 20 आधार अंकों की कमी भी शामिल है।

आर्थिक विकास को रबी फसल की आशाजनक संभावनाओं और अनुमानित सामान्य मानसून द्वारा समर्थित सुदृढ़ कृषि क्षेत्र से गति मिलने की उम्मीद है। भारत में औद्योगिक गतिविधियों में तीव्रता आने की संभावना है जबकि सेवा क्षेत्र, विकास का प्राथमिक इंजन बना हुआ है। कुल मिलाकर भारत, दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तैयार है।

### 3) बैंकिंग क्षेत्र

#### i) हाल की वैश्विक बैंकिंग घटनाएं और भारतीय बैंकिंग पर उसका प्रभाव

बैंकिंग क्षेत्र की वित्तीय सुदृढ़ता मजबूत बनी हुई है जिसमें तरलता बफर, नियामक आवश्यकताओं से अधिक है तथा स्वस्थ लाभप्रदता संकेतक, परिचालन दक्षता को परिलक्षित करते हैं। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्थिर प्रणाली-स्तरीय मानदंड प्रदर्शित करती हैं। यद्यपि बैंक स्थिर स्थिति में हैं लेकिन साधारण संगठित वृद्धि, नीतिगत बदलाव और सीमित पूंजी उपलब्धता के कारण राजस्व मॉडल पर दबाव है जिससे वैकल्पिक मूल्य स्रोतों की खोज को प्रोत्साहन मिल रहा है। तीव्र तकनीकी प्रगति विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यंत्र अधिगम, ओपन डाटा और डिजिटल मुद्रा इत्यादि बैंकिंग परिचालन को नया रूप दे रही है। संस्थाएं इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने के लिए अपनी डिजिटल क्षमताओं और जोखिम प्रबंधन रूपरेखा को सुदृढ़ करके अपनी प्रतिक्रिया दे रही हैं।

ii) भारतीय बैंकिंग परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अमेरिकी प्रशासन में परिवर्तन, अविरत संघर्षों और बढ़ते व्यापार तनावों के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं में वृद्धि हुई है। यद्यपि भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ा है तथापि इसने इन वैश्विक चुनौतियों के समक्ष आघात-सहनीयता प्रदर्शित किया। धीमी ऋण वृद्धि सहित बैंकिंग उद्योग में भी नरमी देखी गई क्योंकि बैंक, चलनिधि की कमी से जूझ रहे थे और अपने उच्च ऋण जमा अनुपात को प्रबंधित कर रहे थे। इन दबावों के बावजूद भारतीय बैंक लाभप्रद और अच्छी तरह से पूंजीकृत बने रहे। चलनिधि से समझौता किए बिना स्वस्थ ऋण वृद्धि के अनुरक्षण हेतु बैंकों को अपने जमा संग्रहण के प्रयासों को सुदृढ़ करना होगा। जैसे-जैसे आरबीआई अपनी दरों में सुगमता चक्र जारी रखेगा, बैंकों को अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन पर दबाव का सामना करना पड़ सकता है। चूंकि अग्रिम राशि, बाह्य बेंचमार्क से जुड़ी होती है इसलिए उन्हें तुरंत न्यून दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंकों को जमा राशि आकर्षित करने में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

4) बैंक कार्य-निष्पादन के उल्लेखनीय तथ्य

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान निम्नलिखित प्रमुख कार्य-निष्पादन संकेतक, बैंक के कार्य-निष्पादन को प्रतिबिंबित करते हैं :

i) कुल कारोबार

- बैंक के कुल कारोबार में 11.69% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई तथा दिनांक 31.03.2024 को ₹205374 करोड़ की तुलना में कुल कारोबार बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को ₹229379 करोड़ हो गया।

ii) जमाराशि

- कुल जमाराशि 8.68% (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को ₹129774 करोड़ हो गया, जबकि दिनांक 31.03.2024 को यह ₹119410 करोड़ था।
- दिनांक 31.03.2024 को ₹38708 करोड़ की तुलना में कासा जमाराशि 5.38% (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को ₹40790 करोड़ हो गया।

iii) अग्रिम

- दिनांक 31.03.2024 को ₹85964 करोड़ की तुलना में कुल अग्रिम 15.87% (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को ₹99605 करोड़ हो गया।
- दिनांक 31.03.2025 तक अग्रिम मिक्स में 55.15% रैम (खुदरा, कृषि और एमएसएमई) अग्रिम तथा 44.85% कॉरपोरेट अग्रिम समाहित थे।

iv) **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम** - वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र विशेष रूप से कृषि, एमएसएमई और कमज़ोर वर्गों में ऋण आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि करके समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और पुष्ट किया है। वंचित वर्गों को समय पर और पर्याप्त ऋण संवितरण सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित आउटरीच कार्यक्रम और साझेदारियां आरंभ की गई है। हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमारा कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम दिनांक 31.03.2025 तक 6.51% बढ़कर ₹41666 करोड़ हो गया जबकि दिनांक 31.03.2024 तक यह ₹39120 करोड़ था। रैम खंड में विस्तृत कार्य-निष्पादन इस प्रकार है:

- **खुदरा :** दिनांक 31.03.2025 को खुदरा अग्रिम में 37.65% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई और यह ₹22070 करोड़ हो गया, जबकि दिनांक 31.03.2024 को यह ₹16034 करोड़ था। दिनांक 31.03.2025 को सकल अग्रिम (₹99605 करोड़) में खुदरा ऋण (₹22070 करोड़) का प्रतिशत 22.16% रहा, जबकि 31.03.2024 को यह 18.65% था।

- **कृषि :** दिनांक 31.03.2025 को कृषि अग्रिम में 7.44% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई और यह ₹13456 करोड़ हो गया, जबकि दिनांक 31.03.2024 को यह ₹12524 करोड़ था।

- **एमएसएमई :** दिनांक 31.03.2025 को एमएसएमई अग्रिम में 21.98% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई और यह ₹19406 करोड़ हो गया, जबकि दिनांक 31.03.2024 को यह ₹15909 करोड़ था। दिनांक 31.03.2025 तक सकल अग्रिम में एमएसएमई ऋण का हिस्सा 19.48% था।

- **मुद्रा :** बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रा ऋण लक्ष्य को पार कर लिया तथा ₹2500 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले ₹2571 करोड़ संवितरण करके 103% की उपलब्धि प्राप्त की है।

- **स्टैंड-अप इण्डिया :** बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्टैंड-अप इंडिया के अंतर्गत 3060 ऋणों के आबंटित लक्ष्य के विरुद्ध 4257 ऋण स्वीकृत किए, इस प्रकार 139% लक्ष्य प्राप्ति की गई।

v) **लाभप्रदता :** बैंक ने आस्ति गुणवत्ता में सुधार, लागत इष्टतमीकरण और उच्च- प्रतिफल वाले अग्रिमों पर अधिक ध्यान केंद्रित करके लाभप्रदता बढ़ाने के लिए एक सुनियोजित रणनीति अपनाई है।

नीचे प्रमुख कार्य-निष्पादक संकेतकों की संक्षिप्त सूची दी गई है जो हमारी परिचालन दक्षता, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन और प्रभावी रणनीति निष्पादन को प्रदर्शित करती है :

- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 83.47% की वृद्धि दर्ज करते हुए परिचालन लाभ दिनांक 31.03.2025 को ₹2075 करोड़ हो गया, जबकि दिनांक 31.03.2024 को यह ₹1131 करोड़ था।
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 70.76% की वृद्धि दर्ज करते हुए निवल लाभ दिनांक 31.03.2025 को ₹1016 करोड़ हो गया, जबकि 31.03.2024 को यह ₹595 करोड़ था।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) 0.67% रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 0.41% था।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर आय ₹1.50 प्रति शेयर रही, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह ₹0.88 प्रति इक्विटी शेयर थी।
- दिनांक 31.03.2025 को निवल ब्याज आय ₹3784 करोड़ रही, जबकि 31.03.2024 को यह ₹2841करोड़ थी।
- दिनांक 31.03.2025 को निवल ब्याज मार्जिन 2.85% रहा, जबकि 31.03.2024 को यह 2.45% था।

**5) लाभांश**

आगामी वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन बैंक बोर्ड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर ₹0.07 का लाभांश घोषित किया है।

**6) निवल मालियत और पूंजी पर्याप्तता -** वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान हमारे बैंक ने अपनी सुदृढ़ पूंजी स्थिति बनाए रखी और स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात, नियामक थ्रेशोल्ड से अधिक रहा। अपनी स्थिरता को अपेक्षाकृत पुष्ट करने के लिए बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही में ₹1219 करोड़ की इक्विटी शेयर पूंजी (प्रीमियम सहित) जुटाई। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में ₹3000 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड भी जारी किए। बैंक की पूंजीगत सुदृढ़ता की संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है :

- दिनांक 31.03.2024 को ₹7836 करोड़ की तुलना में दिनांक 31.03.2025 को निवल मालियत ₹10945 करोड़ रही।
- दिनांक 31.03.2025 को कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.41% रहा, जबकि दिनांक 31.03.2024 को यह 17.16% था।
- दिनांक 31.03.2024 को 14.74% की तुलना में दिनांक 31.03.2025 को सीईटी-1 अनुपात 15.59% रहा।

**7) आस्ति गुणवत्ता**

उच्च गुणवत्ता वाला आस्ति निवेश-सूची, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता की आधारशिला है। हमें, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुरक्षित हमारी आस्ति गुणवत्ता का आशाजनक विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

**i) कार्य-निष्पादन**

- दिनांक 31.03.2025 को बैंक का सकल एनपीए ₹3370 करोड़ (3.38%) रहा, जबकि 31.03.2024 को यह ₹4665 करोड़ (5.43%) था।

- दिनांक 31.03.2025 को बैंक का निवल एनपीए ₹937 करोड़ (0.96%) रहा, जबकि 31.03.2024 को यह ₹1350 करोड़ (1.63%) था।
- बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात दिनांक 31.03.2024 के 88.69% की तुलना में सुधरकर दिनांक 31.03.2025 को 91.38% हो गया।
- बैंक का गिरावट अनुपात दिनांक 31.03.2024 को 1.28% की तुलना में दिनांक 31.03.2025 को 0.99% रहा।

**ii) वसूली कार्यनीति**

- **विशिष्ट वसूली टीम** : बैंक के पास प्रत्येक आंचलिक कार्यालय में वॉर रूम अधिकारियों के नाम से विशेष रूप से समर्पित टीम है जो उस अंचल विशेष में वसूली का कार्य देखती है।
- **आस्ति वसूली शाखाएं** : बैंक की 7 विशिष्ट वसूली शाखाएं हैं जो विशेष रूप से डीआरटी के समक्ष लंबित गैर-निष्पादित वाद दायर आस्ति संविभाग पर केंद्रित संव्यवहार करती हैं।
- **सैमवर्ट (तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल)** : बैंक मुख्यालय में एक पृथक वर्टिकल है जो ₹25 करोड़ और उससे अधिक के बही बकाया वाले एनपीए/बट्टे में डाले गए खातों में वसूली का कार्य देखता है।
- **एआरसी/एनएआरसीएल को खातों का हस्तांतरण** : जब अन्य समस्त वसूली साधन विफल हो जाते हैं तो एनपीए खातों को एआरसी/एनएआरसीएल में हस्तांतरित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक ने ₹491.86 करोड़ के 3 खातों को एआरसी/एनएआरसीएल को हस्तांतरित किया है।
- **विशेष अल्पकालिक निपटान योजना (ऋण मुक्ति III)** : बैंक ने पात्र उधारकर्ताओं के ऋण समाधान की सुविधा के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में ऋण मुक्ति-III के नाम से विशेष अल्पकालिक गैर-विवेकाधीन निपटान योजना शुरू की थी जिसके अंतर्गत बैंक ने ₹67.79 करोड़ की निपटान राशि के साथ 3332 खातों का निपटान किया।
- बैंक ने जुलाई 2024 में ओटीएस संगणना, स्वीकृति और निगरानी के लिए ई-ओटीएस (निदान) पोर्टल का सफलतापूर्वक प्रवर्तन किया।
- बैंक ने नए/वर्धित स्वीकृतियों में संवितरण-पूर्व और पश्चात, निबंधन और शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्रेडिट मिड ऑफिस भी आरंभ किया है।

**8) कारोबार पहल** - वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक ने ग्राहक सुविधा को उन्नत करने और अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न पहल आरंभ किए हैं। इनमें प्रमुख पहल इस प्रकार हैं :

**i) ऋण का डिजिटलीकरण** – रैम (खुदरा, कृषि और एमएसएमई) खंड में ऋण प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया गया। बैंक ने कागज़ रहित, संपूर्ण डिजिटल ऋण प्रक्रिया आरंभ की जिससे प्रतिवर्तन काल (टर्नअराउंड टाइम) व ग्राहक अनुभव उन्नत हुआ तथा परिचालन जोखिम न्यून हुए। हमारे ग्राहकों के लिए निम्नलिखित डिजिटल ऋण उत्पाद लॉन्च किए गए :

- **पीएसबी ई-अपना घर** : अर्थव्यवस्था के निरंतर विकास के साथ बैंक ने आवास वित्त की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ई-अपना घर लॉन्च किया है। यह उत्पाद ₹10 लाख से लेकर ₹100 लाख तक की ऋण राशि के लिए ऋण प्रक्रिया को सुगम बनाते हुए एंड-टू-एंड डिजिटल यात्रा प्रदान करता है।

- **पीएसबी ई-अपना वाहन** : बैंक ने पीएसबी ई-अपना वाहन के नाम से नई डिजिटल पहल आरंभ की है जिसे ₹25 लाख तक के वित्तपोषण के साथ दुपहिया और चार पहिया वाहन ऋण हेतु पूरी तरह से ऑनलाइन अनुभव प्रदान करने के लिए परिकल्पित किया गया है।

- **ई-शिशु मुद्रा** : देश के वित्तीय समावेशन मिशन में भागीदारी की दिशा में बैंक ने ई-शिशु मुद्रा आरंभ की है जो सूक्ष्म उद्यमियों के लिए ₹50,000 तक पूर्णतः डिजिटल ऋण प्रदान करती है।

- **ई-केसीसी** : बैंक ने राज्य राजस्व विभाग के पास उपलब्ध डिजिटल भू-अभिलेख का उपयोग करके न्यूनतम कागजी कार्रवाई और पात्रता जांच के साथ ₹2.00 लाख तक (नए आवेदन) ई-केसीसी की निर्बाध सुविधा आरंभ की है।

**ii) ग्राहक केंद्रित उत्पाद** - ग्राहकों की परिवर्तनशील प्राथमिकताओं के अनुरूप बैंक ने युवाओं, महिलाओं, कृषकों, लघु व्यवसायों और वेतनभोगी व्यक्तियों सहित विभिन्न ग्राहक वर्गों के लिए तैयार किए गए अभिनव, आवश्यकता-आधारित उत्पादों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की है।

ग्राहक आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने के लिए लॉन्च किए गए कुछ उत्पादों का उल्लेख नीचे किया गया है :

- **पीएम कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) :** इस योजना का उद्देश्य सिंचाई के विश्वसनीय स्रोत उपलब्ध कराकर किसानों की आय बढ़ाना तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं को वित्तपोषित कर कृषि क्षेत्र को डीजल मुक्त बनाना है।

- **पीएसबी समृद्ध महिला ऋण योजना :** इस उत्पाद का उद्देश्य सुलभ वित्त, कौशल विकास और व्यवसाय विकास के अवसरों के माध्यम से महिला उद्यमियों का उत्थान करना है जो स्वयं का व्यवसाय आरंभ करने, विस्तारित करने या पोषित करने के लिए इच्छुक महिलाओं को समग्र समाधान उपलब्ध कराता है।

- **पीएसबी लखपति दीदी :** स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों को आय सृजन करने और लखपति दीदी बनने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।

- **युवा भारत के लिए पीएसबी कारोबार ऋण योजना :** यह उत्पाद, 18 से 35 वर्ष की आयु के युवा उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिकल्पित किया गया है। इस उत्पाद का उद्देश्य लचीले, सुलभ और प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण विकल्प प्रदान करके युवा-नेतृत्व वाले व्यवसायों के विकास और नवाचार को बढ़ावा देना है।

- **ई-बीजी** : हमारे बैंक द्वारा **03 नवंबर, 2024** को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से ई-बैंक गारंटी (ई-बीजी) सुविधा का आरंभ किया गया है। उक्त नवीन प्रणाली ई-स्टांपिंग तथा ई-हस्ताक्षर के माध्यम से पारंपरिक कागज़-आधारित बैंक गारंटी का स्थान लेती है। यह पहल सुरक्षा तथा पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ बैंक गारंटी के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता को समाप्त करके लाभार्थियों के समय एवं प्रयास की बचत करने के उद्देश्य से निर्मित की गई है।

- **कॉरपोरेट उधारकर्ताओं के लिए पट्टा किराया छूट :** पट्टा किराया छूट अनिवार्य रूप से ऐसी ऋण सुविधा है जो किसी कंपनी/ फर्म द्वारा निर्धारित अंतराल पर किराए की एक निर्दिष्ट राशि अर्जित करने वाली वाणिज्यिक संपत्तियों से किराए के एवज में प्राप्त की जाती है।

- **पीएसबी शुभ आरंभ सीए उत्पाद** : यह स्टार्टअप (ओं) के लिए विशेष रूप से निर्मित किया गया नवीन चालू खाता है जो उनके व्यवसाय के विकास में सहायक होगा। यह उत्पाद एक वर्ष के भीतर आरंभ किए गए नए व्यवसायों/ उद्यमियों को चालू जमा खाता की सुविधा प्रदान करता है।

- **पीएसबी रेरा प्लस चालू खाता :** यह रेरा अधिनियम 2016 के प्रावधानों को पूर्ण करने हेतु प्रवर्तकों/ रियलिटी सेक्टर/ बिल्डरों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष चालू खाता है।

- **पीएसबी कार्यपालक वेतन खाता :** यह पंजाब सिविल सेवा (पीसीएस) के कार्मिकों के लिए विशेष वेतन उत्पाद है जिसमें जीवन बीमा एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज सहित अन्य आकर्षक विशेषताएं सम्मिलित हैं।

- **पीएसबी गौरव बचत** : यह अर्धसैनिक बलों, अग्निवीरों एवं वीर नारी सहित समस्त सेवारत तथा सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों के लिए विशेष बचत वेतन उत्पाद है जिसमें ₹1 करोड़ का समूह दुर्घटना बीमा तथा अन्य लाभ सम्मिलित हैं।

iii) **गठजोड़ और सहकार्यता** - बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक व्यापक वित्तीय साझेदार बनने के हमारे ध्येय के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख संस्थाओं के साथ रणनीतिक गठजोड़ स्थापित किए हैं। इनमें से कुछ निम्न प्रकार से उल्लिखित की गई है :

- **बैंक द्वारा वेतन खातों के लिए रक्षा प्रतिष्ठानों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए :** हमारे बैंक ने अनुकूलित खुदरा ऋण उत्पाद, वेतन खाते और पेंशन खाते आदि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न रक्षा क्षेत्रों जैसे भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल, असम राइफल्स तथा आईटीबीपी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **म्यूचुअल फंड कारोबार :** बैंक ने फिनविज़ार्ड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एफआईएसडीओएस) के साथ साझेदारी के माध्यम से म्यूचुअल फंड कारोबार का आरंभ किया है जो गैर-निधि आय में वृद्धि के अतिरिक्त कासा में वृद्धि करने और उसे बनाए रखने में भी सहायक होगा।

- **नेस्ले इंडिया लिमिटेड** : **नेस्ले इंडिया लिमिटेड** को दूध की आपूर्ति करने वाले किसानों को वित्त पोषण (₹25 लाख तक) के लिए **नेस्ले इंडिया लिमिटेड** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं ।
- **प्रीत ट्रैक्टर प्राइवेट लिमिटेड** : कृषि अवसंरचना निधि के अंतर्गत ट्रैक्टर वित्तपोषण के लिए प्रीत ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए जिससे ऋण की उपलब्धता और किसानों तक पहुंच का विस्तार होगा।
- **प्रीत एग्रो इंडस्ट्रीज एण्ड मलकीत एग्रो टेक** : प्रीत एग्रो इंडस्ट्रीज और मलकीत एग्रो टेक के साथ कृषि उपकरणों के लिए वित्तपोषण और कृषि व्यवसायों के लिए ऋण पहुंच का विस्तार करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **एमएसएमई स्पाइस** तथा **एमएसएमई गिफ्ट** योजनाओं के लिए गारंटी कवरेज हेतु **सिडबी के साथ गठजोड़** किया गया है।
- एमएसएमई ऋण के अंतर्गत लीड सृजन के लिए **सीआईएमएसएमई (भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम चैंबर) के साथ गठजोड़** किया गया है।
- **मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड** : वाहन ऋण सोर्सिंग, बाजार में निवेश बढ़ाना।
- **महिंद्रा एण्ड महिंद्रा** : वाहन ऋण सोर्सिंग, बाजार में निवेश बढ़ाना।
- **डीएसए मॉडल :** बैंक ने एमएसएमई ऋणों के लिए डीएसए मॉडल का विस्तार किया है जो न केवल बाजार में हमारी प्रतिस्पर्धात्मक सीमा में सुधार करेगा बल्कि एमएसएमई ऋण उत्पादों में हमारी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़ाएगा तथा कम लागत पर नए ग्राहक वर्ग तक पहुंच विकसित करने में **भी** सहायक होगा।

iv) बैंक द्वारा प्रदान की जा रही कतिपय डिजिटल सेवाएं इस प्रकार हैं :

- **पीएसबी यूनिक बिज़ एप** : बैंक ने कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए विशेष रूप से परिकल्पित एकीकृत डिजिटल बैंकिंग एप्लिकेशन, **पीएसबी यूनिक बिज़ एप** जारी किया है। कॉरपोरेट उपयोगकर्ता अब आधुनिक व्यावसायिक विविध तथा जटिल आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ एक सुरक्षित, कुशल एवं व्यापक डिजिटल परितंत्र सहित पीएसबी यूनिक बिज़ मोबाइल एप का उपयोग कर सकते हैं।
- **एएसबीए** : पीएसबी यूनिक उपयोगकर्ता अब पीएसबी यूनिक का उपयोग करके आईपीओ के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपयोगकर्ता प्रस्तुत आईपीओ आवेदन को संपादित/ हटा सकते हैं तथा एएसबीए मेनू के अंतर्गत उपलब्ध हिस्ट्री विकल्प के अंतर्गत आबंटन की स्थिति का भी अवलोकन कर सकते हैं।
- **ऋण कैलकुलेटर** : पीएसबी यूनिक के ग्राहक अब पीएसबी यूनिक के माध्यम से ईएमआई की गणना करने के साथ-साथ ऋण परिशोधन चार्ट तैयार कर सकते हैं।
- **व्हाट्सएप बैंकिंग में बहुभाषी समर्थन** : ग्राहक अब कई भाषाओं अर्थात हिंदी, पंजाबी और अंग्रेजी में व्हाट्सएप बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।
- **बिल भुगतान** : पीएसबी यूनिक उपयोगकर्ता बीबीपीएस विकल्प का उपयोग करके अपने टेलीफोन, ब्रॉड-बैंड, क्रेडिट कार्ड आदि बिलों का भुगतान कर सकते हैं। वे अनुस्मारक प्राप्त करने के लिए बिलर्स को पंजीकृत भी कर सकते हैं।
- **मुद्रा दरों की जांच** : पीएसबी यूनिक खुदरा उपयोगकर्ता अब विविध मुद्राओं में विदेशी मुद्रा दरों को ज्ञात कर सकते हैं।
- **डिजिटल बचत बैंक खाता** : हमारे बैंक द्वारा वीडियो केवाईसी के माध्यम से ऑनलाइन पूर्ण केवाईसी बचत बैंक खाते की सुविधा के लिए वीकेवाईसी का आरंभ किया गया है।
- **निवेश सलाहकार (लक्ष्य आधारित कैलकुलेटर) :** पीएसबी यूनिक ग्राहक अब अपने चयनित परिपक्वता मूल्य एवं अवधि के आधार पर विभिन्न निवेश विकल्पों की खोज कर सकते हैं।

9) **पर्यावरण और सामाजिक पहल –** बैंक ने हरित एवं स्थाई परियोजनाओं के वित्तपोषण के माध्यम से कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देकर तथा ईएसजी जागरूकता अभियानों में सहभागिता करके पर्यावरणीय और सामाजिक विचारों को अपने कार्यों में एकीकृत करना जारी रखा है।

(i) **पर्यावरणीय पहल –** हरित अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाली हमारी पर्यावरणीय पहलों में शामिल है :

a) **हरित वित्तपोषण** : बैंक हरित वित्तपोषण खंड को स्वीकृत करने हेतु प्रतिबद्ध है। हरित वित्तपोषण के अंतर्गत बैंक ने हरित ऊर्जा के प्रति शासकीय नीति के अनुरूप मार्च, 2025 तक विभिन्न क्षेत्रों में ₹1680 करोड़ (कॉरपोरेट खंड के अंतर्गत) स्वीकृत किए हैं।

b) **पीएसबी एमएसएमई हरित निवेश तथा रूपांतरण हेतु वित्तपोषण योजना (एमएसएमई-गिफ्ट योजना)** : स्वच्छ/ हरित प्रौद्योगिकियों को अंगीकार करने हेतु रियायती दर पर संस्थागत वित्त तक पहुंच निर्मित करने के लिए एमएसएमई को सहायता प्रदान करना तथा उन्हें हरित एवं सतत व्यवसाय संचालन में रूपांतरित करने में सहायता करना।

c) **चक्रीय अर्थव्यवस्था में संवर्धन और निवेश के लिए पीएसबी एमएसई योजना (एमएसई-एसपीआईसीई) :** एमएसई-एसपीआईसीई योजना का उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को चक्रीय अर्थव्यवस्था क्रियाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है जो प्लास्टिक, रबड़ एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों का अनुपालन किया जा सके और परिचालन दक्षता में सुधार किया जा सके जिससे एमएसई उद्योगों के लिए निर्धारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) और अपशिष्ट पुनर्चक्रण लक्ष्यों का अनुपालन करने में सक्षम हो सकें।

d) **पीएसबी व्यापार ऋण योजना गो ग्रीन** : हरित परियोजनाओं/गतिविधियों के लिए वित्तपोषण जो संसाधन उपयोग में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करती है, कार्बन उत्सर्जन एवं ग्रीन हाउस गैसों को कम करती है, जलवायु लचीलापन को बढ़ावा देती है और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र व जैव विविधता में सुधार करती है।

e) **पीएसबी हरित अर्थ डिपॉजिट उत्पाद**: ग्रीन डिपॉजिट, नियमित स्थिर डिपॉजिट के अनुरूप ही भारतीय रुपये में मूल्यवर्गित ब्याज फिक्स्ड डिपॉजिट हैं। ग्रीन डिपॉजिट से प्राप्त राशि को पर्यावरणीय लाभ प्रदान करने वाली परियोजनाओं या गतिविधियों में आवंटित किया जाता है जिससे बैंक द्वारा 'ग्रीन डिपॉजिट नीति और बैंक के हरित वित्तपोषण रूपरेखा' को अपनाना सुनिश्चित होता है।

(ii) **कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)** - हमारी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल हमारी मुख्य रणनीति का एक अभिन्न अंग हैं जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों का समाधान करना तथा भारत के समावेशी विकास में योगदान देना है। वित्तीय वर्ष के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में अनेक पहल की गई हैं।

(iii) **वित्तीय समावेशन तथा सरकारी व्यवसाय** - वित्तीय समावेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे मिशन का आधार है जो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करती है कि बैंकिंग सेवाएं समाज के सभी वर्गों, विशेषकर संपूर्ण भारत में बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों के लिए उपलब्ध, सुलभ और किफायती रूप से उपलब्ध हों। बैंक ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि और विभिन्न जन सुरक्षा योजनाओं के तहत पहुँच का विस्तार करके वित्तीय समावेशन में अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखी है। प्रत्येक नागरिक को अपने वित्त का प्रभावी प्रबंधन करने तथा मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में भागीदार बनाने के लिए ज्ञान प्रदान करके सशक्त बनाने पर केंद्रित हमारी पहलें इस प्रकार है:

- **कारोबार प्रतिनिधि :**

  हमारा बैंक, कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) नेटवर्क के कार्यान्वयन पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। वर्तमान में, हमारे बैंक में 2,083 बीसी हैं (मार्च 2025 तक), जबकि मार्च 2024 तक 1709 बीसी थे।

- **ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) :**

  वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान हमारे ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने 94 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें 3018 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया। 3018 उम्मीदवारों में से 2290 उम्मीदवार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग से, 2608 बीपीएल श्रेणी तथा 2309 उम्मीदवार महिला लाभार्थी हैं।

- **वित्तीय साक्षरता केन्द्र (एफएलसी) तथा वित्तीय साक्षरता के लिए केंद्र (सीएफएल) :**

  बैंक ने 24 वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफएलसी) के साथ संयोजन से गाँवों में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करके ग्रामीण आबादी में वित्तीय साक्षरता प्रोत्साहित करने हेतु पहल की है। इन शिविरों में ग्रामीणों के साथ बुनियादी बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाईओडी, डिजिटल बैंकिंग आदि जैसी अन्य वित्तीय योजनाओं पर चर्चा की जाती है ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 217 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए जिनमें 4456 लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने हमारे बैंक को वित्तीय साक्षरता के लिए केंद्र (सीएफएल) परियोजना के चरण 1 और 3 के कार्यान्वयन के लिए एक प्रायोजक बैंक के रूप में संबद्ध किया। यह परियोजना पंजाब राज्य के 17 ब्लॉकों में 17 सीएफएल में स्थापित की जाएगी जिसके तहत 51 ब्लॉकों में 8272 शिविर आयोजित किए गए तथा 180952 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।

➢ **सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कार्य निष्पादन :**

- दिनांक 31.05.2025 को समाप्त नीति वर्ष के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) में 101.26% लक्ष्य प्राप्त किया गया।
- दिनांक 31.05.2025 को समाप्त नीति वर्ष के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में 100.20% लक्ष्य प्राप्त किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में सक्रिय नामांकन का 105% लक्ष्य किया गया।

**10) मानव संसाधन पहल**

(i) **लैंगिक विविधता को प्रोत्साहित करना -** बैंक में लैंगिक विविधता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा निम्नलिखित महिला केंद्रित पहल की गई हैं:

➢ महिला कार्मिकों को 'प्रसूति उपरांत परामर्श एवं सहायता' प्रदान करने पर वेबिनार आयोजित किया गया।

➢ मणिपाल अकादमी ऑफ बीएफएसआई, सीएबी पुणे आदि जैसे शीर्ष संस्थानों द्वारा महिलाओं के लिए नेतृत्व पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**(ii) अन्य मानव संसाधन पहल**

➢ **नया स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय** : चंडीगढ़ में नए स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना को अनुमोदित किया गया है। इससे हमारे बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय चंडीगढ़ के अंतर्गत आने वाले अंचलों में पदस्थ 4000 से अधिक कार्मिकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

➢ **विदेशी मुद्रा प्रशिक्षण कार्यक्रम** : वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों यथा एसआईबीओएस सम्मेलन, आरोहण नेतृत्व विकास कार्यक्रम, वित्तीय संस्थानों के लिए बोर्ड नेतृत्व कार्यक्रम, एफईडीएआई वार्षिक सम्मेलन इत्यादि में सहभागिता की।

➢ **शीर्ष संस्थानों और एड-टेक प्लेटफॉर्म द्वारा प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति योजना** : कार्मिकों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों का 90% शुल्क, पाठ्यक्रम के सफल समापन पर बैंक द्वारा वहन की जाती है। 658 कार्मिकों को ₹142.44 लाख शुल्क मूल्य के पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया।

➢ प्रतिष्ठित संस्थानों यथा आईआईएम अहमदाबाद, स्टेट बैंक इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप-कोलकाता, एमडीआई गुड़गांव इत्यादि से नेतृत्व विकास कार्यक्रम।

**11) अखिल भारतीय बैंक नेटवर्क –** शाखाओं की भौतिक उपस्थिति, विशेष रूप से विविध भारतीय बाज़ार में विश्वास, पहुँच और व्यक्तिगत सेवा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है। बैंक ने पहुँच बढ़ाने और बाज़ार में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए आकांक्षी जिलों और कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों में अपने शाखा नेटवर्क का विस्तार किया। व्यावसायिक संभावनाओं और वित्तीय समावेशन लक्ष्यों के अनुरूप ग्रामीण और अर्ध-शहरी स्थानों पर ज़ोर दिया गया।

शाखाओं और आंचलिक कार्यालय के विस्तार के उल्लेखनीय तथ्य इस प्रकार हैं :

➢ **आंचलिक कार्यालय** : दूरस्थ क्षेत्रों तक बैंक की पहुँचने बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप बैंक ने **भोगा, पटना, आगरा और वाराणसी** में 4 नए आंचलिक कार्यालय खोले। आंचलिक कार्यालय खोलने का उद्देश्य अछूते क्षेत्रों में बैंक शाखाओं की संख्या बढ़ाना और बेहतर नियंत्रण तंत्र स्थापित करना है।

- हमारे बैंक ने शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा और विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय समावेशन के सरकारी दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान **52 शाखाएं** खोली गईं। दिनांक 31.03.2025 तक बैंक की कुल शाखाओं की संख्या 1610 थी।

- **मध्यम कॉरपोरेट शाखाएं** : हमारे बैंक ने ऋण निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने और मध्यम कॉरपोरेट ग्राहकों के प्रति केंद्रित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए कुल मध्यम कॉरपोरेट शाखाओं (एमसीबी) की संख्या 4 से बढ़ाकर 15 हो गई है।

12) **अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा देना -** बैंकिंग अनुपालन, बैंकिंग उद्योग का एक जटिल और आवश्यक पहलू है जिसमें विविध नियमों, विनियमों और मानकों का पालन शामिल है। अनुपालन कार्य में उच्चतम उद्योग मानकों को प्राप्त करने के लिए हमारे बैंक ने विभिन्न उपाय और पहल आरंभ की हैं।

(i) **अनुपालन कार्य का स्वचालन -** उद्यम-व्यापी अनुपालन कार्य को संपूर्ण डिजिटल बनाने के लिए बैंक ने अनुपालन समाधान ईसीजी (एम्पावरिंग कंप्लायंस एंड गवर्नेंस) क्रय किया है। इस समाधान में नियामक अनुपालन के कार्यान्वयन हेतु व्यापक निगरानी और ट्रैकिंग के साथ-साथ परस्पर इंटरैक्टिव डैशबोर्ड और रिपोर्टिंग की क्षमता है।

(ii) **समर्पित अनुपालन अधिकारी (डीसीओ) की नियुक्ति :** बैंक ने अनुपालन संबंधी दायित्वों से विशेष रूप से संव्यवहार के लिए अंचल में समर्पित अनुपालन अधिकारी नियुक्त किए हैं जिससे डीसीओ से प्राप्त स्वतंत्र जानकारी और फीडबैक के माध्यम से कॉरपोरेट स्तर पर निगरानी और प्रभावी निर्णय लेने में सुधार हुआ है। वर्तमान में बैंक के पास समस्त अंचल को कवर करने वाले 15 डीसीओ हैं।

(iii) **डाटा अखंडता नियमों (डीआईआर) पर आधारित डाटा गुणवत्ता सूचकांक (डीक्यूआई) का विकास :** डाटा गुणवत्ता सूचकांक (डीक्यूआई) का आकलन करने के लिए डाटा अखंडता नियमों (डीआईआर) पर आधारित रूपरेखा को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

13) **कॉल सेंटर**

बैंक ने अपने ग्राहकों की पृच्छा, शिकायतों, ग्राहक अधिग्रहण और लीड जनरेशन के समाधान के लिए एक समर्पित कॉल सेंटर स्थापित किया है। हम सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाने के लिए कॉल सेंटर का नवीनीकरण कर रहे हैं।

14) **राजभाषा**

- वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में बैंक को वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा नीति के सर्वोत्तम कियान्वयन हेतु क्षेत्र 'क' के अंतर्गत 'द्वितीय पुरस्कार' प्रदान किया गया।
- दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु बैंक के प्रधान कार्यालय को 'द्वितीय पुरस्कार' और गृह पत्रिका श्रेणी में बैंक की हिंदी त्रैमासिक पत्रिका राजभाषा अंकुर को 'तृतीय पुरस्कार' प्रदान किया।
- बैंक के आंचलिक कार्यालय चंडीगढ़, कोलकाता और बरेली को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा प्रशासनिक कार्यालयों की श्रेणी में राजभाषा पुरस्कार प्रदान किए गए।

15) **ईज़ सुधार –** उन्नत अभिगम और सेवा उत्कृष्टता, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए एक सरकारी सुधार है जिसका उद्देश्य ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग को सुगम बनाना है। इसमें डिजिटल ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित करना, परिचालन जोखिमों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना और नए युग की क्षमता निर्माण को गति देना शामिल है। ईज़ 7.0 सुधारों को ग्राहक सेवा उत्कृष्टता, नई तकनीक को अंगीकृत करने और **'विकसित भारत'** की दिशा में बैंकिंग पर बल देते हुए 25 अप्रैल 2024 को लॉन्च किया गया था।

**ईज़ 7.0 (वित्त वर्ष 2023-24) के लिए बैंक ने समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मध्य वार्षिक इंडेक्सिंग स्कोर में शीर्ष सुधारक के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो ग्राहक सेवाओं में सुधार के लिए हमारे निरंतर प्रयास को प्रमाणित करता है।**

16) **अन्य पुरस्कार और प्रशंसा**

- बैंक को **एमएसएमई** हेतु जागरूक करने के लिए **विजेता पुरस्कार** तथा **सीआईएमएसएमई** द्वारा शासकीय योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए **उप विजेता पुरस्कार** प्रदान किया गया है।

- बैंक को आईबीए द्वारा आयोजित 20वें बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन में लघु बैंकों की श्रेणी में **सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्रतिभा एवं संगठन पुरस्कार** प्राप्त हुआ।

- बैंक को वित्त वर्ष 25 के लिए पीएसयू वाणिज्यिक खंड में "**सर्वोच्च डीक्यूआई उन्नयन पुरस्कार**" से सम्मानित किया गया।

17) **निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण** - 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक खाते का उपक्रम करने के संबंध में निदेशकों द्वारा पुष्टि की जाती है कि;

- लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है; साथ ही यदि कोई भौतिक विचलन हुआ है तो उसके संबंध में उचित स्पष्टीकरण भी दिया गया है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार बनाई गई लेखांकन नीतियां लगातार लागू की गईं। वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक की स्थिति और 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए इसके लाभ और हानि का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देने के लिए उचित और विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान लगाए गए थे।
- बैंक की आस्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए भारत में बैंकों को नियंत्रित करने वाले लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त देखभाल की गई है।
- वार्षिक खाते चालू व्यवसाय के आधार पर तैयार किए गए हैं।
- बैंक द्वारा अपनाई जाने वाली आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली निर्धारित की गई थी और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं,
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की गई हैं और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं।

18) **अभिस्वीकृति**

हम गैर-कार्यपालक अध्यक्ष डॉ. चरन सिंह, कार्यपालक निदेशक डॉ. रामजस यादव, आरबीआई नामित निदेशक श्री कमल प्रसाद पटनायक, गैर सरकारी निदेशक श्री शंकर लाल अग्रवाल, शेयरधारक निदेशक श्री तीरथ राज मेन्दीरत्ता तथा बोर्ड के समस्त भूतपूर्व और वर्तमान सदस्यों का उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि, समर्थन, मार्गदर्शन और हमारे समस्त प्रयासों में प्रबंधन को दिए गए सहयोग के लिए आभार ज्ञापित करते हैं। इसके अतिरिक्त हम समस्त हितधारकों और ग्राहकों के प्रति उनके निरंतर समर्थन व बैंक में विश्वास बनाए रखने के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद देना चाहते हैं।

**R S KATHURIA & Co.**
**Company Secretaries**
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55, Chawla Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com

**फॉर्म संख्या एमआर – 3**

**सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट**

**[भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 24ए के अनुसरण में]**

31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु

सदस्य
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
"बैंक हाउस", 21, राजेंद्र प्लेस
नई दिल्ली -110 008

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन तथा पंजाब एण्ड सिंध बैंक (इसमें एतद्पश्चात 'बैंक' कहा जाएगा) द्वारा उचित कॉरपोरेट व्यवहार की सचिवीय लेखा-परीक्षा संचालित की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई है कि हमें कॉरपोरेट परिचालन/ सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन तथा उसके संबंध में अपने मत को प्रकट करने का पर्याप्त आधार प्राप्त हुआ है।

सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान बही, दस्तावेज, कार्यवृत्त बही, सांविधिक रजिस्टर, फॉर्म एवं दायर विवरणियों तथा बैंक द्वारा अनुरक्षित अन्य दस्तावेजों के सत्यापन एवं बैंक, उसके अधिकारियों तथा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर भी, हम एतदद्वारा सूचित करते हैं कि हमारे अभिमत में बैंक ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष की लेखा-परीक्षा अवधि के दौरान, निम्नलिखित सूचीबद्ध विधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है तथा यह भी कि हमारे मत में बैंक के पास उचित बोर्ड प्रक्रिया तथा अनुपालन व्यवस्था भी स्थापित है और उक्त प्रक्रिया तथा व्यवस्था उस सीमा तक उस प्रकार की है जैसा कि इसके बाद रिपोर्टिंग में प्रतिपादित किया गया है:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए बैंक द्वारा अनुरक्षित बही, दस्तावेज, कार्यवृत्त बुक, फॉर्म एवं दायर विवरणी तथा अन्य अभिलेखों की जांच की है:

(i) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए) तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियम
(ii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए विनियम व उप-विधि
(iii) भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, भारत से बाहर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तथा विदेशी वाणिज्यिक ऋण के संबंध में विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा उसके अंतर्गत बने तत्संबंधी नियम एवं विनियम;
(iv) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित विनियम तथा दिशानिर्देश :

(a) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर)

(b) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2018;

(c) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(d) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की क्रय द्वारा वापस लेना) विनियम 2018; **समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान बैंक पर लागू नहीं।**

(e) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी फायदे और स्वेट इक्विटी) विनियम,2021; **समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान बैंक पर लागू नहीं।**

**R S KATHURIA & Co.**
Company Secretaries
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55, Chawla Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com

(f) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अपरिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गमन और सूचीबद्धता ) विनियम,2021;

(g) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार निषेध) विनियम 2015;

(v) निम्नलिखित यथा प्रयोज्य अधिनियम, योजना, विनियम तथा अन्य कानून जो विशेष रूप से बैंक के लिए हैं जैसे-

(a) बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980
(b) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980
(c) पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2008
(d) बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949
(e) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934
(f) संदाय और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007

हमारी रिपोर्ट को नीचे उल्लिखित नोटिंग के साथ पढ़ा जाना है –

1. सचिवीय अभिलेखों के अनुरक्षण का दायित्व बैंक प्रबंधन का है। हमारा दायित्व, अपने लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर मत अभिव्यक्त करना है।

2. हमने लेखा परीक्षा पद्धतियों तथा प्रक्रियाओं का अनुसरण किया है जो सचिवीय अभिलेखों के अंतर्वस्तु की यथार्थता के विषय में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्यों के परिलक्षण को सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण के आधार पर सत्यापन किया गया है, हम मानते हैं कि जिन प्रक्रियाओं तथा पद्धतियों का हमने अनुसरण किया है, वे हमारे अभिमत के लिए एक तर्कसंगत आधार प्रदान करते हैं।

3. हमने बैंक के वित्तीय अभिलेख तथा लेखा बहियों की यथार्थता तथा उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।

4. यथावश्यक हमने विधि, नियमों और विनियमों के अनुपालन तथा घटनाओं आदि के विषय में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।

5. कॉरपोरेट तथा अन्य लागू विधि, नियमों व विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है। हमारी परीक्षा, परीक्षण आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

6. हमने विशेष रूप से बैंक पर लागू विभिन्न राज्य विधि के अंतर्गत अनुपालन का सत्यापन नहीं किया है।

7. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट बैंक के भविष्य में न तो बैंक की व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है जिससे प्रबंधन, बैंक संबंधी व्यवसाय करता है।

**समीक्षा के अंतर्गत अवधि के दौरान, बैंक ने उपरोक्त निर्दिष्ट अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन किया है। हम रिपोर्ट करते हैं :**

1. बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर) के विनियमन 17 के अनुसार कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों के साथ विधिवत नहीं किया गया है. **निदेशक मंडल और तत्संबंधी समितियों के संघटन के संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियां हैं:**

**R S KATHURIA & Co.**
**Company Secretaries**
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55, Chawla Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com

a) बैंक के बोर्ड में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) (ई), 9 (3) (एफ), 9 (3) (जी) के अंतर्गत एक-एक निदेशक और धारा 9 (3) (एच) के अंतर्गत पाँच निदेशक के पद रिक्त थे।

b) सेबी एलओडीआर के विनियमन 17 (1) (ए) के अंतर्गत अधिदिष्ट, बैंक के बोर्ड में कोई महिला स्वतंत्र निदेशक नहीं है।

c) बैंक में अध्यक्ष का पद रिक्त है। तथापि, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980 के खंड 12 (6) के अनुसार, अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता एमडी एवं सीईओ द्वारा की जा रही है।

d) चूंकि लेखा परीक्षा समिति में सदस्यों की संख्या तीन से कम और स्वतंत्र निदेशकों की संख्या भी दो से कम थी इसलिए 12 मई, 2024 से 30 अगस्त, 2024 तक तथा 21 दिसंबर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक की अवधि के दौरान सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 18 (1) (ए) और (बी) के अंतर्गत आवश्यक लेखा परीक्षा समिति का विधिवत गठन नहीं किया गया था।

   इसके अलावा, उपरोक्त अवधि के दौरान लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष भी स्वतंत्र नहीं थे।

e) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में सदस्यों की संख्या तीन से कम होने के कारण 1 अप्रैल, 2024 से 5 जून, 2024 तक तथा 31 अगस्त, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक की अवधि के दौरान सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 19 (1) (ए) व (बी) के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार बैंक की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का विधिवत गठन नहीं किया गया था।

   इसके अलावा निर्दिष्ट अवधि के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष, स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

   वित्तीय वर्ष के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

f) पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण आरबीआई परिपत्र संख्या आरबीआई/2021-22/24 डीओआर. जीओवी. आरईसी.8/29.67.001/2021-22 दिनांकित 26 अप्रैल, 2021 के अनुसरण में जोखिम प्रबंधन समिति का गठन नहीं किया जा सका।

   बैंक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण अनुसार निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाएगी और बैंक ने समय-समय पर केंद्र सरकार को सूचित किया है तथा सेबी (एलओडीआर) के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों/ महिला स्वतंत्र निदेशक और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) के अनुसार अन्य निदेशकों की की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति के लिए अंतिम संचार पत्र दिनांकित 08 जनवरी, 2025 के माध्यम से किया गया था।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुए निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में किए गए थे।

2. समस्त निदेशकों को बोर्ड बैठक के लिए यथोचित सूचना दी जाती है और तदनुसार, कार्यसूची तथा कार्यसूची के संबंध में विस्तृत जानकारी निदेशकों को भेजे गए थे तथा बैठक से पूर्व कार्यसूची मदों के संबंध में अधिक जानकारी तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी हेतु प्रणाली विद्यमान है।

3. बहुमत से लिये गये निर्णयों को स्वीकार किया जाता है तथा असहमत सदस्यों के विचार, यदि हो, को कार्यवृत्त के भाग के रूप में रखा और रिकार्ड किया जाता है।

**R S KATHURIA & Co.**
**Company Secretaries**
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55, Chawla Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com

4. प्रयोज्य विधि, नियमों, विनियमों, तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा उसकी निगरानी हेतु बैंक के आकार तथा परिचालन के अनुरूप बैंक में उचित प्रणाली तथा प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक ने निम्नलिखित को छोड़कर सामान्यतः बैंक पर लागू विभिन्न अधिनियमों, नियमों और विनियमों, दिशानिर्देशों और मानकों की आवश्यकताओं का अनुपालन किया है :

**भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी 'बड़े ऋणों पर सूचना का केंद्रीय भंडार (सीआरआईएलएलसी) - रिपोर्टिंग में संशोधन' के साथ पठित 'सभी बैंकों में बड़े सामान्य एक्सपोज़र के एक केंद्रीय भंडार का निर्माण' और 'वित्तीय समावेशन - बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच – सामान्य बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए)' संबंधी कतिपय निदेशों के अननुपालन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने पंजाब एण्ड सिंध बैंक पर ₹68.20 लाख (अड़सठ लाख बीस हजार रूपये मात्र) का मौद्रिक दंड लगाया है।**

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान:

a) बैंक ने अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन के माध्यम से अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेता (क्यूआईबी) को ₹28.37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर ₹10 प्रति शेयर के 31,77,98,773 इक्विटी शेयर जारी किए हैं।

b) बैंक ने 20 दिसंबर, 2034 को परिपक्वता वाले ₹1,00,000 अंकित मूल्य के डिबेंचर की प्रकृति में 3,00,000 अरक्षित, मोचनीय, असंचयी, कर-योग्य, अपरिवर्तनीय बॉण्ड जारी किए हैं।

कृते आर एस कथूरिया एण्ड कंपनी
कंपनी सचिव

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29 अप्रैल, 2025

आर एस कथूरिया
प्रोपराइटर
एफसीएस 5217; सीपी संख्या : 3112
यूडीआईएन : F005217G000223864

# कंपनी अभिशासन पर रिपोर्ट (2024-25)

## 1) अभिशासन संहिता पर बैंक – दर्शन

बैंक, समस्त स्तरों पर कार्य-निष्पादन तथा उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु संसाधनों के इष्टतम उपयोग के साथ अधिकतम प्रतिफल सुनिश्चित करके अपने शेयरधारकों की हितों की सुरक्षा द्वारा उनके मूल्यों में अभिवृद्धि के लिए अपना सतत प्रयास जारी रखेगा। बैंक न केवल सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा अपितु स्वेच्छापूर्वक सुदृढ़ कंपनी अभिशासन पद्धतियों के समूह का गठन और उनका अनुपालन भी करेगा। बैंक, अपने गतिविधियों के समस्त क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता तथा अनुशासित दृष्टिकोण के उच्च मानकों को स्थापित करने में विश्वास रखता है। बैंक, सर्वोत्तम कार्यशैली के अनुसरण हेतु प्रतिबद्ध है। बैंक, अपने हितधारकों जिसमें शेयरधारक, ग्राहक, सरकार तथा व्यापक तौर पर समाज भी शामिल हैं, को अधिकतम लाभ पहुंचाने हेतु कठिन उद्यम करेगा।

बैंक के इक्विटी शेयर, बंबई शेयर बाजार लिमिटेड (बीएसई) और राष्ट्रीय शेयर बाजार लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध हैं। तथापि, बैंक कोई कंपनी नहीं है अपितु बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 के अंतर्गत निगमित निकाय है तथा जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित होता है। बैंक, यथा संशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट अनुसार कंपनी अभिशासन मानदंडों के प्रावधानों का बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980 के प्रावधानों तथा इस संबंध में भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों, निर्देशों इत्यादि का उल्लंघन नहीं होने की सीमा तक अनुपालन करता है।

## 2) निदेशक-मंडल

### 2.1 बोर्ड का संघटन :

बैंक के निदेशक मंडल की संरचना, बैंककारी विनियम अधिनियम 1949, यथासंशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980, यथा संशोधित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980, यथा संशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा इस संबंध में भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों, निर्देशों इत्यादि के प्रावधानों द्वारा अभिशासित होती है।

**मार्च 31, 2025 की स्थिति के अनुसार बैंक के निदेशक-मंडल की संरचना इस प्रकार है :**

| क्र. सं. | निदेशक का नाम और श्रेणी | दिनांक 31.03.2025 को धारित बैंक के सामान्य शेयरों/ परिवर्तनीय लिखतों की संख्या | बैंक की उप समिति में सदस्यता की संख्या | टिप्पणी (बैंक में नियुक्ति की प्रकृति) | बैंक बोर्ड की उप-समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री स्वरूप कुमार साहा<br>प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी | शून्य | 10 | A | 1. बोर्ड की प्रबंधन समिति (अध्यक्ष)<br>2. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति<br>3. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति (अध्यक्ष)<br>4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (अध्यक्ष)<br>5. बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति<br>6. बोर्ड की एचआर समिति (अध्यक्ष)<br>7. वसूली की निगरानी के लिए समिति (अध्यक्ष) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 8. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति (अध्यक्ष)<br>9. बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति<br>10. पूंजी निर्गमन समिति (अध्यक्ष) |
| 2. | श्री रवि मेहरा<br>कार्यपालक निदेशक | 397 | 10 | B | 1. बोर्ड की प्रबंधन समिति<br>2. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति<br>3. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति<br>4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति<br>5. बोर्ड की हितधारक संबंध समिति<br>6. बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति<br>7. बोर्ड की एचआर समिति<br>8. वसूली की निगरानी के लिए समिति<br>9. बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति<br>10. पूंजी निर्गमन समिति |
| 3. | श्री राजीवा<br>कार्यपालक निदेशक | शून्य | 10 | C | 1. बोर्ड की प्रबंधन समिति<br>2. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति<br>3. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति<br>4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति<br>5. बोर्ड की हितधारक संबंध समिति<br>6. बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति<br>7. बोर्ड की एचआर समिति<br>8. वसूली की निगरानी के लिए समिति<br>9. बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति<br>10. पूंजी निर्गमन समिति |
| 4. | सुश्री एम. जी. जयश्री<br>भारत सरकार नामित निदेशक | शून्य | 8 | D | 1. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति<br>2. बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति<br>3. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति<br>4. बोर्ड की एचआर समिति<br>5. वसूली की निगरानी के लिए समिति<br>6. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति<br>7. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति<br>8. हितधारक संबंध समिति (अध्यक्ष) |
| 5. | श्री विवेक श्रीवास्तव<br>निदेशक (आरबीआई की अनुशंसा पर केंद्र सरकार द्वारा नामित) | शून्य | 2 | E | 1. बोर्ड की प्रबंधन समिति<br>2. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (गैर-सरकारी निदेशक) (शेयरधारक निदेशक) | 225 | B | F | 1. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति (अध्यक्ष)<br>2. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति<br>3. बोर्ड की हितधारक संबंध समिति<br>4. बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति (अध्यक्ष)<br>5. बोर्ड की एचआर समिति<br>6. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति<br>7. वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड समिति<br>8. बोर्ड की प्रबंधन समिति |

नोट : समितियों के नाम जिनमें निदेशक अध्यक्ष हैं, प्रयोज्यतानुसार विशेष रूप से इंगित किए गए हैं।

A. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. 4/4/2021-बीओ.I दिनांकित 03.06.2022 के निबंधन अनुसार कार्यालय में कार्य-ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

B. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 4/1(v)/2023-बीओ.I दिनांकित 09 अक्तूबर, 2023 के निबंधन अनुसार 09 अक्तूबर, 2023 से उनकी अधिवर्षिता (अर्थात 08 अक्तूबर, 2026) या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

C. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 4/1(v)/2023-बीओ.I दिनांकित 09 अगस्त, 2024 के निबंधन अनुसार 09 अगस्त, 2024 से उनकी अधिवर्षिता (अर्थात 08 अगस्त, 2027) या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

D. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (b) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 6/2/2022-बीओ-I दिनांकित 11 अप्रैल, 2022 के निबंधन अनुसार तत्काल प्रभाव से और आगामी आदेशों तक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

E. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (c) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. एफ. नं. 6/3/2011-बीओ-I दिनांकित 12 दिसंबर, 2024 के निबंधन अनुसार तत्काल प्रभाव से और आगामी आदेशों तक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

F. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत 01 जून, 2024 से 31 मई, 2027 तक 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया है। उनकी नियुक्ति 2020 में आयोजित शेयरधारक-निदेशकों की चुनाव प्रक्रिया को वापस लेने के बैंक के निर्णय को चुनौती देने वाली रिट याचिका में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन है (आदेश दिनांकित 19.04.2021 के माध्यम से)।

2.2 **वर्ष के दौरान निदेशकों की नियुक्ति/ समापन :**

वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक के निदेशक-मंडल की संरचना में निम्न परिवर्तन हुए है:

**[A] नियुक्ति:**

- श्री राजीवा को कार्यालय में कार्यग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को 31 मई, 2027 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया है।
- श्री विवेक श्रीवास्तव को 12 दिसंबर, 2024 से आगामी आदेश तक आरबीआई नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

**[B] समापन:**

- डॉ. रामजस यादव, कार्यपालक निदेशक, दिनांक 30.04.2024 तक बैंक बोर्ड में रहे।
- श्री तीरथ राज मेन्दीरत्ता, शेयरधारक निदेशक, दिनांक 11.05.2024 तक बैंक बोर्ड में रहे।
- डॉ. चरन सिंह, गैर-कार्यकारी अध्यक्ष, दिनांक 06.11.2024 तक बैंक बोर्ड में रहे।
- श्री कमल प्रसाद पटनायक, आरबीआई नामित निदेशक, दिनांक 12.12.2024 तक बैंक बोर्ड में रहे।
- श्री शंकर लाल अग्रवाल, गैर-सरकारी निदेशक, दिनांक 20.12.2024 तक बैंक बोर्ड में रहे।

2.3 **अन्य सूचीबद्ध इकाइयों की समिति/ बोर्ड में निदेशकों की सदस्यता/अध्यक्षता का विवरण**

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | अन्य सूचीबद्ध इकाई में निदेशक पद का नाम व श्रेणी | समिति की सदस्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री एम. जी. जयश्री | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड - नामिती निदेशक | i) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति<br>ii) हितधारक संबंध समिति |

2.4 **वर्ष 2024-25 के दौरान नियुक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरण :**

**श्री राजीवा (कार्यपालक निदेशक) :**

श्री राजीवा ने 9 अगस्त, 2024 को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व वे पंजाब नैशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक थे। कला में स्नातकोत्तर श्री राजीवा, बैंकिंग एवं वित्त में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तथा भारतीय बैंकर्स संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

वर्ष 1993 में श्री राजीवा, पंजाब नैशनल बैंक की सेवाओं में शामिल हुए। तीन दशकों से अधिक के करियर में श्री राजीव ने ग्रामीण और शहरी शाखाओं में सेवा करते हुए बैंकिंग के लगभग समस्त प्रमुख क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल की। उन्हें कॉरपोरेट क्रेडिट में विशेषज्ञता प्राप्त है। उन्होंने पीएनबी की विदेशी सहायक कंपनी पीएनबी (अंतरराष्ट्रीय) लिमिटेड का नेतृत्व किया है।

उन्होंने मैकिन्से और एफएसआईबी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "आरोहण" प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**श्री विवेक श्रीवास्तव (आरबीआई नामित निदेशक) :**

श्री विवेक श्रीवास्तव, कैरियर सेंट्रल बैंकर हैं जो नवंबर 1990 में भारतीय रिजर्व बैंक में शामिल हुए थे। उन्होंने दिल्ली, बैंगलुरु, मुंबई में आरबीआई के विभिन्न केंद्रों और विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं तथा वर्तमान में चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में नियुक्त हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों यथा मुद्रा प्रबंधन, सार्वजनिक ऋण प्रबंधन और मानव संसाधन में कार्य किया है। 12 दिसंबर, 2024 को श्री श्रीवास्तव ने आरबीआई नामित निदेशक के रूप में पंजाब एण्ड सिंध बैंक में पदभार ग्रहण किया।

**श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता :**

श्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, एक अनुभवी बीमा पेशेवर हैं जिन्हें भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में 36 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। उनके पास विज्ञान में स्नातकोत्तर (एमएससी) की डिग्री है और वे भारतीय बीमा संस्थान के प्रतिष्ठित अध्येता हैं। 01 जून, 2024 को श्री गुप्ता ने शेयरधारक निदेशक के रूप में पंजाब एण्ड सिंध बैंक में पदभार ग्रहण किया।

**2.5 बोर्ड बैठकें :**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1980 के खंड 12 के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम 6 बैठकों के विरुद्ध निम्न तिथियों पर कुल 20 बोर्ड बैठकें आयोजित की गई :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19.04.2024 | 30.04.2024 | 10.05.2024 | 18.05.2024 | 28.05.2024 |
| 13.06.2024 | 29.06.2024 | 26.07.2024 | 08.08.2024 | 30.08.2024 |
| 01.10.2024 | 19.10.2024 | 29.10.2024 | 05.11.2024 | 22.11.2024 |
| 20.12.2024 | 15.01.2025 | 27.01.2025 | 25.02.2025 | 25.03.2025 |

निदेशकों के संबंधित कार्यकाल में आयोजित उपर्युक्त बोर्ड बैठकों में उनकी उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | अवधि | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें | बैठकें जिनमें सहभागिता की | दिनांक 11.07.2023 को आयोजित एजीएम में उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. चरन सिंह-<br>अध्यक्ष (गैर-कार्यपालक) | 01.04.2024 से 06.11.2024 | 14 | 14 | उपस्थित |
| 2. | श्री स्वरूप कुमार साहा –<br>एमडी एवं सीईओ (सदस्य) | 01.04.2024 से 06.11.2024 | 14 | 14 | उपस्थित |
| | श्री स्वरूप कुमार साहा –<br>एमडी एवं सीईओ (अध्यक्ष) | 06.11.2024 से 31.03.2025 | 6 | 6 | |
| 3 | डॉ. रामजस यादव –<br>पूर्व कार्यपालक निदेशक | 01.04.2024 से 30.04.2024 | 02 | 02 | अप्रयोज्य |
| 4 | श्री रवि मेहरा –<br>कार्यपालक निदेशक | 01.04.2024 से 31.03.2025 | 20 | 20 | उपस्थित |
| 5 | श्री राजीवा –<br>कार्यपालक निदेशक | 09.08.2024 से 31.03.2025 | 11 | 11 | अप्रयोज्य |
| 6 | सुश्री एम. जी. जयश्री –<br>एमओएफ नामित निदेशक | 01.04.2024 से 31.03.2025 | 20 | 19 | अनुपस्थित |
| 7 | श्री कमल प्रसाद पटनायक –<br>पूर्व आरबीआई नामित निदेशक | 01.04.2024 से 12.12.2024 | 15 | 11 | अनुपस्थित |
| 8 | श्री शंकर लाल अग्रवाल –<br>गैर-सरकारी निदेशक | 01.04.2024 से 20.12.2024 | 16 | 16 | उपस्थित |
| 9 | श्री टी. आर. मेन्दीरत्ता –<br>पूर्व शेयरधारक निदेशक | 01.04.2024 से 11.05.2024 | 3 | 3 | अप्रयोज्य |
| 10 | श्री विवेक श्रीवास्तव<br>आरबीआई नामित निदेशक | 12.12.2024 से 31.03.2025 | 5 | 5 | अप्रयोज्य |
| 11 | श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता-<br>शेयरधारक निदेशक | 01.06.2024 से 31.03.2025 | 15 | 13 | अप्रयोज्य |

2.6 निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा की जाती है। निदेशकों का परस्पर कोई संबंध नहीं है।

2.7 स्वतंत्र निदेशकों को दी गई कार्य-पद्धति कार्यक्रम का विवरण बैंक वेबसाइट पर उद्घाटित है तथा यूआरएल https://punjabandsindbank.co.in/content/familiarization-programmes-imparted-to-directors पर इसका अवलोकन किया जा सकता है।

**2.8 निदेशक-मंडल के कौशल/ विशेषज्ञता/ योग्यता का निर्धारण करने वाला संचित्र/आव्यूह :**

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 के अनुसार, किसी निदेशक के पास एक या अधिक विषयों यथा कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, सहकारिता, अर्थशास्त्र, वित्त, विधि, लघु उद्योग इत्यादि के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यवहारिक अनुभव होगा।

| क्र. सं. | निदेशक का नाम एवं श्रेणी | अनुभव | मुख्य कौशल/ विशेषज्ञता/ योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री स्वरूप कुमार साहा – एमडी एवं सीईओ | बी. एससी (ऑनर्स), कोष, निवेश और जोखिम प्रबंधन (डीटीआईआरएम) में डिप्लोमा, सीएआईआईबी, वित्तीय सेवाओं में जोखिम में प्रमाणन। 34 वर्षों से अधिक का अनुभव। पूर्व में पंजाब नेशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक रहे हैं। | बैंकिंग एवं वित्त |
| 2 | श्री रवि मेहरा- कार्यपालक निदेशक | वाणिज्य में स्नातकोत्तर तथा भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी)। 30 वर्षों से अधिक का बैंकिंग अनुभव। | बैंकिंग एवं वित्त |
| 3 | श्री राजीवा - कार्यपालक निदेशक | कला में स्नातकोत्तर, एमबीए (बैंकिंग और वित्त), भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी)। बैंकिंग में 30 वर्ष से अधिक का अनुभव। | बैंकिंग एवं वित्त |
| 4 | सुश्री एम. जी. जयश्री – एमओएफ नामित निदेशक | विज्ञान में स्नातकोत्तर, लोक प्रबंधन तथा प्रशासन, एमजी विश्वविद्यालय, केरला से सांख्यिकी में एमएससी। वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय में उप महानिदेशक। | प्रशासन एवं प्रबंधन |
| 5 | श्री विवेक श्रीवास्तव- आरबीआई नामित निदेशक | इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कला में स्नातकोत्तर, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ में क्षेत्रीय निदेशक। | बैंकिंग एवं वित्त |
| 6 | श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता- शेयरधारक निदेशक | स्नातकोत्तर (भौतिकी), भारतीय बीमा संस्थान के अध्येता। भारतीय जीवन बीमा निगम में विपणन एवं प्रशासन के क्षेत्र में 36 वर्षों का अनुभव। | मानव संसाधन, बैंक-बीमा |

आगे, यह है :

i) पुष्टि की जाती है कि बोर्ड के अभिमत में, स्वतंत्र निदेशक, सेबी एलओडीआर विनियम में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं तथा

ii) सूचित किया जाता है कि कार्यकाल समाप्ति से पूर्व किसी भी स्वतंत्र निदेशक के त्यागपत्र का कोई प्रकरण नहीं है।

**3) निदेशकों की समिति:**

कंपनी अभिशासन और जोखिम प्रबंधन पर भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल ने सामरिक महत्व के विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी के लिए निदेशकों की विभिन्न समितियों का गठन किया है। प्रबंधन वर्ग ने बोर्ड/ समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के दौरान मानव संसाधन/ आईआर के प्रचालन कार्य-निष्पादन व विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास, खंड/ उत्पाद कार्य-निष्पादन, अवसरों, चुनौतियों, जोखिमों और तत्संबंधी आवश्यकताओं के विश्लेषण पर बल दिया है। बोर्ड की महत्वपूर्ण समितियाँ इस प्रकार है:

| क्र. सं. | समिति का नाम |
|---|---|
| 1. | बोर्ड की प्रबंधन समिति |
| 2. | बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति |
| 3. | धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति |
| 4. | सतर्कता, अनुशासनात्मक मामले और विभागीय जांच से संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति (बोर्ड की सतर्कता समिति) |
| 5. | बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति |
| 6. | बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति |
| 7. | बोर्ड की हितधारक संबंध समिति |
| 8. | बोर्ड की एचआर समिति |
| 9. | बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति |
| 10. | अपील और समीक्षा के प्रकरणों से संव्यवहार हेतु समिति |
| 11. | वसूली की निगरानी के लिए समिति |
| 12. | इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति |
| 13. | नामांकन और पारिश्रमिक समिति |
| 14. | कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के लिए बोर्ड समिति (एमडी एवं सीईओ, ईडी तथा जीएम के लिए) |
| 15. | बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति |
| 16. | असहयोगी उधारकर्ता के लिए समीक्षा समिति* |

*समिति को आरबीआई/डीओआर/2024-25/122 डीओआर.एफआईएन.आरईसी.सं.31/20.16.003/2024-25 दिनांकित 30 जुलाई, 2024 के अनुसार निरस्त कर दिया गया।

भारत सरकार ने राजपत्र अधिसूचना संख्या एफ. सं. 16/22/2019-बीओ. I (भाग) दिनांकित 25.01.2021 के माध्यम से राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1980 के अनुच्छेद 14 के पश्चात निम्नांकित अनुच्छेद को अंतः स्थापित किया है।

"जहाँ किसी राष्ट्रीय बैंक से विधि द्वारा कोई कार्रवाई या बात करने की अपेक्षा है और ऐसा करने के लिए बैंक के बोर्ड की किसी समिति की अनुशंसा या अवधारणा, या उसके द्वारा प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों का समाधान, या किसी नियुक्ति, उसके संबंध में उसके अनुमोदन या पुनर्विलोकन की अपेक्षा है और यदि बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी समिति का, ऐसी समिति में कोई रिक्ति विद्यमान होने अथवा उसके किसी सदस्य के इससे अलग होने के कारण बैठक के लिए गणपूर्ति नहीं हो सकती है तो बोर्ड, उक्त कार्रवाई अथवा गतिविधि को कर सकेगा।"

उपरोक्त के अनुरूप, बोर्ड ऐसी किसी समिति के कार्य को समाविष्ट कर सकता है जहाँ ऐसी समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति ऐसी समिति में रिक्ति विद्यमान होने अथवा उसके किसी सदस्य के इससे अलग होने के कारण पूरा नहीं किया जा सकता है।

**3.1 बोर्ड की प्रबंधन समिति :**

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के साथ पठित यथा संशोधित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1980 के खंड 13 के अनुसरण में बोर्ड के प्रबंधन समिति का गठन किया गया है जो महत्वपूर्ण मामलों के विभिन्न व्यवसायिक विषयों यथा उच्च मूल्य के ऋण प्रस्ताव, समझौता/ बट्टा खाता प्रस्ताव, पूंजी व राजस्व व्यय की स्वीकृति, परिसर, निवेश, दान इत्यादि पर विचार करती है।

समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक/कों और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 (3) (c) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों तथा धारा 9 (3) की उपधारा (d), (e), (f), (h) और (i) के अंतर्गत नियुक्त निदेशकों में से तीन निदेशकों का समावेश है।

31 मार्च, 2025 को प्रबंधन समिति की संरचना इस प्रकार है :

| क्र. सं. | निदेशक का नाम |
|---|---|
| 1. | श्री स्वरूप कुमार साहा – प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (अध्यक्ष) |
| 2. | श्री रवि मेहरा – कार्यपालक निदेशक |
| 3. | श्री राजीवा – कार्यपालक निदेशक |
| 4. | श्री विवेक श्रीवास्तव - आरबीआई नामित निदेशक |
| 5. | श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता - शेयरधारक निदेशक |

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, बोर्ड की प्रबंधन समिति की निम्नलिखित तिथियों पर चौदह (14) बैठकें हुई :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **28.05.2024** | **12.06.2024** | **26.06.2024** | **23.08.2024** | **18.09.2024** | **06.11.2024** |
| **05.12.2024** | **19.12.2024** | **24.12.2024** | **30.12.2024** | **25.02.2025** | **04.03.2025** |
| **18.03.2025** | **25.03.2025** | - | - | - | - |

निदेशकों से संबंधित कार्यकाल के दौरान, समिति की आयोजित उपर्युक्त बैठकों में उनकी उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है :

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | अवधि | उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें | बैठकों में उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री स्वरूप कुमार साहा – एमडी एवं सीईओ (अध्यक्ष) | 01.04.2024 से 31.03.2025 | 14 | 14 |
| 2 | डॉ. रामजस यादव – पूर्व कार्यपालक निदेशक | 01.04.2024 से 30.04.2024 | - | - |
| 3 | श्री रवि मेहरा – कार्यपालक निदेशक | 01.04.2024 से 31.03.2025 | 14 | 14 |
| 4 | श्री राजीवा - कार्यपालक निदेशक | 16.08.2024 से 31.03.2025 | 11 | 11 |
| 5 | श्री कमल प्रसाद पटनायक – पूर्व आरबीआई नामित निदेशक | 01.04.2024 से 12.12.2024 | 7 | 7 |
| संविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक | 1,69,01,280 |

l) कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण

| | |
|---|---|
| दिनांक 01.04.2024 तक लंबित शिकायतों की संख्या | 5 |
| कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या | 4 |
| वर्ष के दौरान निराकृत शिकायतों की संख्या | 7 |
| दिनांक 31.03.2025 को लंबित शिकायतों की संख्या | 2 |

m) बैंक की कोई सहायक कंपनी नहीं है।

**n) विवेकाधीन आवश्यकताओं का अनुपालनः**

बैंक ने सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की अनुसूची V के अनुसार लागू अज्ञापक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है। सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की अनुसूची II (विनियमन 27 (1)) के भाग-E के अनुसार विवेकाधीन अपेक्षाओं के कार्यान्वयन का विस्तार-क्षेत्र इस प्रकार है :

| क्र. सं. | विवेकाधीन अपेक्षाएं | कार्यान्वयन की स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | **बोर्ड** – गैर कार्यकारी अध्यक्ष, सूचीबद्ध इकाई के व्यय पर अध्यक्ष के कार्यालय को अनुरक्षित करने का पात्र है तथा उसे अपने कर्तव्य-निर्वहन में वहन किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति की भी अनुमति है। | डॉ. चरन सिंह, गैर-कार्यपालक अध्यक्ष, कार्यकाल पूरा होने पर दिनांक 06.11.2024 को सेवानिवृत्त हो गए हैं। दिनांक 31.03.2025 तक बैंक के बोर्ड में कोई गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नहीं है। |
| 2. | **शेयरधारकों का अधिकार** - विगत छह माह की महत्वपूर्ण घटनाओं के सारांश सहित वित्तीय कार्य-निष्पादन की अर्धवार्षिक घोषणा, शेयरधारकों को भेजी जाए। | तिमाही/ अर्धवार्षिक/ वार्षिक वित्तीय परिणाम शेयर बाजारों को प्रेषित किए जाते हैं, प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित कराया जाता है तथा शेयरधारकों के सूचनार्थ बैंक वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/ पर भी प्रदर्शित किए जाते हैं। |
| 3. | **लेखापरीक्षा रिपोर्ट में संशोधित मत** – कंपनी, असंशोधित लेखापरीक्षा मत वाली वित्तीय विवरणी की व्यवस्था का चयन कर सकती है। | लेखा परीक्षकों ने बैंक की वित्तीय विवरणी पर असंशोधित राय व्यक्त की है। |
| 4. | **अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक अथवा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अलग-अलग पद** - सूचीबद्ध इकाई, अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक अथवा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर अलग-अलग व्यक्तियों को नियुक्त कर सकती है ताकि अध्यक्ष<br>a) एक गैर-कार्यकारी निदेशक होगा; तथा<br>b) कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत परिभाषित शब्द "संबंधी" की परिभाषा के अनुसार प्रबंध निदेशक अथवा मुख्य कार्यपालक अधिकारी से संबंधित नहीं होगा। | पंजाब एण्ड सिंध बैंक में अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अलग-अलग पद हैं। तथापि, गैर-कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. चरन सिंह के दिनांक 06.11.2024 को कार्यकाल पूरा होने पर सेवानिवृत्त होने के पश्चात गैर-कार्यपालक अध्यक्ष का पद रिक्त है। |
| 5. | **आंतरिक लेखापरीक्षक की रिपोर्टिंग** – आंतरिक लेखापरीक्षक सीधे लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट कर सकते हैं। | निरीक्षण विभाग द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट सीधे लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। |

**o) कंपनी अभिशासन आवश्यकताओं के अनुपालन का प्रकटीकरण :**

| पंजीकरण सं. | शीर्षक/ संक्षिप्त वर्णन | अनुपालन स्थिति |
|---|---|---|
| 17 व 17 A | निदेशक-मंडल | बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 के अंतर्गत हमारा बैंक तदनुरूप नया बैंक है। शेयरधारक निदेशक के अतिरिक्त बैंक के समस्त निदेशक, अधिनियम की धारा 9 (3) के अनुसार केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त/ नामित हैं।<br><br>डॉ. चरन सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त, बैंक के बोर्ड में कोई स्वतंत्र महिला निदेशक भी नहीं है।<br><br>बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित है।<br><br>बोर्ड विचार-विमर्श का अधिकांश समय बैंक की व्यावसायिक रणनीति और निष्पादन, अनुपालन, अभिशासन और जोखिम प्रोफाइल पर व्यतीत किया किया जाता है।<br><br>बोर्ड की कार्य पद्धति में पारदर्शिता और स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाती है। |
| 18 | लेखापरीक्षा समिति | निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बैंक, बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति गठित करने की स्थिति में नहीं है। |
| 19 | नामांकन और पारिश्रमिक समिति | नामांकन और पारिश्रमिक समिति की संरचना और संदर्भ की शर्तें, आरबीआई निर्देशों/दिशानिर्देशों द्वारा अभिशासित होती हैं।<br><br>भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार नामांकन और पारिश्रमिक समिति, अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत निदेशकों के रूप में चयनित होने वाले व्यक्तियों की 'उचित और उपयुक्त' स्थिति के निर्धारण के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया करती है। बैंक के पास समिति का गठन करने के लिए पर्याप्त संख्या में निदेशक नहीं हैं। |
| 20 | हितधारक संबंध समिति | अनुपालन किया गया। |
| 21 | जोखिम प्रबंधन समिति | निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बैंक, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति गठित करने की स्थिति में नहीं है। |
| 22 | विजिल तंत्र | अनुपालन किया गया। |
| 23 | संबद्ध पक्षकार लेनदेन | अनुपालन किया गया। |
| 24 | सूचीबद्ध इकाई की अनुषंगी के संबंध में कंपनी अभिशासन अपेक्षाएं | लागू नहीं। |
| 24 A | सचिवालय लेखापरीक्षा | अनुपालन किया गया। |
| 25 | स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में बाध्यताएं | अनुपालन किया गया। |
| 26 | वरिष्ठ प्रबंधन, प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों, निदेशकों तथा प्रवर्तकों सहित कार्मिकों के संबंध में बाध्यताएं | अनुपालन किया गया। |
| 27 | अन्य कंपनी अभिशासन अपेक्षाएं | अनुपालन किया गया। |
| 46 (2) (b) से (i) | वेबसाइट | अनुपालन किया गया। |

**9) अदावी लाभांश:**

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की शर्तों के अनुसार बैंक को संबंधित असंदत्त लाभांश लेखा में अंतरित लाभांश राशि जो अंतरण की तिथि से सात वर्ष की अवधि के लिए असंदत्त/अदावाकृत हैं, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) में अंतरित करना आवश्यक है:

| क्र.सं. | अदावी लाभांश का विवरण | दिनांक 31.03.2025 को शेष |
|---|---|---|
| 1 | लाभांश 2021-22 | 7,04,611.53 |
| 2 | लाभांश 2022-23 | 7,92,669.24 |
| 3 | लाभांश 2023-24 | 2,73,060.60 |

**10) बैंक द्वारा जारी बॉण्ड हेतु डिबेंचर ट्रस्टी निम्नलिखित है:**

बॉण्डधारकों के लिए ट्रस्टी

| IDBI trustee<br>IDBI Trusteeship Services Ltd | AXIS TRUSTEE | VISTRA ITCL |
|---|---|---|
| आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड<br>यूनीवर्सल इंश्योरेंस बिल्डिंग,<br>भू-तल, सर पी एम रोड,<br>फोर्ट मुंबई, महाराष्ट्र – 400 001<br>दूरभाष संख्या 022-40807000,<br>ई-मेल: itsl@idbitrustee.com | एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज़ लिमिटेड<br>एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग मिल परिसर,<br>पांडुरंग बुद्धकर मार्ग<br>वर्ली, मुंबई - 400 025<br>दूरभाष: +91 22 62260054/ 6226 0050<br>ई-मेल:<br>debenturetrustee@axistrustee.in | विस्त्रा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड<br>द आईएल एण्ड एफएस वित्तीय केंद्र<br>प्लॉट संख्या सी-22,<br>जी ब्लॉक, छठा तल<br>बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स<br>बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051<br>दूरभाष : +91 22 69300000<br>फैक्स : +91 22 28500029<br>ई-मेल : mumbai@vistra.com |

**11) निलंब खाते में आबंटितीयों के अदावी शेयरों के संबंध में स्थिति रिपोर्ट (31.03.2025):**

| क्र. सं. | विवरण | एनएसडीएल<br>IN301330-21335661 | सीडीएसएल<br>1601010000399414 |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्ष के आरंभ में पीएसबी अदावी उंचत खाते में रखे हुए शेयरों की संख्या | 1172 | 1230 |
| 2. | शेयर अंतरण के लिए संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या तथा उन शेयरधारकों की संख्या जिनके शेयरों को उंचत खाते से अंतरित किया गया | -- | -- |
| 3. | वर्ष के अंत में पीएसबी अदावी उंचत खाते में रखे हुए शेयरों की संख्या | 1172* | 1230* |

* प्रमाणित किया जाता है कि इन शेयरों पर मताधिकार, उक्त शेयरों के वास्तविक स्वामी द्वारा दावा किए जाने तक अवरोधित रहेंगे।

12) 31 मार्च, 2025 तक शेयरधारिता पैटर्न :

| क्र. सं. | श्रेणी | शेयरधारकों की संख्या | शेयरों की संख्या | इक्विटी का % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत के राष्ट्रपति | 1 | 6659051093 | 93.85 |
| 2 | समाशोधनकर्ता सदस्य | 9 | 899 | - |
| 3 | अन्य निगमित निकाय | 330 | 6915611 | 0.10 |
| 4 | हिंदू अविभक्त परिवार | 4746 | 2106656 | 0.03 |
| 5 | म्युच्युअल फंड | 12 | 2011330 | 0.03 |
| 6 | राष्ट्रीयकृत बैंक | 12 | 131631282 | 1.85 |
| 7 | गैर-राष्ट्रीयकृत बैंक | 3 | 11988531 | 0.17 |
| 8 | अनिवासी भारतीय | 712 | 1186604 | 0.02 |
| 9 | अनिवासी(गैर-प्रत्यावर्तनीय) | 764 | 658824 | 0.01 |
| 10 | जनता | 196464 | 66586717 | 0.94 |
| 11 | न्यास | 10 | 157586 | 0.00 |
| 12 | बीमा कंपनियां | 11 | 141205372 | 1.99 |
| 13 | निगमित निकाय-लिमिटेड देयता साझेदारी | 15 | 324957 | 0.00 |
| 14 | अदावी शेयर्स | 2 | 2402 | - |
| 15 | एफपीआई (कॉरपोरेट)- I | 20 | 52073231 | 0.73 |
| 16 | वैकल्पिक निवेश निधि - I | 1 | 6515506 | 0.09 |
| 17 | आरबीआई के साथ पंजीकृत एनबीएफसी | 1 | 6000 | 0.00 |
| 18 | वैकल्पिक निवेश निधि - III | 4 | 9121817 | 0.13 |
| 19 | एफपीआई (कॉरपोरेट) - II | 1 | 1188 | - |
| 20 | प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी | 2 | 4039614 | 0.06 |
| **कुल** | | **203120** | **7095585220** | **100.00** |

13) कंपनी सचिव से इस आशय का प्रमाण-पत्र कि निदेशक मंडल के किसी भी निदेशक को बोर्ड/ कॉरपोरेट कार्य के मंत्रालय या किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखे जाने से वंचित अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है, प्राप्त किया गया है तथा नीचे उपलब्ध कराया गया है।

**R S KATHURIA & Co.**
**Company Secretaries**
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55 & 67, Chawala Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com

**निदेशकों के गैर-अयोग्यता का प्रमाण पत्र**
**(सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 34 (3) तथा अनुसूची V, अनुच्छेद सी, खंड (10) (i) के अनुसरण में)**

सदस्य
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
बैंक हाउस, 21, राजेंद्र प्लेस
नई दिल्ली -110008

हमने, पंजाब एण्ड सिंध बैंक जिसका कॉरपोरेट कार्यालय एनबीसीसी कार्यालय परिसर, प्रथम तल, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली – 110023 (यहाँ इसके बाद 'बैंक' के रूप में संदर्भित) में है, के प्रासंगिक रजिस्टर, अभिलेखों, फॉर्म, विवरणियों तथा निदेशकों से प्राप्त प्रकटनों की जांच की है जिन्हें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 की अनुसूची V, अनुच्छेद सी, उप खंड (10) (i) के साथ पठित विनियमन 34 (3) के अनुसरण में इस प्रमाण-पत्र को जारी करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

हमारे विचार से तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और यथा आवश्यक माने गए सत्यापनों (पोर्टल www.mca.gov.in पर निदेशकों की पहचान संख्या (DIN) की स्थिति सहित) एवं बैंक व उसके अधिकारियों द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम एतद द्वारा प्रमाणित करते हैं कि नीचे बताए गए अनुसार बैंक के बोर्ड के किसी भी निदेशक को 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, कॉरपोरेट मामले मंत्रालय या ऐसे किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने या जारी रखे जाने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री स्वरूप कुमार साहा | प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी |
| 2 | श्री रवि मेहरा | कार्यपालक निदेशक |
| 3 | श्री राजीवा | कार्यपालक निदेशक |
| 4 | सुश्री एम जी जयश्री | गैर कार्यपालक - नामित निदेशक |
| 5 | श्री आर पी गुप्ता | गैर कार्यपालक - स्वतंत्र निदेशक |
| 6 | श्री विवेक श्रीवास्तव | गैर कार्यपालक - नामित निदेशक |

नियुक्ति की पात्रता सुनिश्चित करने/बोर्ड में प्रत्येक निदेशक को जारी रखने का उत्तरदायित्व बैंक प्रबंधन का है। हमारा दायित्व है कि हम अपने सत्यापन के आधार पर इन पर विचार प्रकट करें। यह प्रमाण-पत्र, भविष्य में न तो बैंक की व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है जिससे प्रबंधन, बैंक संबंधी व्यवसाय करता है।

कृते आर एस कथूरिया एण्ड कंपनी
कंपनी सचिव

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29 अप्रैल, 2025

आर. एस. कथूरिया
प्रोपराइटर
एफसीएस 5217; सीपी संख्या : 3112
यूडीआईएन : F005217G000223886

**सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अंतर्गत कंपनी अभिशासन की शर्तों के अनुपालन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र**

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सदस्यों हेतु**

हमारे द्वारा यथासंशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (एतदपश्चात "सूचीबद्धता विनियम" के रूप में संदर्भित) के अनुसार 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा कंपनी अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की गई है।

कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का दायित्व है। हमारी जांच, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा कंपनी अभिशासन के प्रमाणन पर जारी मार्गदर्शन नोट के अनुसार की गई थी और यह कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक द्वारा अंगीकृत प्रक्रियाओं और उसके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही बैंक की वित्तीय विवरणियों के विषय में हमारा अभिमत है।

हमारे अभिमत और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित के अतिरिक्त बैंक ने यथा संशोधित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 तथा यथा संशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 का खंडन नहीं किए जाने की सीमा तक सूचीबद्धता विनियम में अनुबद्ध अनुसार समस्त महत्वपूर्ण पहलुओं में कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है:

a) सूचीबद्धता विनियम द्वारा अपेक्षित अनुसार बैंक के बोर्ड में कोई स्वतंत्र महिला निदेशक तथा अध्यक्ष नहीं है।
b) बैंक के बोर्ड में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) (e), 9 (3) (f), 9 (3) (g) के अंतर्गत एक-एक निदेशक तथा धारा 9 (3) (h) के अंतर्गत पाँच निदेशकों के पद रिक्त थे।
c) दिनांक 12.05.2024 से 30.08.2024 तक और दिनांक 21.12.2024 से 31.03.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, बैंक ने दिनांक 21.04.2025 से बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का गठन किया है।
d) दिनांक 12.05.2024 से 05.06.2024 तक और दिनांक 21.12.2024 से 31.03.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, बैंक ने दिनांक 21.04.2025 से बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है।
e) दिनांक 01.04.2024 से 05.06.2024 तक और दिनांक 31.08.2024 से 31.03.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन नहीं किया जा सका।

यह प्रमाण-पत्र, बैंक के सदस्यों को संबोधित है तथा उन्हें केवल कंपनी अभिशासन से संबंधित सूचीबद्धता विनियम की अपेक्षाओं को समझने में सक्षम करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है तथा इसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति अथवा अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार, हम किसी अन्य उद्देश्य अथवा किसी अन्य व्यक्ति जिसे यह प्रमाण-पत्र दिखाया गया है या जिनके पास हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना यह प्रमाण-पत्र हो सकता है, के लिए कोई दायित्व या विधिक कर्तव्य स्वीकार अथवा या ग्रहण नहीं करते हैं। प्रमाण-पत्र के जारी होने के पश्चात होने वाली किसी भी घटना या परिस्थिति के लिए इस प्रमाण-पत्र को अद्यतित करने की हमारी कोई जवाबदेही नहीं है।

हमारा यह भी अभिकथन है कि इस प्रकार का अनुपालन न तो भविष्य में बैंक की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही प्रबंधन द्वारा बैंक कार्यों के संचालन की दक्षता या प्रभावशीलता से संबंधित है।

| | |
|---|---|
| **एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी**<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन : 000346N<br><br>**(सनदी लेखाकार प्रतीक गुप्ता)**<br>साझेदार<br>एम सं. 566023<br>यूडीआईएन: 25566023BMOURJ7800 | **गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स**<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन : 001466N<br><br>**(सनदी लेखाकार विनय सर्राफ)**<br>साझेदार<br>एम सं. 087262<br>यूडीआईएन: 25087262BMKQMR6204 |

| | |
|---|---|
| **ओ. पी. तोतला एण्ड कंपनी**<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन : 000734C<br><br>**(सनदी लेखाकार नवीन कुमार सोमानी)**<br>साझेदार<br>एम सं. 429100<br>यूडीआईएन : 25429100BMKSQJ6711 | **एनबीएस एण्ड कंपनी**<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन : 110100W<br><br>**(सनदी लेखाकार प्रदीप शेट्टे)**<br>साझेदार<br>एम. सं. 046940<br>यूडीआईएन : 25046940BMLNAK9807 |

दिनांक : 29 अप्रैल, 2025
स्थान : नई दिल्ली

**निदेशक मंडल**
**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
**नई दिल्ली**

**आदरणीय महोदय,**

**विषय : भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 की अनुसूची-V के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घोषणा।**

यह घोषणा की जाती है कि बैंक के समस्त बोर्ड सदस्यों और उच्च प्रबंधन कार्मिकों ने शेयर बाज़ारों के साथ किए गए सूचीयन करार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 की अनुसूची-V के अनुसरण में 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है। उक्त आचार संहिता को बैंक वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/ पर भी प्रदर्शित किया गया है।

कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.04.2025

**(स्वरूप कुमार साहा)**
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

निदेशक मंडल
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
नई दिल्ली

आदरणीय महोदय,

**विषयः वर्ष 2024-25 के लिए सीएफओ/ सीईओ प्रमाणीकरण।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के अनुपालन प्रमाण-पत्र की अनुसूची-II कंपनी अभिशासन भाग-बी के अनुसरण में हम एतदद्वारा प्रमाणित करते हैं कि :

(A) हमने वर्ष के वित्तीय विवरणियों तथा नगदी प्रवाह विवरणी की समीक्षा की है तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार :

1) इन विवरणों में तात्विक रूप से कोई असत्य विवरण अंतर्विष्ट नहीं है या इनमें किसी महत्वपूर्ण/ तात्विक तथ्य का लोप नहीं किया गया है या इनमें ऐसे विवरण अंतर्विष्ट नहीं है जो भ्रामक हो।

2) ये अभिकथन/विवरण कुल मिलाकर बैंक के कार्यकलापों का सही एवं निष्पक्ष/स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं और ये विद्यमान लेखा-मानकों, प्रयोज्य विधियों एवं विनियमों के अनुपालन में हैं।

(B) हमारी जानकारी व विश्वास के अनुसार, वर्ष के दौरान बैंक द्वारा ऐसा कोई संव्यवहार नहीं किया गया है जो कपटपूर्ण, अवैध हो या जिनसे बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन हुआ हो।

(C) हम वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने की व उन्हें बनाए रखने का दायित्व स्वीकार करते हैं तथा हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में बैंक के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है तथा इस प्रकार के आंतरिक नियंत्रणों के स्वरूप व प्रचालन संबंधी कमियों (यदि कोई हो), जो हमारे संज्ञान में है, के संबंध में और इन कमियों को दूर करने के जो उपाय किए हैं या प्रस्तावित है, के संबंध में लेखापरीक्षकों तथा लेखापरीक्षा समिति को प्रकटीकरण कर दिया है।

(D) हमने लेखा परीक्षकों तथा लेखापरीक्षा समिति को निम्न के विषय में अवगत कराया है :

1) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक नियंत्रण में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन;
2) वर्ष के दौरान लेखा नीतियों में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन तथा इसका प्रकटीकरण वित्तीय विवरणियों के नोट में किया गया है; तथा
3) हमारे संज्ञान में आए कपट के महत्वपूर्ण दृष्टांत तथा उसमें प्रबंधन या किसी कार्मिक की संलिप्तता, यदि कोई हो, जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग में बैंक की आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका हो।

| | | |
|---|---|---|
| | कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक | कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक |
| स्थान : नई दिल्ली | (अर्नब गोस्वामी) | (स्वरूप कुमार साहा) |
| दिनांक : 29.04.2025 | मुख्य वित्तीय अधिकारी | प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी |

| | |
|---|---|
| मैसर्स एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी<br>सनदी लेखाकार<br>31-एफ, कनॉट प्लेस, रेडियल रोड नंबर-7<br>नई दिल्ली-110001 | मैसर्स गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स<br>सनदी लेखाकार<br>142, सेक्टर-3, त्रिकुटा नगर,<br>जम्मू-180012 |
| मैसर्स ओ. पी. तोतला एण्ड कंपनी<br>सनदी लेखाकार<br>302, अलंकार प्वाइंट, गीता भवन स्क्वेयर<br>इंदौर-452001 (मध्यप्रदेश) | मैसर्स एनबीएस एण्ड कंपनी<br>सनदी लेखाकार<br>14/2, वेस्टर्न इंडिया हाउस, सर पी.एम. रोड<br>फोर्ट, मुंबई-400001 |

**स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट**

सेवा में
पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सदस्य

अभिमत

1. हमने **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** ('बैंक') की वित्तीय विवरणियों की लेखा-परीक्षा की है जिनमें 31 मार्च, 2025 का तुलन-पत्र तथा इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए बैंक के लाभ-हानि खाते तथा नकदी प्रवाह विवरणी तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों सहित वित्तीय विवरणियों पर नोट्स और अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है जिनमें उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 20 शाखाएं और कोष विभाग तथा शाखाओं के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 398 शाखाएं और 42 कार्यालय/ प्रसंस्करण केंद्र के विवरण शामिल हैं। हमारे द्वारा लेखापरीक्षित और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखाओं का चयन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक के लिए जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। वित्तीय विवरणियों में उन 1192 शाखाओं की विवरणियां भी शामिल हैं जिनका लेखापरीक्षण नहीं किया गया है। इन अलेखापरीक्षित शाखाओं से अग्रिम का 21.08 प्रतिशत, जमाराशियों का 43.54 प्रतिशत, ब्याज आय का 15.16 प्रतिशत और ब्याज व्यय का 35.05 प्रतिशत भाग संबंधित है।

2. हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उपरोक्त वित्तीय विवरणियां, बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949, यथा संशोधित ('अधिनियम') द्वारा यथा आवश्यकतानुसार बैंक के अनुरूप जानकारी देती हैं और यह भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं और:

    a) टिप्पणियों के साथ पठित तुलन-पत्र एक पूर्ण और निष्पक्ष तुलन-पत्र है जिसमें सभी आवश्यक विवरण शामिल हैं, 31 मार्च, 2025 को बैंक के क्रियाकलापों की स्थिति का सही और निष्पक्ष दृश्य प्रदर्शित करने के लिए समुचित रूप से तैयार किया गया है;
    b) टिप्पणियों के साथ पठित लाभ और हानि खाता, उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ का वास्तविक संतुलन प्रदर्शित करता है ; और
    c) नकदी प्रवाह विवरणी, उक्त तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए सत्य तथा वास्तविक नकदी प्रवाह प्रस्तुत करती है।

**अभिमत का आधार**

3. हमने अपना लेखापरीक्षण, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखापरीक्षण मानकों ("एसए") के अनुसार किया है। उक्त मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों को विस्तारपूर्वक हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण अनुभाग की लेखापरीक्षा के लिए लेखा-परीक्षकों की जवाबदेही में आगे वर्णित किया गया है। हम, आईसीएआई द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता के साथ-साथ नैतिक अपेक्षाओं जो सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप तैयार वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षण के लिए प्रासंगिक हैं जिसमें आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक, बैंककारी विनियम अधिनियम 1949 की धारा 29 के प्रावधान और भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र व दिशानिर्देश शामिल हैं, के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं तथा हमने इन आवश्यकताओं तथा नैतिक आचार संहिता के अनुसार अपनी सभी नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य, लेखापरीक्षा संबंधी मत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

**महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले**

4. वर्तमान वर्ष के लिए वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा में महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले, वे मामले हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में प्रस्तुत किया गया था तथा उस पर विचार तैयार करने में हमने इन मामलों पर कार्रवाई की है तथा इन मामलों में हम अलग से कुछ विचार उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित करने के लिए बैंक के महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामलों का निर्धारण किया है जिनका विवरण इस प्रकार है -

| महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा मामले | लेखापरीक्षा में हमारे मामले के संबंध में किस प्रकार कार्रवाई की गई |
|---|---|
| अग्रिम – वर्गीकरण और प्रावधान<br><br>(लेखांकन नीति संख्या 3 के साथ पठित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 9 का संदर्भ लें)<br><br>अग्रिमों को अर्जक तथा अनर्जक (एनपीए) अग्रिमों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और उन पर प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित/ जारी आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण, प्रावधानीकरण और अन्य प्रासंगिक निर्देशों/ दिशानिर्देशों (विवेकपूर्ण मानदंड) के अनुसार किया जाता है। वर्गीकरण और प्रावधान, बैंक के कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) के साथ एकीकृत आईटी सॉफ्टवेयर द्वारा किए जाते हैं। विवेकपूर्ण मानदंडों के अंतर्गत एनपीए के प्रावधान का विस्तार मुख्य रूप से इसके काल-प्रभावन और रेखांकित प्रतिभूति की प्रतिलब्धता पर आधारित है।<br><br>प्रतिभूति के मूल्यांकन में उच्च परिमाण के प्राक्कलन और निर्णय अंतर्भूत होने के कारण विवेकपूर्ण मानदंडों के किसी भी अनुचित अनुप्रयोग या प्रतिभूति के त्रुटिपूर्ण मूल्य पर विचार करने की स्थिति में, अग्रिमों का वहन मूल्य, व्यक्तिशः या समग्रतः तात्विक रूप में गलत हो सकता है और वित्तीय विवरणों में अग्रिमों की राशि अर्थात कुल आस्ति का 60.13% के महत्व को ध्यान में रखते हुए, अग्रिमों के वर्गीकरण और उस पर प्रावधान को हमारे लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना गया है। | हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया :<br><br>हमने आस्तियों के वर्गीकरण एवं इसके प्रावधान के संबंध में बैंक के सॉफ्टवेयर, परिपत्रों, दिशानिर्देशों और आरबीआई के दिशा-निर्देशों, बैंक के आंतरिक निदेशों व प्रक्रियाओं और अन्य संबंधित नियामक या अन्य प्राधिकरण/ निकायों की जानकारी प्राप्त की है तथा निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रिया अंगीकृत की है :<br><br>- अग्रिम निगरानी, पहचान/वर्गीकरण, प्रासंगिक डाटा गुणवत्ता के परीक्षण सहित ऋण न्यूनता का मूल्यांकन और सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट/ विद्यमान वास्तविक डाटा की समीक्षा के संबंध में सिस्टम नियंत्रण और अन्य प्रमुख आंतरिक नियंत्रण तंत्र की प्रभावशीलता का मूल्यांकन और परीक्षण।<br><br>- किसी भी अग्रिम खाते में अतिदेय, असंतोषजनक आचरण या अशक्ति का पता लगाने के लिए वृहत एवं दबावग्रस्त अग्रिमों की नमूना जांच के आधार पर प्रलेखीकरण, परिचालनों/ निष्पादनों का सत्यापन/ समीक्षा और अग्रिम खातों की निगरानी, ताकि हमारे द्वारा लेखापरीक्षित शाखाओं/ कार्यक्षेत्र के संबंध में, आरबीआई के विवेकपूर्ण मानदंड के अनुसार इनका वर्गीकरण सुनिश्चित हो सके। शाखा सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं के संबंध में, हमें उनकी रिपोर्टों पर विश्वास है।<br><br>- किसी प्रतिकूल संकेत/ टिप्पणी वाले अग्रिमों का पता लगाने के लिए ऋण लेखापरीक्षा, निरीक्षण लेखापरीक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा, विनियामक लेखापरीक्षा और किसी भी अन्य लेखापरीक्षा/ निरीक्षण तंत्र की रिपोर्टों की समीक्षा और इस प्रकार के अग्रिमों का उचित वर्गीकरण और उनका प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए बैंक के नियंत्रण तंत्र की समीक्षा।<br><br>- प्रणाली/सीबीएस में प्रगति और प्रावधान का उचित वर्गीकरण सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण मानदंड स्वचालन की प्रभावशीलता पर बाहरी एजेंसी की रिपोर्ट की समीक्षा।<br><br>लेखापरीक्षा के दौरान जहां भी उचित समझा गया, आवश्यकतानुसार परिवर्तन/ सुधार किए गए तथा जहां भी आवश्यक हुआ, लेखापरीक्षा के अंतर्गत वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों में इसके प्रभाव को विधिवत रूप से शामिल किया गया। |

| | |
|---|---|
| निवेश – मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान तथा अनर्जक निवेशों के लिए प्रावधान<br><br>(लेखांकन नीति संख्या 2 के साथ पठित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 8 का संदर्भ लें)<br><br>बैंक के निवेश संविभाग में सरकारी प्रतिभूतियों, बॉण्ड्स, ऋण पत्र, शेयरों, प्रतिभूति प्राप्तियों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश सम्मिलित है जिन्हें तीन वर्गों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है यथा परिपक्वता तक धारित (एचटीएम), बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस) तथा लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) जिसमें लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य की उप-श्रेणी के रूप में व्यापार हेतु धारित (एचएफटी) शामिल है।<br><br>निवेशों का मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों (एनपीआई) की पहचान और आय का तदनुरूपी अस्वीकरण और उन पर प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित परिपत्रों/ दिशानिर्देशों/ निर्देशों के अनुसार किए जाते हैं। उपरोक्त प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन, आरबीआई द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों यथा एफबीआईएल दर, बीएसई/ एनएसई पर उद्धृत दर, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण, प्रतिभूति पावती के प्रकरण में एनएवी इत्यादि से डाटा/ सूचना का संग्रहण सम्मिलित है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार, कतिपय निवेश ऐसे होते हैं जिनका मूल्यांकन, बाज़ार मूल्य पर किया जाता है तथापि कतिपय निवेश, मूल्यांकन पद्धतियों पर आधारित होते हैं जिनमें अंतर्निहित पूर्वानुमान वाले सांख्यिकीय प्रतिमान, वित्तीय विवरणों के आधार पर मूल्यांकन के लिए मूल्य का प्राक्कलन इत्यादि सम्मिलित होते हैं। इसलिए, इन निवेशों के मूल्यांकन के लिए ज्ञात मूल्य, वास्तविक प्रतिनिधि नहीं हो सकते है वरन वर्तमान तिथि में निवेश का उचित मूल्यांकन मात्र हो सकता है। इसलिए निवेश के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और आगे वित्तीय विवरणों में निवेश की राशि अर्थात कुल आस्तियों का 28.99% के महत्व के मद्देनजर, इसे हमारे लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना गया है। | हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया :<br><br>आरबीआई परिपत्रों/ दिशानिर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में रूपरेखा की समीक्षा और परीक्षण, आंतरिक नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता और मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेश के अभिनिर्धारण, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में विशेष्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसमें विशेष रूप से –<br><br>- हमने, मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेश के अभिनिर्धारण, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रासंगिक दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित प्रणाली तथा आंतरिक नियंत्रण का मूल्यांकन किया है तथा उसे समझा है।<br><br>- हमने इन निवेशों का उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और उनका मूल्यांकन किया है।<br><br>- निवेश के चयनित नमूने (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर निवेश की समस्त श्रेणियों को शामिल करते हुए) के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों/ निर्देशों के अनुसार प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनर्निष्पादन मूल्यांकन करके आरबीआई मास्टर परिपत्रों और निर्देशों के अनुसरण में सटीकता और अनुपालन का परीक्षण किया है।<br><br>- हमने, एनपीआई के अभिनिर्धारण की प्रक्रिया तथा आय के तदनुरूप व्युत्क्रमण और प्रावधान के सृजन का निर्धारण और मूल्यांकन किया है।<br><br>- हमने, सृजित किए जाने वाले प्रावधान की स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना के लिए मूलभूत लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं कार्यान्वित की हैं।<br><br>लेखापरीक्षा के दौरान यथास्थान आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं और लेखापरीक्षा के अंतर्गत वर्ष के लिए वित्तीय वक्तव्यों में इसके प्रभाव को विधिवत रूप से शामिल किया गया है। |
| सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण<br><br>बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणालियां, कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) और सीबीएस से संबद्ध या स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कामकाज पर अत्यधिक निर्भर हैं।<br><br>हमारा केंद्रित क्षेत्र, प्रणाली में प्रदाय किए जाने वाले तर्क, डाटा की शुचिता और विश्वसनीयता, अभिगम प्रबंधन और कर्तव्यों के पृथक्करण से संबंधित हैं। ये अंतर्निहित सिद्धांत | हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया<br><br>- व्यवसाय प्रक्रिया की विभिन्न श्रेणियों के लिए बैंक द्वारा अपनाई गई कोडिंग प्रणाली को समझना।<br><br>- परीक्षण जांच के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण अनुप्रयोग, अभिगम नियंत्रण सहित सीबीएस नियंत्रणों के अभिकल्प, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा करना। |

| | |
|---|---|
| महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि अनुप्रयोगों और डाटा में परिवर्तन उपयुक्त, प्राधिकृत, परिमार्जित एवं परिवीक्षित हैं जिससे प्रणाली, सटीक एवं विश्वसनीय रिपोर्ट/ विवरणी और अन्य वित्तीय एवं गैर-वित्तीय जानकारी प्रदान करे जिनका उपयोग वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए किया जाता है।<br><br>वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं, दैनिक आधार पर व्यापक परिमाण में कार्य करती हैं और विविध और जटिल लेनदेन को संसाधित करती हैं जो आईटी प्रणालियों पर अत्यधिक निर्भर हैं।<br><br>एक जोखिम यह है कि स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाएं एवं संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को यथार्थतः परिकल्पित नहीं किया गया हो और प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर रहे हों, तथा हो सकता है कि डाटा को सही ढंग से प्रविष्ट, संसाधित और उत्पन्न/निष्कर्षित नहीं किया गया हो।<br><br>उपरोक्त को मद्देनज़र इसे हमारी लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा मामले के रूप में माना गया है। | - प्रणाली में डाटा प्रविष्टि को समझना तथा बैंक में विद्यमान आईटी प्रणाली से वित्तीय जानकारी और विवरणियां निकालने की प्रक्रिया की जांच करना।<br><br>- बैंक के विनियम/ नीति में किसी भी परिवर्तन की आवश्यकताओं की जांच करना तथा आईटी में उसके कॉन्फिगरेशन/प्रभाव की जांच करना।<br><br>- नमूना आधार पर प्रणाली द्वारा तैयार की गई रिपोर्टों की समीक्षा करना।<br><br>- आईएस लेखापरीक्षा, प्रणाली संगत लेखापरीक्षा और प्रमुख टिप्पणियों पर रिपोर्ट की समीक्षा तथा प्रमुख आईटी नियंत्रणों के अनुपालन के विषय में आईटी विभाग के साथ विचार-विमर्श।<br><br>- आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान मानदंडों तथा निवेश मूल्यांकन/ वर्गीकरण इत्यादि के आईटी अनुप्रयोग/ समाधान सहित आईटी प्रणाली/ नियंत्रण के विषय में आईटी विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श और उनकी रिपोर्ट की समीक्षा।<br><br>इसमें निरंतर सुधार हो रहा है। प्रणाली से इनपुट/ आउटपुट डाटा की कमियों को नियंत्रित करने के लिए इसकी प्रभावकारिता को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। |

**मामले की प्रमुखता**

5. हम वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट संख्या 14 (i) की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जो पारिवारिक पेंशन में संशोधन के कारण अनुमानित अतिरिक्त देयता के परिशोधन के संबंध में है जोकि ₹236.84 करोड़ है। जैसा कि इसमें कहा गया है, बैंक ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के दौरान लाभ और हानि खाते में ₹47.37 करोड़ की राशि प्रभारित की है तथा ₹47.37 करोड़ की अशोधित व्यय राशि को आरबीआई परिपत्र संख्या आरबीआई/2021-22/105 डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांकित 04 अक्टूबर, 2021 के अनुसार आगे बढ़ाया गया है।

उपरोक्त मामले के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**वित्तीय विवरणों तथा उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अतिरिक्त जानकारी**

6. अन्य जानकारियों के लिए बैंक का निदेशक मंडल उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कंपनी अभिशासन रिपोर्ट सम्मिलित है जिसे हमने इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट को जारी करने के समय प्राप्त की थी। अन्य जानकारी में अपेक्षित अनुलग्नकों (परंतु इसमें वित्तीय विवरणियां और उस पर हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है) जिसे इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें उपलब्ध कराया जाना प्रत्याशित है, सहित निदेशकों की रिपोर्ट भी समाविष्ट है।

वित्तीय विवरणियों पर हमारा अभिमत अन्य जानकारियों तथा बासल III के अंतर्गत स्तंभ 3 प्रकटीकरण को शामिल नहीं करता है तथा हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन एवं निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणियों की हमारे लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त चिह्नित की गई अन्य जानकारियों का अध्ययन करना है तथा ऐसा करते समय विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी, वित्तीय विवरणियां या लेखापरीक्षा में संज्ञान में आई हमारी जानकारी के साथ तात्विक रूप से असंगत है या अन्यथा तात्विक रूप से असंगत प्रतीत होते हैं।

लेखापरीक्षक की इस रिपोर्ट की तिथि से पूर्व प्राप्त अन्य जानकारी पर हमने जो कार्य किया है, यदि उसके आधार पर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी में वस्तुगत त्रुटि है तो उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है। इसके अतिरिक्त, इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात हमें उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य जानकारी के अध्ययन में यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कोई महत्वपूर्ण मिथ्या कथन है तो हमें इस मामले को अभिशासन प्रभारी को सूचित करना आवश्यक है।

**वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और अभिशासन प्रभारी के उत्तरदायित्व**

7. बैंक का निदेशक मंडल, इन वित्तीय विवरणों को आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानकों और बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों व दिशानिर्देशों सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप तैयार करने के लिए उत्तरदायी है जो बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन तथा नगदी प्रवाह की वास्तविक तथा उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं। इस उत्तरदायित्व में बैंक आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं से बचने और धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए बनाए गए अधिनियम के प्रावधानों; उपयुक्त लेखांकन नीति का चयन तथा अनुप्रयोग; विवेकपूर्ण एवं तर्कसंगत अनुमान एवं आकलन करना और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा बनाना, कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण, जिन्हें लेखांकन रिकार्ड की पूर्णता एवं सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से परिचालित किया जा रहा था जो वित्तीय विवरणियों को तैयार करने एवं प्रस्तुतीकरण से संबंधित थे और जो वास्तविक एवं उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण महत्वपूर्ण गलत विवरण से मुक्त हैं, के अनुसरण में उपयुक्त लेखांकन अभिलेखों को अनुरक्षित करना भी शामिल है।

वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने में, लाभकारी कारोबार वाली संस्था के रूप में जारी रखने के लिए बैंक की क्षमता का आकलन करने, प्रकटन, जैसा भी लागू है, संस्था की निरंतरता से संबंधित मामलों तथा जब तक प्रबंधन लेखांकन का संस्था की निरंतरता के आधार पर प्रयोग न करें, चाहे वह बैंक का परिसमापन या परिचालन बंद करना चाहते हों या ऐसा करने के अलावा और कोई विकल्प न हो, का मूल्यांकन करने के लिए प्रबंधन उत्तरदायी है।

**वित्तीय विवरणी की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व**

8. हमारा उद्देश्य इस विषय में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वित्तीय विवरण, समग्र रूप से धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण महत्वपूर्ण मिथ्या विवरणों से मुक्त है और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारा अभिमत भी शामिल है। तर्कसंगत आश्वासन, उच्च स्तर का आश्वासन है परंतु यह गारंटी नहीं है कि मानक लेखांकन (एसएएस) के अनुरूप की गई लेखापरीक्षा में हमेशा गलत विवरण, यदि कोई हो, का पता लगा लिया जाएगा। गलत विवरण, धोखाधड़ी या त्रुटि की वजह से हो सकते हैं तथा उन्हें गंभीर माना जाएगा, यदि अलग-अलग या समग्र रूप से इन वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय पर्याप्त रूप से प्रभावित होते हैं।

मानक लेखांकन (एसएएस) के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर आकलन करते हैं और पेशेवर संशयात्मकता बनाए रखते हैं। इसके साथ ही हम :

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिम, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, की पहचान एवं मूल्यांकन करते हैं, इन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी लेखापरीक्षा प्रक्रिया को तैयार एवं निष्पादित करते हैं और हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप दिए गए गंभीर गलत विवरणों की जांच न करने का जोखिम त्रुटिवश दिए गए गलत विवरण की अपेक्षा उच्चतर होता है क्योंकि धोखाधड़ी में षड्यंत्र, जालसाजी, इरादतन की गई चूक, मिथ्या प्रस्तुति या आंतरिक कानून के विरुद्ध कार्य करना शामिल हो सकते हैं।

- लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की जानकारी प्राप्त करना ताकि वर्तमान परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की रूपरेखा बनाई जा सके।

- उपयोग में लाई गई लेखांकन पद्धतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन प्राक्कलन और संबंधित प्रकटन के औचित्य का मूल्यांकन करना।

- संस्था की निरंतरता के आधार पर लेखांकन संबंधी प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता और प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा के साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसे मामलों या स्थितियों से संबंधित कोई अनिश्चितता है जो बैंक को संस्थागत निरंतरता को जारी रखने में महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न करती है, यदि हम महत्वपूर्ण अनिश्चितता के विद्यमान होने का निष्कर्ष निकालते हैं या उक्त प्रकटन हमारी राय को संशोधित करने में अपर्याप्त हो तो वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन हेतु हमें, हमारे लेखा परीक्षक

की रिपोर्ट में इस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहिए। हमारे निष्कर्ष, हमारे लेखा परीक्षक को रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखांकन साक्ष्यों पर आधारित है तथापि, भविष्य की घटनाएं या मामले बैंक की संस्थागत निरंतरता को रोकने के कारण हो सकते हैं।

- प्रकटन सहित वित्तीय विवरण की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषय-वस्तु का मूल्यांकन और वित्तीय विवरण में अंतर्निहित संव्यवहारों और मामलों को उचित प्रकार प्रस्तुत करने के तरीके का मूल्यांकन करना।

परिमाण (मेटेरिएलिटी), वित्तीय विवरणों में गलत जानकारी का स्तर है जो अकेले या समग्र रूप से ऐसी स्थिति पैदा करने की संभावना रखता है कि वित्तीय विवरणों के पर्याप्त जानकार प्रयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम, (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य की व्यापकता की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में तथा (ii) एकल वित्तीय विवरणों में चिह्नित गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने में मात्रात्मक महत्ता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य विषयों के साथ लेखापरीक्षा की नियोजित स्वरूप एवं समय-सीमा तथा हमारी लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में चिह्नित किसी महत्वपूर्ण अनियमितताओं सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों से अभिशासन प्रभारी को सूचित करते हैं।

हम अभिशासन प्रभारी को इस विवरण से भी सूचित करते हैं कि हमने निष्पक्षता संबंधी सभी प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का तथा उनसे संपर्क करने के लिए सभी संबंधों व अन्य मामलों जो हमारी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकते हैं और संबंधित रक्षा उपायों, जहाँ भी लागू है, का अनुपालन किया है।

अभिशासन प्रभारी के साथ संप्रेषित मामलों से, हमने उन मामलों को निर्धारित किया है जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरण में लेखापरीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखा संबंधी मामले हैं। इन मामलों को हम हमारी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में दर्शाते हैं, यदि कोई विधि या विनियम इस मामले के सार्वजनिक प्रकटीकरण को प्रतिबंधित न करें या जब हम यह तय करते हैं, बहुत ही कम परिस्थितियों में कि इन्हें हमारी रिपोर्ट में व्यक्त नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से जनहित लाभों से अधिक ऐसी सूचना के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं।

**अन्य मामले**

9. हमने, बैंक के वित्तीय विवरणों में समाविष्ट 398 शाखाओं तथा 42 कार्यालयों/ प्रसंस्करण केंद्रों की वित्तीय विवरणी/ जानकारी की लेखापरीक्षा नहीं की है जिनकी वित्तीय विवरणी/ जानकारी, दिनांक 31.03.2025 को ₹22,980.28 करोड़ की कुल आस्तियां तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए ₹1046.35 करोड़ के कुल राजस्व दर्शाते हैं जैसा कि इन वित्तीय विवरणियों में सुविचारित है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरण/ जानकारी की लेखापरीक्षा, शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है जिसकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है तथा इन शाखाओं के संबंध में समाविष्ट राशि और प्रकटीकरण से संबंधित हमारा अभिमत पूर्ण रूप से ऐसे शाखा लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर आधारित है।

10. हम इस तथ्य पर ध्यान आकर्षित करते हैं कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए संबंधित आंकड़े, बैंक के पूर्व में जारी किए गए वित्तीय विवरणों पर आधारित हैं, जिनका लेखापरीक्षा दो पूर्ववर्ती लेखा परीक्षकों मेसर्स चतुर्वेदी एण्ड कंपनी एलएलपी और मेसर्स मनोहर चौधरी एण्ड एसोसिएट्स के साथ-साथ दो वर्तमान लेखा परीक्षकों मेसर्स एस पी चोपड़ा एण्ड कंपनी और मेसर्स गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स द्वारा किया गया था जिन्होंने उन वित्तीय विवरण दिनांकित 10.05.2024 पर असंशोधित राय अभिव्यक्त की थी।

उक्त मामले के संबंध में हमारे अभिमत को आशोधित नहीं किया गया है।

**अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट**

11. बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तुलन-पत्र तथा लाभ एवं हानि खाते तैयार किए गए हैं;

12. उपर्युक्त अनुच्छेद 7 से 10 में निर्दिष्ट लेखापरीक्षा संबंधी सीमाओं के अधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की अपेक्षाओं के अनुसार और इसमें अपेक्षित प्रकटन की सीमाओं के भी अधीन और बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 30 की उपधारा (3) की अपेक्षाओं के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

a) हमने अपने लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु आवश्यक सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, वे हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हैं और उन्हें संतोषजनक पाया गया है;

b) हमारी जानकारी में आए हुए बैंक के लेनदेन, बैंक के विवेकाधिकार में हैं ; और

c) बैंक के कार्यालयों तथा शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ, हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु पर्याप्त हैं।

13. "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति - एससीए के लिए रिपोर्टिंग अपेक्षाएं" पर पत्र संख्या डीओएस. एआरजी. नंबर 6270/08.91.001/2019-20 आरबीआई द्वारा जारी दिनांकित 17.03.2020 की अपेक्षानुसार, हम उपर्युक्त पत्र के अनुच्छेद 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

a) हमारे अभिमत में, उपरोक्त वित्तीय विवरण आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं होने की सीमा तक आईसीएआई द्वारा जारी प्रयोज्य लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

b) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई पर्यवलोकन या टिप्पणी नहीं है जो बैंक के कार्यकरण पर कोई विपरीत प्रभाव डालते हों।

c) चूंकि बैंक, कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के अंतर्गत बैंक के निदेशक होने की निरर्हता, बैंक के लिए अप्रयोज्य है।

d) खातों के प्रबंधन और तत्संबंधी अन्य मामलों के संबंध में कोई विशिष्टता, संदेह या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

e) वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के अनुलग्नक - ए में दी गई है जो 31 मार्च, 2025 के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के विषय में असंशोधित अभिमत व्यक्त करती है।

14. हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि :

a) हमारे अभिमत में, विधि द्वारा यथा अपेक्षित खाता बहियां उचित रूप से बैंक में रखी गई हैं और जिन शाखाओं का हमने दौरा नहीं किया है, इन बहियों की जांच से जहाँ तक प्रतीत होता है उनसे प्राप्त विवरणियां हमारे लेखापरीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त हैं;

b) इस रिपोर्ट में प्रस्तुत तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाता और नगदी प्रवाह विवरण हमारे द्वारा निरीक्षण नहीं किए गए शाखाओं से प्राप्त खाता बहियों और विवरणियों से मेल खाते हैं;

c) बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अंतर्गत बैंक के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा निरीक्षित किए गए शाखा कार्यालयों की लेखा रिपोर्ट हमें प्रेषित की गई है तथा इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा उन्हें उचित रूप से व्यवहृत किया गया है; और

d) हमारे अभिमत में तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाते और नगदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखांकन मानकों का, आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप होने की सीमा तक अनुपालन करते हैं।

| | |
|---|---|
| कृते **एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी**<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन : 000346N<br><br><br>(सीए. प्रतीक गुप्ता)<br>साझेदार<br>एम. नं. 566023<br>यूडीआईएन: 25566023BMOURI3177 | कृते **गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स**<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन : 001466N<br><br><br>(सीए. विनय सर्राफ)<br>साझेदार<br>एम. नं. 087262<br>यूडीआईएन: 25087262BMKQMQ2449 |
| कृते ओ.पी. तोतला एण्ड कंपनी<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन: 000734C<br><br><br>(सीए. नवीन कुमार सोमानी)<br>साझेदार<br>एम. नं. 429100<br>यूडीआईएन: 25429100BMKSQK4232 | कृते एनबीएस एण्ड कंपनी<br>सनदी लेखाकार<br>एफआरएन: 110100W<br><br><br>(सीए. प्रदीप शेट्टी)<br>साझेदार<br>एम. नं. 046940<br>यूडीआईएन: 25046940 BMLNAI7539 |

दिनांक : 29 अप्रैल, 2025
स्थान : नई दिल्ली

## स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक "ए"

**(पंजाब एण्ड सिंध बैंक की सम तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुच्छेद 13 (च) के अंतर्गत "अन्य विधिक तथा विनियामकीय आवश्यकताओं पर रिपोर्ट" का संदर्भ लें।)**

**भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") के पत्र डीओएस.एआरजी. संख्या 6270/08.91.001/2019-20 दिनांकित 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित) ("आरबीआई संसूचना") द्वारा आवश्यक वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता पर रिपोर्ट**

हमने, संबंधित तारीख को समाप्त वर्ष के लिए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** ("बैंक") की वित्तीय विवरणियों के हमारे लेखापरीक्षा से संयोजन में 31 मार्च, 2025 को बैंक की वित्तीय विवरण के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का लेखापरीक्षा किया है जिसमें चयनित बैंक शाखाओं की वित्तीय विवरणियों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भी शामिल है।

### आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने तथा उसके अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार होगा जो "भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्य क घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण" पर आधारित है। इन उत्तरदायित्व में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का निर्माण, कार्यान्वयन तथा रखरखाव शामिल होगा जो उसके कारोबार के व्यवस्थित तथा दक्ष परिचालन को सुनिश्चित करते हुए प्रभावी रूप से परिचालित बनाए हुए था। इस उत्तरदायित्व में बैंक की नीतियों का पालन, बैंक आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ियों एवं त्रुटियों की रोकथाम और पहचान, लेखांकन अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता तथा बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 के अंतर्गत तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र और दिशानिर्देशों द्वारा यथा आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की यथासमय उपक्रम भी शामिल है।

### लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणी के संबंध में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अपनी राय व्यक्त करें। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर निर्देशन नोट ("गाइडेंस नोट") तथा आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन पर मानक (एसए), प्रयोज्य सीमा तक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के अनुसरण में अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों तथा उक्त निर्देशन नोट के अनुसार यह आवश्यक है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें तथा इस विषय में पर्याप्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखापरीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरणी के सं बंध में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित व अनुरक्षित किया गया है और यदि ऐसे सभी नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण पक्षों में प्रभावी ढंग से परिचालित है।

हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता तथा उनकी परिचालन प्रभावशीलता के विषय में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है। वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना, जोखिम का मूल्यांकन करना कि कोई महत्वपूर्ण दोष विद्यमान है तथा मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण व मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रिया, लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर होगी जिसमें धोखाधड़ी या गलती के कारण वित्तीय विवरणियों की महत्वपूर्ण त्रुटि के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है।

हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं और शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा नीचे दिए गए अन्य मामले से संबंधित अनुच्छेद में संदर्भित उनकी रिपोर्ट के अनुरूप जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए गए हैं, वित्तीय विवरणों के संबंध में बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा पर हमारी लेखापरीक्षा अभिमत के लिए पर्याप्त और समुचित आधार प्रदान करते हैं।

### वित्तीय विवरणों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अभिप्राय

वित्तीय विवरणी के संबंध में किसी बैंक की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के विषय में पर्याप्त आश्वासन प्रदान करने तथा सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसरण में बाह्य उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणी तैयार करने के प्रयोजन से अभिकल्पित किया गया है। वित्तीय विवरणी के संबंध में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियाँ तथा प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं जो (1) उन

अभिलेख के रखरखाव से संबधित हैं जो पर्याप्त विस्तार से बैंक की आस्तियों के संव्यवहार और निपटान को यथार्थतः व निष्पक्ष रूप में दर्शाते हैं; (2) पर्याप्त आश्वासन प्रदान करें कि सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणियाँ तैयार करने को संभव बनाने के लिए यथा आवश्यक संव्यवहारों को दर्ज किया गया है तथा बैंक की प्राप्तियाँ तथा व्यय, बैंक के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार ही किए जा रहे हैं तथा (3) बैंक आस्तियों के अप्राधिकृत अर्जन, उपभोग या निपटान की रोकथाम या यथासमय पता लगाने के संबंध में पर्याप्त आश्वासन प्रदान करें जिनका वित्तीय विवरणियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

**वित्तीय विवरणों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं**

मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबंधन के नियंत्रणों पर हावी होने सहित वित्तीय विवरणों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाओं के कारण त्रुटि से या धोखाधड़ी के कारण गंभीर गलत विवरणी की प्रस्तुति हो सकती है तथा ऐसा भी संभव है कि उनका पता न लगाया जा सके। साथ ही, भविष्य की अवधियों के लिए वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी मूल्यांकन का पूर्वानुमान इस जोखिमों के अधीन है कि वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर न्यून हो सकता है।

अभिमत

हमारे अभिमत में, तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी में एवं हमें प्रस्तुत स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामले से संबंधित अनुच्छेद में संदर्भित शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आलोक के आधार पर बैंक ने वित्तीय विवरणी के संबंध में समस्त महत्वपूर्ण पक्षों पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा है तथा वित्तीय विवरणों के संदर्भ में इस प्रकार के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, "भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर निर्देशन नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के लिए मापदंड" के आधार पर 31 मार्च, 2025 को प्रभावी रूप से कार्यरत है।

अन्य मामले

हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट, जहाँ तक 398 शाखाओं और 42 कार्यालयों/ प्रसंस्करण केंद्रों की वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता से संबंधित है, वह उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखापरीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित है।

इस मामले के संदर्भ में हमारी राय को आशोधित नहीं किया गया है।

| | |
|---|---|
